✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 126 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से सीएम सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री राहत कोष में 30 करोड़ रूपये का चेक सौंपते स्वास्थ्य मंत्री निशांत

## संक्षिप्त समाचार

### बुडको ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया तीन करोड़ का चेक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में आई बाढ़ के मद्देनजर प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बुडको) ने तीन करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में सौंपा। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह तथा बुडको के एमडी अनिमेष कुमार पराशर उपस्थित थे।

### प्रवर्तन अवर निरीक्षक के ठिकानों पर इओयू के छापे

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने कैमूर परिवहन विभाग के मोहनिया चेक पोस्ट पर तैनात प्रवर्तन अवर निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता के खिलाफ केस दर्ज कर छापेमारी शुरू की है। आर्थिक अपराध इकाई के अनुसार जांच में प्रथम दृष्टया उनकी ज्ञात आय के वैध स्रोतों से 1.49 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति अर्जित करने के साक्ष्य मिले हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक सामने आये संपत्ति के आंकड़े उनकी ज्ञात आय से करीब 148.10 फीसदी अधिक हैं।

### स्कूल का सीढ़ी ध्वस्त होने से छात्रा की मौत, तीन घायल

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले मानसी थाना क्षेत्र के अमनी गांव स्थित जटाधर मिश्र प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला में अचानक सीढ़ी ध्वस्त हो गई। सीढ़ी के मलबे में दबने से एक 9 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव में जुट गए। मृत छात्रा की पहचान रितिका कुमारी के रूप मे हुई है।

### इग्नू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 अक्टूबर को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जुलाई 2026 सत्र में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 11 अक्टूबर को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा वस्तुनिष्ठ और सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। पटना में यह प्रवेश परीक्षा के लिए मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय में होगी। पटना केन्द्र से लगभग 36 विषयों में 150 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र पटना के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ई. कृष्णराव ने बताया कि परीक्षा के लिए केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

बिहार की सम्राट कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# रोहतास-कैमूर के 21644 घरों को बिजली ग्रिड से जोड़ा जायेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 30 एजेंडों पर मुहर लगी है। बैठक में हरित ऊर्जा से लेकर कानून-व्यवस्था और सड़क निर्माण तक कई फैसले लिए गए। बिहार हरित हाइड्रोजन नीति-2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी दी गई। इसके अलावा 30 नए वाटर कैनन और 86 वज्र वाहन खरीदने का फैसला हुआ। राज्य में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन और इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए बिहार हरित हाइड्रोजन नीति-2026 के ड्राफ्ट को मंजूरी मिली है। सरकार की ओर से पहले भी इस नीति के तहत निवेश और



रोजगार की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 30 नए वाटर कैनन खरीदे जाएंगे। इसके साथ ही 8 नए वाहन भी खरीदे जाएंगे। इन खरीद के लिए कुल 62.52 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। राज्य के संग्रहालयों में 35 पदों पर अस्थायी नियुक्ति को मंजूरी मिली है। नियमित नियुक्ति होने तक इन पदों को संविदा या निविदा के आधार पर भरा जाएगा। कैमूर और रोहतास के 177 गांवों के 21,644 घरों को बिजली ग्रिड से जोड़ा जाएगा। इसके लिए आरडीएसएस के तहत पहले से स्वीकृत योजना की लागत में संशोधन किया गया है। योजना की लागत 117.80 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 361.86 करोड़ रुपये कर दी गई है। वजन और माप से जुड़े नियमों को लागू करने के लिए बिहार विधिक माप विज्ञान नियमावली-2026 को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही वजन-माप से जुड़े नियमों के प्रवर्तन के लिए संशोधन नियमावली-2026 को भी मंजूरी मिली है। पटना के बहादुरपुर सेक्टर-6 स्थित बिहार राज्य आवास बोर्ड की जर्जर कॉलोनी का पुनर्विकास किया जाएगा। इसके लिए एनबीसीसी (इंडिया) लि. के साथ एमओयू करने की मंजूरी दी गई है। टीवी टावर के पास बहादुरपुर सेक्टर-5 में आवास बोर्ड की 8.5 एकड़ जमीन है। यहां स्व-वित्तपोषित परियोजना विकसित की जाएगी। परियोजना के लिए एनबीसीसी के साथ एमओयू किया जाएगा। इससे जुड़े जरूरी फैसले लेने के लिए बिहार राज्य आवास बोर्ड को अधिकृत किया (शेष पृष्ठ 10 पर)

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराएं हरसंभव सहायता : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को पश्चिम चंपारण जिले के बगहा, बैरिया प्रखंड के बथना, योगापी प्रखंड के मच्छरगांवा एवं नौतन प्रखंड के शिवराजपुर, बनकटवा तथा आस-पास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एरियल सर्वे कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही सारण जिले के मकेर प्रखंड अन्तर्गत हैजलपुर पंचायत क्षेत्र में टूटे हुये तटबंध का भी ऐरियल सर्वे किया। पटना से पश्चिम चंपारण आने के क्रम में उन्होंने नदियों के जलस्तर एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भी हवाई सर्वेक्षण किया। एरियल सर्वे के पश्चात् मुख्यमंत्री ने बैरिया प्रखंड के बथना स्थित पीएम श्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में संचालित बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक रसोई, चिकित्सा शिविर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पशु राहत शिविर, पशु शेड तथा महिलाओं एवं पुरूषों के लिए की गई आवासन व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक रसोई में स्वयं लोगों को भोजन परोसा। उन्होंने शिविर में संचालित अस्थायी आंगनबाड़ी बाल शिविर का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। चिकित्सा शिविर में उपलब्ध दवाओं एवं उपचार की व्यवस्था का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोग अपनी समस्याओं एवं जरूरतों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराएं ताकि उन्हें तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। इसके बाद (शेष पृष्ठ 10 पर)

# डूबने से मां-बेटी समेत पांच की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुजफ्फरपुर।** जिले के तुर्की थाना क्षेत्र में मवेशियों के लिए चारा और घर के लिए जलावन की लकड़ी लाने गईं चार महिलाएं नहर में डूब गईं। बताया जा रहा है कि नहर के पास महिलाएं घोंघा चुनने लगी थीं। इसी दौरान पानी की गहराई का अंदाजा नहीं होने के कारण चारों डूब गईं। हादसे में दो महिलाओं और एक किशोरी की मौत हो गई जबकि एक महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में मां-बेटी समेत एक पड़ोस की महिला शामिल है। मृतकों की पहचान तुर्की थाना क्षेत्र के छाजन गांव निवासी पूनम देवी (40), महिमा कुमारी (17) और कौशल्या देवी (36)के रूप में हुई है। वहीं सुरक्षित बाहर निकाली गई महिला की पहचान रेखा देवी के रूप में हुई है। मृतक और घायल सभी एक ही गांव के एक टोले के रहने वाले हैं। वहीं पारू प्रखंड के कुबौली ढाला गांव में बाढ़ पीड़ितों को निकालने के दौरान बड़ा नाव हादसा हो गया। बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को बाहर निकालने के दौरान नाव पलट गयी। नाव पर करीब आधा दर्जन लोग सवार थे। हादसे में दो बच्चों के डूबने की सूचना है। मृतकों की पहचान मुन्ना पासवान के पुत्र सनी कुमार और जय किशोर के पुत्र विकास कुमार के रूप में बतायी जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गयी।

# एनडीए की बैठक में विधान परिषद चुनाव की तैयारियों पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विधान परिषद की आठ सीटों पर होने वाले आगामी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए के घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विधान परिषद चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय, चुनावी रणनीति और घटक दलों के बीच बेहतर तालमेल को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रा.) के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. डीएन



सिन्हा, सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया तथा संजय गांधी सहित एनडीए के प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक के दौरान आगामी विधान परिषद चुनाव को लेकर सभी घटक दलों की तैयारियों की समीक्षा की गई। नेताओं ने चुनाव में एनडीए की साझा रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने, घटक दलों के संगठन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने और कार्यकर्ताओं के स्तर तक समन्वय को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। साथ ही सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार किया गया। बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए पूरी एकजुटता और मजबूती के साथ विधान परिषद चुनाव के मैदान में उतरने जा रहा है। घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय, मजबूत संगठनात्मक तालमेल और साझा रणनीति के साथ चुनाव की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। ख्द्ध सरावगी ने कहा कि एनडीए की कार्यशैली सामूहिक निर्णय, आपसी संवाद और समन्वय पर आधारित है। गठबंधन से जुड़े किसी भी विषय पर सभी घटक दलों के साथ विचार-विमर्श के बाद ही निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी घटक दल के नेता या कार्यकर्ता को किसी विषय को लेकर कोई समस्या या सुझाव हो तो वे संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी बात रख सकते हैं। संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना और सभी सहयोगी दलों को (शेष पृष्ठ 10 पर)

# डिवाइडर से टकराई कार, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बुधवार को दादी की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए झारखंड के बोकारो से पटना-बख्तियारपुर जा रहे परिवार की कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में सवार एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई जबकि एक युवक और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना अकबरपुर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव के पास हुई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान वैशाली के महनार निवासी पप्पू साव की पत्नी रूपा देवी(30) और बख्तियारपुर निवासी राजकुमार साव के बेटे लाल बाबू(30) के रूप में हुई है। घायल पप्पू कुमार और एक बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मंगलवार को रूपा की दादी का निधन हुआ था। बुधवार को अंतिम संस्कार होना था। इसी में शामिल होने के लिए परिवार के सदस्य रात में बोकारो से घर के लिए निकले थे। रात करीब तीन बजे परिवार के मोबाइल पर फोन आया कि रास्ते में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और दो लोगों की मौत हो चुकी है। खबर मिलते ही परिवार के लोग बदहवास होकर पटना से नवादा पहुंचे। लाल बाबू की शादी महज सात महीने पहले हुई थी। शादी के बाद घर में खुशियों का माहौल था लेकिन अचानक वही घर मातम में बदल गया। सात महीने पहले दुल्हन बनी लाल बाबू की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### बिहार के 30 हजार भूमिहीन परिवारों को मिलेगा बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के वैसे परिवार जिनके पास खुद की जमीन, खुद का घर नहीं है, उन्हें बसेरा देने की कवायद तेज कर दी गई है। राज्य में अभियान बसेरा-2 के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है। बिहार सरकार की ओर से 30 हजार भूमिहीन परिवारों को चिन्हित किया गया, जिन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 20 नवंबर को 30 हजार परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

# वरिष्ठ अधिकारी दीपक कुमार बने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी एवं मुख्यमंत्री प्रधान सचिव दीपक कुमार की जिम्मेदारी बदल दी है। उन्हें बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। दीपक कुमार लंबे समय तक मुख्यमंत्री सचिवालय में अहम भूमिका में रहे हैं। वह बिहार के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं। यह बदलाव मुख्यमंत्री सचिवालय के स्तर पर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक फ़ेरबदल माना जा रहा है। इस जिम्मेदारी के दौरान दीपक कुमार की सरकार के कई महत्वपूर्ण कामों में भूमिका रही। अब उनकी जिम्मेदारी बदल दी गई है। नई भूमिका में वह बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में काम करेंगे। दीपक कुमार का करियर करीब चार दशक के प्रशासनिक अनुभव से जुड़ा है। जिलाधिकारी से लेकर मुख्य सचिव तक उन्होंने कई स्तरों पर काम किया है।





राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
(1 अक्टूबर, 2026)

बिहार लोक भवन
पटना-800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर मैं राज्य के सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ।

बुजुर्गजन हमारे परिवार की सिर्फ नींव ही नहीं समाज एवं राष्ट्र के धरोहर भी हैं। उनके अनुभव और ज्ञान का विशाल भंडार सदैव नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करती है। हमारी संस्कृति में वृद्धजनों को पूजनीय मानते हुए सदैव उनका सम्मान करने की गौरवशाली परम्परा रही है। आधुनिकता एवं बदलती जीवनशैली के बीच भी हमारे बुजुर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सम्मान की रक्षा करना हम सभी का परम कर्त्तव्य है।

अतएव, आइए हम सभी इस अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के शुभ अवसर पर यह संकल्प लें कि हम अपने वरिष्ठजनों को केवल सुविधाएँ नहीं वरन समाज में सहभागिता एवं गरिमापूर्ण जीवन देंगे।

मैं प्रदेश के समस्त वरिष्ठजनों और बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करता हूँ।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.- 012736 (SWD)D. 2026-27

बिहार सरकार

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस
(1 अक्टूबर, 2026)

संदेश

आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर मैं राज्य के सभी सम्मानित बुजुर्गों एवं वरिष्ठ नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ।

वरिष्ठजन हमारे समाज की नींव और अनुभवों के जीवंत विश्वकोष है। उनके द्वारा पीढ़ियों से संजोए संस्कार, मार्गदर्शन एवं जीवनमूल्य ही हमारे विकास की वास्तविक पूँजी हैं। एक सभ्य समाज के विभिन्न आयामों में विकास इस बात से भी निर्धारित होती है कि उस समाज में वरिष्ठजनों को कितना सम्मान एवं सुरक्षा प्राप्त है।

हमारी सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, उनके उत्तम स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए निरंतर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। प्रत्येक माह की 10वीं तारीख को सभी प्रकार के पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में 1100/–रू0 प्रतिमाह भेजना सुनिश्चित किया जाना हमारे विभाग की संवेदनशीलता का ही परिचायक है।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस हमें याद दिलाता है कि हम सभी अपने वरिष्ठजनों के प्रति नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेवारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन हेतु संकल्पित हों। मैं इस अवसर पर सभी वरिष्ठजनों के सुदीर्घ, स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण जीवन की कामना करती हूँ। आशा है कि उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमारे समाज को सही दिशा दिखाती रहेगी।

(डा० श्वेता गुप्ता)
मंत्री,
समाज कल्याण विभाग, बिहार

PR No.- 012735 (SWD)D. 2026-27

# सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़, किसानों की समृद्धि का आधार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** अपने अध्ययन दौरे के क्रम में मालदीव पहुंचे बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान बिहार-झारखंड की वार्षिक आमसभा को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि किसानों और ग्रामीण समाज को संगठित एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रभावी माध्यम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिस्कोमान बिहार और झारखंड में कार्यरत प्रमुख बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं में शामिल है। कृषि आदानों की उपलब्धता, उर्वरक वितरण, किसान सेवा केंद्र, गोदाम और शीतगृह के माध्यम से संस्था किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सहकारिता को नई गति देने के लिए अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया है। 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य के तहत पैक्स के कंप्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय पैक्स, सहकारी भंडारण, कृषि विपणन और सहकारी संस्थाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी सहकारिता को प्राथमिकता दी जा रही है और हजारों पैक्स को डिजिटल एवं बहुउद्देशीय गतिविधियों से जोड़ा गया है। पैक्स के माध्यम से साझा सेवा केंद्र, उर्वरक वितरण, प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, बैंकिंग सेवाएं और भंडारण जैसी गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने बिस्कोमान को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात व्यवस्था से जोड़ने को किसानों के उत्पादों के लिए व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का अवसर बताया। उन्होंने संस्था से पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, आधुनिक तकनीक और किसान-केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सदस्यों और किसानों को वार्षिक आमसभा की शुभकामनाएं देते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## लहेरियासराय स्टेशन पर नमो भारत एवं जोगबनी-दानापुर इंटरसिटी का ठहराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 94803/94804 जयनगर-पटना - जयनगर नमो भारत रैपिड रेल एवं गाड़ी संख्या 13211/13212 जोगबनी-दानापुर-जोगबनी इंटरसिटी एक्सप्रेस का समस्तीपुर मंडल के लहेरियासराय स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 2 अक्तूबर 2026 से गाड़ी संख्या 94803 जयनगर-पटना नमो भारत रैपिड रेल 06.28 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 06.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि गाड़ी संख्या 94804 पटना-जयनगर नमो भारत रैपिड रेल 21.38 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 21.40 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 5 अक्तूबर 2026 से गाड़ी संख्या 13211 जोगबनी-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.01 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी तथा यहां से 10.03 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी जबकि गाड़ी संख्या 13212 दानापुर-जोगबनी इंटरसिटी एक्सप्रेस 10.43 बजे लहेरियासराय पहुंचेगी।

# जदयू की नीतियों से प्रेरित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहे : मंत्री श्रवण कुमार

### जदयू में शामिल हुए विनोद कुमार एवं दीपक कुमार को मंत्री श्री कुमार ने दिलायी सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार की उपस्थिति में समाजसेवी विनोद कुमार एवं दीपक कुमार ने मंगलवार को जदयू की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने सर्वमान्य नेता एवं विकास पुरुष नीतीश कुमार की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर जदयू में शामिल होने का निर्णय लिया है। मौके पर मंत्री श्री कुमार ने दोनों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि जदयू की विचारधारा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय की नीतियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा जनसेवा के कार्यों को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। श्रवण कुमार ने दोनों नवागंतुकों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की विचारधारा के अनुरूप जनता के बीच सक्रिय रहकर सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय सिंह उर्फ गांधीजी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, बासुदेव कुशवाहा तथा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# इंडी एलायंस की बैठक हारे हुए नेताओं का मिलन समारोह : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय संकुल प्रकोष्ठ के सह-संयोजक ऋतुराज सिन्हा ने इंडी एलायंस की बैठक पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने इस बैठक को जनता से नकारे और हारे हुए नेताओं का मिलन समारोह करार दिया है। सिन्हा ने विपक्ष के इस गठबंधन को बिना किसी नीति और विजन का कुनबा बताया।

ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि इस बैठक का देश या लोक-नीति से कोई सरोकार नहीं है। यह सिर्फ कांग्रेस के डूबते जहाज को सहारा देने और राहुल गांधी के विफल नेतृत्व को राजनीतिक ऑक्सीजन देने की एक और हताश कोशिश है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जब भी चुनाव नजदीक आता है, यह गठबंधन जनता के बीच जाने के बजाय अपनी नाकामी छुपाने का बहाना ढूंढने लगता है। विपक्ष चुनाव आयोग की संवैधानिक 'विशेष गहन संशोधन' प्रक्रिया और ईवीएम पर रोना रोने की अग्रिम बुकिंग कर लेता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा मान्य लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बदनाम करना अब विपक्ष का स्थायी एजेंडा बन चुका है। भानुमति के इस कुनबे में राजद के तेजस्वी यादव भी अपनी बची-खुची सियासी जमीन तलाश रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि जिनके पास अपने राज्य के विकास के लिए कोई विजन नहीं बचा, वे अब दिल्ली में बैठकर देश सुधारने का ढोंग कर रहे हैं। तेजस्वी यादव की राजनीति केवल तुष्टिकरण के भरोसे टिकी है और यह बैठक बिहार में उनकी खिसकती साख को बचाने का आखिरी मौका मात्र है। उन्होंने अंत में कहा कि न तो कांग्रेस के पास कोई स्पष्ट नीति है और न ही इंडी अलायंस में शामिल राजद जैसी क्षेत्रीय पार्टियों के पास कोई सही नीयत। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासवाद को चुन चुकी है और विपक्ष की इस नकारात्मक व अवसरवादी 'बहानेबाजी की सियासत' को सिरे से खारिज कर दिया है। जनता इंडी एलायंस के डूबते जहाज पर कभी भरोसा नहीं करेगी।

# बिहार के 483 कॉलेजों में ग्रेजुएशन कोर्स में शामिल होंगे एआई से जुड़े नए विषय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम को लागू कराने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर राज्यपाल और कुलाधिपति सैयद अता हसनैन द्वारा पाठ्यक्रम के प्रारूप को तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया है। बिहार लोक भवन के एक अधिकारी के मुताबिक आने वाले समय में सभी 483 अंगीभूत कालेजों में एआई एंड डाटा साइंस, रोबोटिक्स एंड आईओटी तथा बीएससी-एआई या बीसीए-एआई जैसे विषय पाठ्यक्रम के हिस्से होंगे। इसके अलावा विशेषज्ञों की कमेटी कई नए विषयों को पढ़ाने के लिए सुझाव देगी। राज्यपाल सचिवालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि देश के नामचीन प्रोफेशनल यूनिवर्सिटीज के सिलेबस के आधार पर जो पाठ्यक्रम का प्रारुप तय होगा। उसी के आधार पर विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग समेत अन्य एआई डिग्री पाठ्यक्रम को लागू किया जाएगा। स्नातक स्तर पर बीटेक, बीसीए, बीएससी और स्नातकोत्तर संकाय में एमटेक का सिलेबस एआई पर फोकस होगा। इसमें क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा माइनिंग और विजुअलाइजेन, बिग डेटा एनालिटिक्स, इंटेलिजेंट रोबोटिक्स, नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क और इंट्रोडक्शन टू एआई जैसे विषय एआइ पाठ्यक्रम में शामिल किए जाएंगे।

# बिहार के दो जिले बनेंगे टेक्सटाइल हब

### उद्योगों के नेटवर्क और रोजगार के अवसर का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई पहल कर रही है। निवेश को बढ़ावा देने के लिए इंवेस्टर्स से जुड़ी कई योजनाएं लाई जा रही है। ऐसे में राज्य के दो जिलों को टेक्सटाइल हब बनाने की तैयारी है। मुजफ्फरपुर और भागलपुर में उद्योगों को स्थापित किया जाएगा। इससे युवाओं के लिए उनके ही जिले में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मुजफ्फरपुर में लेदर, फुटवियर और टेक्सटाइल आधारित पार्क विकसित किया जा रहा है जबकि भागलपुर सिल्क उद्योग को आधुनिक टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जोड़ रहा है। मुजफ्फरपुर के महबल में 62.17 एकड़ इलाके में मेगा लेदर और फुटवियर एक्सेसरीज पार्क विकसित किया जा रहा है। यहां बैग, फुटवियर, लेदर और टेक्सटाइल से जुड़े उत्पादन यूनिट्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक टेक्सटाइल पार्क में हाई स्पिरिट कमर्शियल वेंचर्स की 43 हजार वर्गफुट की मॉडर्न उत्पादन यूनिट शुरू की गई है। मुजफ्फरपुर के बेला इंडस्ट्रियल एरिया और महबल में इंडस्ट्रियल शेडों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सिल्क सिटी के रूप में पहचान रखने वाला भागलपुर अब टेक्सटाइल के साथ बैग, फुटवियर और होजरी निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थापित करना नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, कौशल विकास और सहायक उद्योगों का नेटवर्क तैयार करना भी है। मुजफ्फरपुर की भौगोलिक स्थिति और भागलपुर की पारंपरिक टेक्सटाइल पहचान को देखते हुए इन दोनों औद्योगिक केंद्रों से बिहार के साथ पड़ोसी राज्यों और नेपाल-भूटान जैसे बाजारों तक तैयार उत्पाद पहुंचाने की संभावनाएं भी बढ़ रही हैं। गया के डोभी में विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) के पहले फेज को अक्टूबर के मध्य तक चालू करने का लक्ष्य है। बिहटा में विकसित ड्राईपोर्ट राज्य में तैयार होने वाले उत्पादों को देश के प्रमुख समुद्री बंदरगाहों और वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

## बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड की नई पहल : 2026 की परीक्षा के दस्तावेज डीजीलॉकर पर उपलब्ध कराने की योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड ने 2026 में होने वाली कक्षा 10 और 12 की परीक्षाओं से संबंधित दस्तावेजों को डीजीलॉकर पर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस पहल के तहत छात्र अपने अंक पत्र और प्रमाण पत्र डिजिटल रूप में प्राप्त कर सकेंगे। बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार 2026 की परीक्षाओं के अंक पत्र और प्रमाण पत्र जल्द ही डीजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। एक बार दस्तावेज जारी होने के बाद छात्र उन्हें इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक्सेस कर सकेंगे। दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद छात्र उन्हें अपने डिजिटल खातों में देख और सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकेंगे। डिजिटल दस्तावेजों की उपलब्धता छात्रों के लिए उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने में सहायक होगी। डीजीलॉकर पर स्टोर किए गए दस्तावेजों को जब भी आवश्यकता हो, एक्सेस किया जा सकता है। इससे दस्तावेजों के खोने, क्षति या प्रामाणिकता से संबंधित समस्याओं को कम किया जा सकेगा। कक्षा 10 और 12 के अंक पत्र और प्रमाण पत्र छात्रों की आगे की पढ़ाई के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं। ये दस्तावेज उच्च शिक्षा में प्रवेश, छात्रवृत्तियों, नौकरी के आवेदन और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक हो सकते हैं। डिजिटल प्रारूप में दस्तावेज होने से छात्रों को उन्हें आवश्यकतानुसार आसानी से एक्सेस करने में मदद मिलेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में मना जश्न

### संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा के संस्थान पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** मुंबई में आयोजित 'इंडियाज बेस्ट 100 इंस्टिट्यूट अवार्ड शो 2026' में बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026 सम्मान प्राप्त करने के बाद कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संचालक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा के संस्थान पहुंचते ही छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। डॉ. आनंद रंजन झा के पहुंचने पर संस्थान में विद्यार्थियों और स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद मुंबई से प्राप्त अवार्ड ट्रॉफियों और सम्मान-पत्रों का अनबॉक्सिंग किया गया। अवार्ड को सामने देखकर विद्यार्थियों और कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा संस्थान कुछ समय के लिए उत्सव एवं सेलिब्रेशन के माहौल में बदल गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अवार्ड ट्रॉफियों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और डॉ. आनंद रंजन झा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। संस्थान के सदस्यों ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान केवल संचालक की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का सम्मान है। गौरतलब है कि मुंबई में आयोजित समारोह में डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं कौशल विकास के क्षेत्र में योगदान के लिए 'बेस्ट इंस्टिट्यूट ऑफ 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया था। समारोह में मोटिवेशनल स्पीकर एवं ट्रेनर सोनू शर्मा, मोटिवेशनल स्पीकर शशिश कुमार तिवारी तथा हैलो डिजिटल इंडिया के निदेशक अमजद साठे सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। डॉ. आनंद रंजन झा ने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान पूरी कैरियर मिशन टीम और विद्यार्थियों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का उत्साह ही उन्हें शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## पूर्व मध्य रेल ने किया मात्र 182 दिनों में 100 मिलियन टन का माल लदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल ने माल लदान के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 01 अप्रैल से 29 सितंबर, 2026 तक मात्र 182 दिनों में 100.41 मिलियन टन माल लदान किया गया। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में किये गये लदान से 5.17 मिलियन टन अधिक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 अप्रैल से 29 सितम्बर, 2025 तक 95.24 मिलियन टन माल लदान किया गया था। वहीं, पिछले वित्तीय वर्ष में 100 मिलियन टन का आंकड़ा 10 अक्टूबर, 2025 को अर्थात 193 दिनों में हासिल किया गया था। इस प्रकार पूर्व मध्य रेल ने इस वर्ष 100 मिलियन टन का आंकड़ा 11 दिन पहले ही पार कर लिया है। माल लदान में हुई यह वृद्धि पूर्व मध्य रेल द्वारा बेहतर परिचालन प्रबंधन, मालगाड़ियों की सुचारू आवाजाही तथा ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही बेहतर माल परिवहन सुविधाओं को दर्शाती है। पूर्व मध्य रेल द्वारा माल लदान में निरंतर वृद्धि के लिए लोडिंग क्षमता के बेहतर उपयोग, मालगाड़ियों की औसत गति में सुधार, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा रेल परिवहन को अधिक सुविधाजनक एवं प्रतिस्पर्धी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पूर्व मध्य रेल की यह उपलब्धि भारतीय रेल के माल परिवहन को सुदृढ़ करने तथा देश की अर्थव्यवस्था के विकास में रेल की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वास्थ्य मंत्री की अपील, स्वस्थ और टीबी मुक्त बिहार बनाएं

### लोक भवन में 'टीबी मुक्त बिहार' पर उच्चस्तरीय संगोष्ठी आयोजित, राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बिहार लोक भवन, पटना में बुधवार को 'टीबी मुक्त बिहार' विषय पर उच्चस्तरीय विचार-विमर्श संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में टीबी की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार, मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच, नई उपचार तकनीकों और जनभागीदारी बढ़ाने पर चर्चा हुई। मरीजों को उपचार बीच में नहीं छोड़ने के लिए प्रेरित करने तथा उनकी जरूरतों के अनुरूप बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। टीबी से स्वस्थ हो चुके लोगों और फ्रंटलाइन स्वास्थ्यकर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार बिहार को टीबी मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने राज्यपाल के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 10 जून 2026 को अधिवेशन भवन में आयोजित 'टीबी मुक्त बिहार' कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा दिए गए सुझावों से विभाग को लाभ मिला था। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि टीबी की जांच एवं उपचार की सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। अगमकुआं, पटना स्थित यक्ष्मा प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र सहित दरभंगा, भागलपुर और आईजीआईएमएस, पटना में जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। पावापुरी में केंद्र निर्माणाधीन है। पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एसकेएमसीएच, डीएमसीएच, जेएलएनएमसीएच और एएनएमएमसीएच में ड्रग रेजिस्टेंट टीबी के नोडल केंद्र स्थापित किए गए हैं। अन्य सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में भी ऐसे केंद्र स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी 38 जिलों में जिला टीबी केंद्र संचालित हैं।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में राजभाषा पखवारा का समापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना द्वारा की गई। इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र कुमार यादव, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद, भारत मौजूद थे। समारोह का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ गणमान्य द्वारा पंचदीप प्रज्ज्वलन के साथ ही प्रीति पराशर, फिजियोथेरेपी चिकित्सक द्वारा श्रीगणेश वंदना गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉ. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा गृह मंत्री, भारत सरकार का संदेशवाचन, डा. सुजीत कुमार चौधरी, उप चिकित्सा अधीक्षक द्वारा श्रम मंत्री, भारत सरकार का संदेशवाचन, दीपक कुमार, सहायक निदेशक (वित्त) द्वारा श्रम सचिव, भारत सरकार का संदेशवाचन एवं उमेश प्रसाद, उप निदेशक (राजभाषा प्रभारी) द्वारा महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम का संदेशवाचन किया गया। मुख्य अतिथि वीरेन्द्र कुमार यादव ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि हिंदी को आज साहित्य से आगे ले जाने की आवश्यकता है। हिंदी को ज्ञान ही नहीं, विज्ञान की भाषा, शासन और प्रशासन की भाषा, न्याय और न्यायालय की भाषा बनाने की आवश्यकता है, तभी भारत के आंगन में नवान्न का उत्सव होगा और हिंदी की तुलसीदल पल्लवित होंगे। डा. सनोज कुमार, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा भी अध्यक्षीय भाषण में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ में पदस्थ सभी अधिकारियों / चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यालय कार्य हिन्दी में ही करने की अपील की गई और कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल को निरंतर विकासोन्मुख करने पर बल दिया गया। समारोह के दूसरे सत्र में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार / प्रमाण पत्र वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उमेश प्रसाद, उप निदेशक (राजभाषा प्रभारी), डा. सुजीत कुमार चौधरी, उप चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी), दीपक कुमार, सहायक निदेशक (वित्त) भी मंच पर उपस्थित थे। इस दौरान अनिल कुमार, प्रधान निजी सचिव द्वारा हास्य कविता से श्रोताओं का मनोरंजन किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान प्रस्तुति के साथ हुआ। विदित हो कि शिवशंकर सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं नवीन कुमार यादव, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने पूरे पखवाड़ा एवं समापन कार्यक्रम को एक अनुपम एवं उत्कृष्ट आयाम दिया। समारोह में मंच संचालन अनिल कुमार, प्रधान निजी सचिव द्वारा किया गया।

## विद्युत भवन, पटना में टीडीएस/टीसीएस प्रावधानों एवं अनुपालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** आयकर विभाग द्वारा विद्युत भवन, पटना में टीडीएस/टीसीएस विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अरविंद कुमार ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीडीएस/टीसीएस से संबंधित कर प्रावधानों की बेहतर समझ विकसित करना, कर अनुपालन को सुदृढ़ करना तथा वित्तीय कार्यप्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आयकर आयुक्त के. एल. कनक ने टीडीएस/टीसीएस से जुड़े महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इससे दैनिक कार्यालयी कार्य में कर अनुपालन एवं वित्तीय कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने टीडीएस/टीसीएस की आवश्यकता एवं महत्व, कर अनुपालन की प्रक्रिया, पारदर्शिता तथा वित्तीय प्रक्रियाओं से संबंधित विभिन्न प्रावधानों एवं व्यावहारिक विषयों पर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टीडीएस/टीसीएस प्रावधानों के सही अनुपालन, वित्तीय लेन-देन में आवश्यक सावधानियों तथा कर संबंधी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों की अकाउंट्स और फाइनेंस प्रशाखाओं के साथ क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

# बी.डी. कॉलेज में अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन

### रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज ने 3 स्वर्ण व 2 रजत पदकों के साथ जीती ओवरऑल चैंपियनशिप, बी.डी. कॉलेज रहा उपविजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित अंतर-महाविद्यालय बॉक्सिंग (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2026-27 का बुधवार को बी.डी. कॉलेज परिसर में भव्य एवं सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रिंग में खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन, जोश, अनुशासन और खेल भावना ने पूरे आयोजन को रोमांचक बना दिया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज ने कुल 3 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। मेजबान बी.डी. कॉलेज, पटना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण एवं 2 रजत पदकों के साथ रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। आरकेडी कॉलेज के लिए पुरुष वर्ग में 90+ किग्रा तथा 70-75 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक और 47-50 किग्रा में रजत पदक प्राप्त हुआ। महिला वर्ग में 48-51 किग्रा में स्वर्ण तथा 51-54 किग्रा में रजत पदक हासिल किया गया। अन्य मुकाबलों में सी.ओ.सी. कॉलेज ने पुरुष 51-54 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। टी.पी.एस. कॉलेज के खिलाड़ी ने 47-50 किग्रा, एस.यू. कॉलेज हिलसा के खिलाड़ी ने 50-60 किग्रा, नालंदा कॉलेज के खिलाड़ी ने 50-55 किग्रा, ए.एन. कॉलेज के खिलाड़ी ने 60-65 किग्रा तथा एस.जी.जी.एस. कॉलेज के खिलाड़ी ने 65-70 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महिला वर्ग में अरविंद महिला कॉलेज की खिलाड़ी ने 60-65 किग्रा में स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि 45-48 किग्रा वर्ग में रजत पदक प्राप्त हुआ। विभिन्न वजन वर्गों में अन्य महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए। खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम : प्रो. दिवाकर प्रसाद समापन समारोह को संबोधित करते हुए बी.डी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने का अवसर प्रदान करती हैं।

### डीएम ने जिले के 23 सरस्वती विद्या निकेतनों का किया निरीक्षण

# आत्मविश्वास के साथ परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के 23 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) का जिलाधिकारी द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों के लिए संचालित गतिविधियों तथा शिक्षण व्यवस्था का जायजा लेना रहा। इसी क्रम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन (शेरशाह सूरी इंटर स्कूल, सासाराम) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला, आइटीसी लैब, विभिन्न कक्षाओं एवं पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित शिक्षकों से प्रयोगशाला एवं अन्य सुविधाओं के उपयोग, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। आइटीसी लैब के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनके द्वारा प्राप्त की जा रही तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा की जानकारी ली गई। उन्होंने विद्यार्थियों को बदलते समय के अनुरूप तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों से उनके रुचि के विषयों, पढ़ाई की तैयारी तथा भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए गणित की कक्षा भी ली। उन्होंने बच्चों से गणित से संबंधित प्रश्न पूछे तथा विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तरों को सुना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, विषयों की बेहतर समझ विकसित करने तथा आत्मविश्वास के साथ परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में आयोजित होने वाली पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से अभिभावकों के साथ नियमित संवाद, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा तथा बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप सहयोग प्रदान किए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी रुचि के अनुरूप कौशल विकसित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान पर भी ध्यान दें। जिले के सभी 23 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में जिलाधिकारी द्वारा नामित जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों की स्थिति एवं निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी के आधार पर निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। तैयार प्रतिवेदन को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी, रोहतास के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# साइबर ठगी में फंसे 1.80 लाख में से 1.30 लाख रुपये वापस

### साइबर थाना की त्वरित कार्रवाई से 35 हजार रुपये और रिकवर, शेष राशि की बरामदगी का प्रयास जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर ठगी के शिकार लोगों को राहत दिलाने के लिए रोहतास साइबर थाना लगातार कार्रवाई कर रहा है। साइबर थाना कांड संख्या 11/25 में पुलिस ने ठगी के शिकार एक युवक को बड़ी राहत दिलाते हुए कुल 1 लाख 30 हजार रुपये वापस करा दिए हैं। ठगी की कुल राशि 1 लाख 80 हजार रुपये थी। साइबर थाना अध्यक्ष सह डीएसपी गौरव कुमार यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ितों की राशि वापस कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चेनारी थाना क्षेत्र के



भरंदुआ गांव निवासी मोहम्मद नाजिम आलम, पिता मोहम्मद इबरार अली, उम्र 39 वर्ष के साथ छह फरवरी 2025 को साइबर ठगी की घटना हुई थी। साइबर अपराधियों ने उनसे कुल 1 लाख 80 हजार रुपये की ठगी कर ली थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद साइबर थाना की टीम ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस के प्रयास से पूर्व में 95 हजार रुपये की राशि पीड़ित को वापस कराई जा चुकी थी। अब 35 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि भी रिकवर कर पीड़ित को लौटा दी गई है। इस तरह अब तक कुल 1 लाख 30 हजार रुपये पीड़ित को वापस मिल चुके हैं। पुलिस शेष 50 हजार रुपये की राशि की बरामदगी के लिए भी प्रयास कर रही है। साइबर थाना की कार्रवाई से पीड़ित को आर्थिक राहत मिली है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि साइबर अपराध से सतर्क रहें। किसी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग या ओटीपी संबंधी जानकारी साझा नहीं करें और साइबर ठगी की घटना होने पर तत्काल पुलिस या संबंधित साइबर हेल्पलाइन को सूचना दें, ताकि समय रहते ठगी की रकम को रोकने अथवा वापस कराने की कार्रवाई की जा सके।

## अकोढ़ीगोला बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, जेसीबी से तोड़े गए अवैध निर्माण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। प्रभारी अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार के नेतृत्व में जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। प्रशासन ने डिहरी-अकोढ़ीगोला रोड के दोनों ओर सरकारी जमीन पर बने सीढ़ी, चबूतरा, दुकान, रेलिंग आदि अवैध निर्माण को तोड़ा। प्रभारी सीओ ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा पथ योजना के तहत की जा रही है। इसके लिए 26 लोगों को पहले नोटिस दिया गया था। कार्रवाई के तहत चांदी रोड, राजपुर रोड और आयर कोठा रोड में भी अतिक्रमण हटाया जाएगा और पूरे बाजार को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। कार्रवाई शुरू होते ही कई लोगों ने खुद ही अपनी दुकान, रेलिंग और सीढ़ी हटा ली। कई पर कारवाई भी हुई। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

## मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने दर्ज कराए केस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में केस दर्ज कराया है। प्रथम पक्ष की जितनी देवी पति लालदेव चौधरी ने दिए आवेदन में बताया है कि जमीन की दीवार पर रखे बांस को हटाने को लेकर दूसरे पक्ष ने मारपीट की। इस मामले में मंजू कुमारी, ईश्वरी चौधरी, बालदेव चौधरी व कांति देवी को आरोपित बनाया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के बालदेव चौधरी ने आरोप लगाया है कि पहला पक्ष उसके घर के पीछे पेड़ पर चढ़कर करकट के ऊपर दारू छुपाता है। विरोध करने पर मारपीट की गई। इस मामले में लालदेव चौधरी, महेंद्र चौधरी व जितनी देवी को आरोपित बनाया गया है।

## डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को समापक भुगतान प्रदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा माह सितंबर-2026 में सेवानिवृत्त होने वाले रेलकर्मियों के लिए आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मीटिंग हॉल में कार्मिक विभाग द्वारा समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक सूरज कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले 11 रेलकर्मियों को उनके समस्त अभिलेखों के साथ विभिन्न मदों में देय कुल 5,55,42,228/- का समापक भुगतान प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का स्वागत



किया गया तथा समापक भुगतान की प्रक्रिया एवं विभिन्न देयकों का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल, वित्तीय सतर्कता एवं डिजिटल फ्रॉड से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। स्थानीय स्टेट बैंक शाखा के शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा विशेष रूप से सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्राप्त होने वाली राशि की सुरक्षा एवं सुरक्षित वित्तीय लेन-देन के प्रति जागरूक किया गया। समारोह में विभिन्न शाखाधिकारी, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, सेवानिवृत्त रेलकर्मी तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में आंगन मिलन उत्सव आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सेवा संकल्प अभियान के तहत चकांवा पंचायत के लक्ष्मण बीघा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-55 में 'आंगन मिलन उत्सव' आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा रोहतास जिला उपाध्यक्ष सह जिला संयोजक आरती गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर पढ़ाई, खेल एवं दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीडीपीओ श्वेता कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री परवरिश योजना एवं आईसीडीएस के तहत संचालित सेवाओं की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों के लिए खेल एवं पोषण संबंधी गतिविधियां भी कराई गईं। मौके पर सोशल मीडिया जिला संयोजक संजीव कुमार, संतोष गुप्ता, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका व लाभार्थी महिलाएं उपस्थित थीं।

## सासाराम कोर्ट की अवमानना मामले में सारण एसएसपी व रोहतास के पूर्व एसपी रौशन कुमार दोषी, एक रुपया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिला के पूर्व एसपी व सारण जिला के वर्तमान एसएसपी रौशन कुमार पर जिला जज-4 अनिल कुमार कि अदालत ने दोषी पाते हुए एक रुपया का प्रतिकात्मक जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एक क्रिमिनल मिसलेनियस केस में हुई है। कोर्ट ने एक सत्रवाद में 10 अपहरणकर्ताओं को सजा सुनाए जाने के बाद एसपी को दिए गए तीन निर्देशों को अनुपालन नहीं होने पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने अपराधियों का रिकॉर्ड भेजनें, होस्टाईल हुए पीड़ितों के 20 लाख रूपये लेकर मुकरने के आरोप की प्राथमिकी दर्ज करने और गांजा कारोबार की जांच का निर्देश दिया था। आरोप है कि एक महीने बाद केवल केस डायरी की कॉपी भेजी। वही निर्देश के बावजूद एक साल तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई।

**शो-कॉज का जवाब नहीं, कई तारीखों पर नहीं हुए हाजिर**

कोर्ट के अनुसार 4 जुलाई 2026 के शो-कॉज नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। डीजीपी और मुख्य सचिव को पत्र भेजे जाने के बावजूद कोई एक्शन टेकेन रिपोर्ट नहीं मिली। अदालत ने आदेश में अन्य मामलों में भी लापरवाही का उल्लेख किया। कोर्ट ने उनके रवैये पर कड़ी टिपड़ी करते हुए आईपीएस प्रशिक्षण में सुधार की जरुरत बताई। आदेश में अधीनस्थ अदालत को हीन समझने की प्रवृति को जड़ से खत्म करने की बात कही गई। कोर्ट ने रोहतास और सारण के डीएम को निर्देश दिया है कि एसपी के वेतन से एक रुपये की कटौती कर 15 दिनों के भीतर कोर्ट नजारत में जमा कराया जाए। आदेश की प्रति डीजीपी, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार को भेजने का भी निर्देश दिया गया है।

## पटना में किसना के तीन भाग्यशाली ग्राहकों ने जीती शानदार स्कूटी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन को पटना में ग्राहकों का शानदार उत्साह मिल रहा है। पूरे भारत के 218 शहरों में चल रहे इस अभियान के तहत पटना के विभिन्न किसना स्टोर्स पर भी लकी ड्रॉ आयोजित किए जा रहे हैं। पटना में आयोजित लकी ड्रॉ में अनिसाबाद स्टोर से किशोर कुमार, कंकड़बाग स्टोर से स्वाति अग्रवाल और सगुना मोड़ स्टोर से मुन्नी देवी ने शानदार स्कूटी जीतकर इस अभियान को अपने लिए और भी यादगार बना लिया। किसना के इस कैंपेन के तहत ग्राहकों को कुल 576 स्कूटी और 247 शानदार कारें जीतने का अवसर मिल रहा है। अनिसाबाद स्टोर के फ्रैंचाइज़ी पार्टनर अनिकेत राज ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पटना के अधिक से अधिक ग्राहक किसना के साथ अपने खास पलों को सेलिब्रेट करें और इस अभियान का हिस्सा बनें। जबकि कंकड़बाग स्टोर के फ्रैंचाइजी पार्टनर राजकुमार ने कहा कि यह अभियान ग्राहकों की ज्वेलरी शॉपिंग को और भी खास बना रहा है। सगुना मोड़ स्टोर के फ्रैंचाइज़ी पार्टनर रवि किसले एवं जितेंद्र कुमार ने कहा कि हम पटना के ग्राहकों से किसना शोरूम पर आने और इस रोमांचक अभियान का हिस्सा बनने का आग्रह करते हैं।

## महिला की संदिग्ध मौत की जांच जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला(रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र में बराढ़ी मुसई टोला में एक महिला ने खुदकुशी कर ली। मृतका की पहचान नंदनी कुमारी, पति संजीत कुमार खरवार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नंदनी ने 3 साल पहले गांव के ही युवक संजीत से प्रेम विवाह किया था। यह अंतरजातीय विवाह था। उनकी एक बेटी भी है। परिजनों के अनुसार रात में वह परिवार के साथ घर में ही थी, तभी एक कमरे में यह घटना हुई। पति के अनुसार घर में किसी तरह का विवाद नहीं था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। अकोढ़ीगोला गोला थानाध्यक्ष गोसाई ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई आवेदन अभी तक नहीं आया है। मामला क्या है घटना कैसे हुई जांच के बाद ही पता चलेगा।

# भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

### परिजनों व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर मृतक के परिजनों एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बुधवार को शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश से मुलाकात की। इस दौरान मृतक की मां आशा देवी और भाई चंदन तिवारी ने मामले में अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी डीआईजी को दी। परिजनों एवं अधिवक्ता ने डीआईजी को बताया कि मामले में कुल 11 आरोपी नामजद हैं, लेकिन अब तक केवल एसटीएफ जवान अक्षय कुमार की ही गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, तत्कालीन थानाध्यक्ष राजेश कुमार मालाकार समेत अन्य



नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। परिजनों ने डीआईजी से मांग की कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी नामजद आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि न्याय की प्रक्रिया में और विलंब न हो। उन्होंने कहा कि केवल एक आरोपी की गिरफ्तारी से न्याय की प्रक्रिया पूरी नहीं होती। सभी नामजद आरोपियों के विरुद्ध कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने भी मामले में नामजद सभी आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग रखी। परिजनों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पुलिस प्रशासन मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में कदम उठाएगा।

# गोलबाजार की दवा दुकान से दो लाख रुपये की चोरी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहर के गोलबाजार स्थित एक दवा दुकान में बुधवार को चोरी की घटना सामने आई है। चोर दुकान के काउंटर में रखे करीब दो लाख रुपये लेकर फरार हो गया। घटना के बाद दवा व्यवसायी और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पीड़ित दवा व्यवसायी शत्रुघ्न प्रसाद अग्रवाल ने घटना की शिकायत शेरघाटी पुलिस से की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच कर रही है, ताकि चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में दुकान से करीब दो लाख रुपये की चोरी होने की बात सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति काउंटर के पास से रुपये निकालकर वहां से भागता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने में जुटी है। दुकानदार के अनुसार दुकान में रखे रुपये किसी आवश्यक कार्य के लिए रखे गए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के व्यवसायियों की भीड़ दुकान पर जुट गई। पुलिस ने घटना से जुड़े अन्य बिंदुओं की भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोर की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गोलबाजार के व्यवसायियों ने बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# किशन पटनायक की पुण्यतिथि पर सासाराम में विचार संगोष्ठी सम्पन्न

### वैकल्पिक राजनीति के संवाहक थे किशन पटनायक : अजय खरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** देश के जाने-माने प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक किशन पटनायक की 22वीं पुण्य तिथि के अवसर पर समता सम्पर्क अभियान, लोक समिति, जय किसान आंदोलन, समाजवादी चेतना मंच, समाजवादी जन मजदूर किसान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सासाराम स्थित कुशवाहा सभा भवन के सभागार में दो सत्रों में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता और संचालन क्रमशः किसान नेता भोला नाथ सिंह, गांधीवादी सुरेश प्रसाद, आशुतोष कुमार और मथुरा सिंह ने की। विचार गोष्ठी के



पहले किशन पटनायक सहित उनके सहयोगी एवं शिष्यों दिवंगत भाई वैद्य पूर्व मंत्री, संजीव साने (महाराष्ट्र), सोमनाथ त्रिपाठी (उत्तर प्रदेश), बानी मंजरी दास (उड़ीसा), राम इकबाल बरसी, सच्चिदानंद सिन्हा, रामदुलारी देवी, शिवपूजन सिंह पूर्व विधायक, इंजीनियर महेंद्र दुबे, घनश्याम शुक्ला ,लक्ष्मण चौधरी राज नारायण शाह(बिहार) विश्वनाथ बागी (झारखंड), सुनील (मध्य प्रदेश) के तेल चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के संयोजक एवं बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने संगोष्ठी के मुख्य विषय विकल्पहीन नहीं है दुनिया पर विषय प्रवेश कराया। इस मौके पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता एवं समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने किशन पटनायक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि किशन पटनायक विकल्पहीन नहीं है दुनिया की बात करके घोर अंधकार में किरण की आशा के साथ काम कर रहे थे।

### दानापुर एवं सासाराम से चर्लपल्ली के लिए पूजा स्पेशल का परिचालन

**हाजीपुर (नबिटा सं.)।** आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रियों की सुगम व आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य दानापुर एवं सासाराम से चर्लपल्ली के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

# रेलवे कॉलोनियों एवं प्रमुख संपर्क मार्गों में सड़क-नाला सुधार के कार्य तेज

### कहीं मरम्मत पूरी, कहीं सड़क-नाला निर्माण जारी, स्थायी सुधार के लिए योजनाएं आगे बढ़ीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे कॉलोनियों एवं मंडल मुख्यालय क्षेत्र के प्रमुख संपर्क मार्गों पर बेहतर आवागमन तथा सुचारु जलनिकासी व्यवस्था के उद्देश्य से पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा सड़क एवं नाला सुधार के विभिन्न कार्य चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के दिशा निर्देश पर मंडल के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जहां आवश्यक स्थानों पर तत्काल मरम्मत कार्य किए जा रहे हैं, वहीं प्रमुख मार्गों के स्थायी सुधार के लिए भी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के गेट संख्या 1 से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन तक के लगभग 700 मीटर लंबे मार्ग पर वर्षा के कारण बने गड्ढों वाले हिस्सों काम मरम्मत कार्य संपन्न कर दिया गया है। शीघ्र ही अगले कुछ हफ्तों में इस पूरे मार्ग पर बिटुमिन कार्पेटिंग का कार्य संपन्न करा दिया जाएगा। साथ ही इस मार्ग के किनारे ड्रेनेज व्यवस्था को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा जिससे इस मार्ग पर वर्षाजल की निकासी बेहतर करने में मदद मिलेगी और जलभराव की स्थिति नहीं उत्पन्न होगी। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन से प्लांट डिपो मार्ग पर गड्ढों का पैच मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस 2.4 किलोमीटर लंबे मार्ग के स्थायी सुधार के लिए लगभग 8 करोड रुपए की लागत से आरसीसी सड़क एवं साइड ड्रेन बनाए जाने की योजना है तथा इस संबंध में कार्यालय प्रक्रिया जारी है। जी.टी. रोड से वैगन केयर सेंटर तक लगभग 3.6 किलोमीटर के पूरे मार्ग पर सड़क बनाने का कार्य शुरू हो चुका है। लगभग 7.19 करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण आधुनिक 'क्रम्ब रबर मॉडिफाइड बिटुमेन' तकनीक से किया जा रहा है। इस तकनीक में सामान्य बिटुमिन (डामर) के साथ रबर के बारीक टुकड़ों को मिलाकर एक खास मिश्रण तैयार किया जाता है। रबर की वजह से इस सड़क में बेहतरीन लचीलापन आ जाता है, जिससे भारी गाड़ियों के चलने और निरंतर बदलते मौसम के बाद भी इस पर आसानी से दरारें या गड्ढे नहीं पड़ते और सड़क लंबे समय तक सुदृढ़ बनी रहती है। इस कार्य में सड़क के साथ कवर युक्त आरसीसी नाले का निर्माण भी शामिल है। इसके अंतर्गत जी.टी. रोड से आरपीएफ कॉलोनी, लोको कॉलोनी से जी.टी. रोड तथा यूरोपियन कॉलोनी के मुख्य नाले से संबंधित कार्य भी शामिल हैं। इससे सड़क सुविधा के साथ जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। जी.टी. रोड से लोको एवं हॉपर कॉलोनी होकर डीजल कॉलोनी जाने वाले 3 किलोमीटर लंबे मार्ग पर आरसीसी सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। लगभग 3.55 करोड़ के इस कार्य से महत्वपूर्ण आवागमन वाले मार्ग की सड़क सुविधा में सुधार होगा। यह मार्ग डीजल शेड, टीआरएस शेड एवं डीएफसीसी से जुड़े भारी वाहनों के आवागमन के लिए उपयोग में आता है। मानस नगर तालाब से गया कॉलोनी मार्ग पर 1.3 किलोमीटर लंबे आरसीसी सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। लगभग 4.65 करोड़ के इस कार्य में कवर सहित आरसीसी नाले का निर्माण भी शामिल है जिससे सड़क के साथ जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा। जी.टी. रोड से केंद्रीय विद्यालय, मानस नगर कॉलोनी तक के 400 मीटर लंबे मार्ग पर जोनल रोड वर्क के माध्यम से सड़क के सुधार के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

**शपथ-पत्र**

मैं पंकज कुमार सिंह, पिता रामनरेश सिंह, ग्राम- खखड़ा, थाना- औरंगाबाद (मु.), जिला-औरंगाबाद, राज्य बिहार, शपथ एवं निष्ठापूर्वक स्वेच्छा से बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। पंकज कुमार सिंह पिता-रामनरेश सिंह एवं शेखर राज पिता-रामनरेश सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं और केवल मैं ही हूं। उपरोक्त नामों एवं वल्दीयत का मेरे गांव में मेरे सिवा और कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है। मेरा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में पंकज कुमार सिंह पिता रामनरेश सिंह अंकित है जबकि मेरा जीवन बीमा कंपनी के पॉलिसी संख्या 517810947 में मेरा नाम शेखर राज अंकित है। यह शपथ-पत्र मैं उपरोक्त दोनों नाम का एक ही व्यक्ति है कि समर्थन में दे रहा हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 27588 दिनांक 23.09.26

शपथकर्ता
पंकज कुमार सिंह

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-17ए-26, दिनांक** 24.09.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-17ए-26** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में अंबिका कालना, नबद्वीप धाम, कटवा जंक्शन, आजिमगंज जंक्शन, खागड़ाघाट रोड, हावड़ा, डानकुनी, तारकेश्वर, सांइथिया, लिलुआ, बैण्डेल, कामारकुंडु, सालार, बैंची, पाण्डुआ और मेमारी में फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को जोड़ने वाली पैसेंजर लिफ्ट के प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 50,63,009.97, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 1,01,300/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 23.10.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-363/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 232_2026-27, 233_2026-27, दिनांक 28.09.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 232_2026-27, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/बर्द्धमान के अधीन पात्रता एवं निर्धारित सुगम्यता मानदंडों के अनुसार 18 स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,33,77,572.75, **बयाना राशि:** रु. 4,67,600/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 233_2026-27, कार्य का विवरण :** हावड़ा: हावड़ा मंडल के तहत पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण ओएफसी कंटेनर/रूम का पुनर्वास। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,34,53,137.39, **बयाना राशि:** रु. 2,69,100/-**निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 22.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-361/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नालंदा में खेल प्रतियोगिता का आगाज, चार हजार खिलाड़ी दिखा रहे दमखम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले में खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ हुआ। 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सारा अशरफ ने किया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत कई पदाधिकारी, शारीरिक शिक्षक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान डीडीसी ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने खिलाडियों से पूरी निष्ठा, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और खेल क्लबों से करीब 4,000 बालक-बालिका खिलाडियों ने पंजीकरण कराया है। कुल 24 खेल स्पर्धाओं का आयोजन होना है, जिसमें 18 स्पर्धाएं बुधवार से विभिन्न खेल मैदानों में शुरू हो गईं। पहले दिन एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और फुटबॉल समेत कई खेलों के मुकाबले हुए। खिलाडियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

# भक्ति और ध्यान से जीवन में सकारात्मक बदलाव का संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिले के नानंद स्थित सत्संग स्थल पर बुधवार को परम पूज्य देवेंद्र मोहन भैया जी के सानिध्य में सत्संग समारोह श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने भैया जी के आध्यात्मिक विचारों को सुना और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश ग्रहण किया।सत्संग को संबोधित करते हुए देवेंद्र मोहन भैया जी ने कहा कि भक्ति केवल भावनाओं में बहने का नाम नहीं, बल्कि प्रभु के प्रति पूर्ण समर्पण और अटूट विश्वास का भाव है। आज मनुष्य भागदौड़, चिंता और मानसिक उलझनों से घिरा है। आध्यात्मिकता उसे वर्तमान में ठहरकर जीवन को समझने की राह दिखाती है।उन्होंने श्रद्धालुओं से भय को दूर करने और धारणाओं व ज्ञान के अहंकार से ऊपर उठने का आह्वान किया। कहा कि जीवन की परिस्थितियों को प्रभु को समर्पित कर विश्वास रखने से मन में शांति, स्थिरता और सहजता आती है।भैया जी ने घर-घर सत्संग और घर-घर ध्यान की पहल पर जोर देते हुए श्रद्धालुओं से परिवार और आसपास के लोगों को इससे जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सत्संग और ध्यान को आयोजन तक सीमित न रखकर परिवार व समाज में शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक जागरूकता का माध्यम बनाया जाए।कार्यक्रम में मुन्ना भैया, राकेश भैया, देवेंद्र भैया, रवि रंजन समेत कई सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। समापन पर श्रद्धालुओं ने सुख, शांति, सद्बुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की प्रार्थना की।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक जख्मी

**नगरनौसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के चंडी-दनियावां मुख्य मार्ग के उस्मानपुर पुल के पास बुधवार के दिन अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गया। जबकि बाइक पर बैठा दूसरा व्यक्ति गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान पटना जिला के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के नूरीचक गांव निवासी उमा मांझी के पुत्र गौतम कुमार के रूप में किया गया। जबकि जख्मी की पहचान गांव निवासी अजित कुमार के रूप में किया गया।

## एक नजर

### एशियाई खेलों पर स्टार युवा क्लब ने जताई खुशी



**नगरनौसा**। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम रोशन करने वाले महिला खिलाड़ी किरण पाहल, पुबम्मा मचेसिरा, प्राची और रामराज की भारतीय चैकडी तीन मिनट उनतीस सेकेंड का समय निकालकर एशिया गेम में स्वर्ण पदक हासिल किया। श्री स्टार युवा क्लब दाहाबिगहा के खेल संस्थापक स्टेट खिलाड़ी चंदन भारती एवं फनि भूषण कुमार, संतोष कुमार, टुनटुन यादव, सूरज आर्य, नीरज कुमार, डॉक्टर दीपक, डॉक्टर विशाल, शिक्षक गुंजन कुमार ने भारतीय महिला चैकड़ी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी सदस्यों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**इस्लामपुर**। थाना क्षेत्र के सिढ़ारी गांव में बुधवार को खेत में कृषि कार्य करने के दौरान सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान सिढ़ारी गांव निवासी रंजन ठाकुर की पत्नी सुलेखा देवी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, सुलेखा देवी बुधवार को घर से खेत में कृषि कार्य करने गई थीं। खेत में काम करने के दौरान उन्हें सांप ने डंस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी मातम का माहौल है।

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। गणेश पूजा विसर्जन के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के बीच सोहसराय थाना पुलिस ने आशानगर मोड़ स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर एक व्यक्ति ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहा है। सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के बाद सत्यापन और छापेमारी के लिए टीम गठित की गई।पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह के आधार पर उसे पकड़कर पूछताछ की गई। उसकी पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के बीच बाजार संगतपर निवासी मोनू कुमार बिहारी पिता अर्जुन प्रसाद के रूप में हुई। दंडाधिकारी की उपस्थिति में तलाशी के नियमों का पालन करते हुए उसकी तलाशी ली गई। इस दौरान प्लास्टिक में लिपटी ब्राउन शुगर की 16 पुड़िया बरामद हुई, जिसका कुल वजन 7.66 ग्राम बताया गया है। मामले में सोहसराय थाना कांड संख्या 296/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक आलिम अंसारी, पुलिस अवर निरीक्षक नंद कुमार सिंह सहित थाना सुरक्षित बल शामिल थे।

### राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर को मिला बेस्ट यूज ऑफ टेक्नोलॉजी अवार्ड

**राजगीर**। राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम. भा.व.से. को नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रतिष्ठित इको वॉरियर अवार्ड्स 2026 के तहत बेस्ट यूज ऑफ टेक्नोलॉजी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा प्रदान किया गया।जू सफारी के विकास, प्रबंधन और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए यह सम्मान दिया गया है। निदेशक राम सुन्दर ने जू सफारी के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए हैं। उनके कार्यकाल में पर्यटकों की सुविधा, वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से जुड़ी कई गतिविधियों को बढ़ावा मिला है।राजगीर जू सफारी बिहार का प्रमुख आधुनिक इको-टूरिज्म गंतव्य है। प्राकृतिक वातावरण, वन्यजीवों

# आंगन का मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ, उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर**। समेकित बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में पोषण माह के दौरान ई-किसान भवन में तीन दिवसीय आंगन का मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडलाधिकारी अमित कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अर्चना एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया।इस मौके पर अनुमंडलाधिकारी अमित कुमार पटेल ने आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम की व्यापक तैयारी और रंग-बिरंगी रंगोली की सराहना की। उन्होंने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना के तहत संचालित योजनाओं का लाभ अब धरातल पर दिखाई देने लगा है और बच्चों में कुपोषण की स्थिति में कमी आई है। उन्होंने सेविकाओं से अपील की कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्रों पर छह माह से अधिक आयु के बच्चों का अन्नप्राशन तथा गोदभराई कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें।इस अवसर पर एसडीओ ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं को पुरस्कृत किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अर्चना ने कहा कि सेविकाओं के प्रयास से बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर समाज का अच्छा नागरिक बनाने में मदद मिल रही है। वहीं सीडीपीओ अर्चना ने कहा कि गोदभराई कार्यक्रम से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। विभागों के बीच समन्वय से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। कार्यक्रम में रूबी कुमारी, सुनीता देवी, सुधा देवी, सविता कुमारी, बेबी देवी, रीता देवी समेत सैकड़ों सेविका एवं सहायिका मौजूद थीं।

# श्रोत्रिय समाज के वार्षिक सम्मेलन में सामाजिक दायित्व और युवा सहभागिता पर होगी चर्चा

## 2 और 3 अक्टूबर को बिहारशरीफ में जुटेंगे विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, संस्कार, सेवा और संगठन की मजबूती की बनेगी रूपरेखा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। समाज की एकजुटता, पारंपरिक संस्कारों के संरक्षण और सेवा कार्यों को नई दिशा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय श्रोत्रिय ब्राह्मण संघ का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 2 और 3 अक्टूबर को बिहारशरीफ स्थित चाणक्य पैलेस में आयोजित होगा। सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस दौरान सामाजिक चुनौतियों, आपसी समन्वय, युवाओं की भागीदारी और संगठन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य महज सामाजिक मिलन नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझना और सामूहिक पहल के लिए विचार साझा करना है। बदलते सामाजिक परिवेश में नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने, सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ाने तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए सामूहिक प्रयासों को गति देने पर विशेष जोर रहेगा।उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सम्मेलन और सामाजिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 3 अक्टूबर को दो सत्रों में सामाजिक मुद्दों, सेवा गतिविधियों के विस्तार, संगठनात्मक समन्वय और युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधि अपने अनुभव और सुझाव भी साझा करेंगे। सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक संबंधों को मजबूत करने और सामूहिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

# प्रमंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में नैंसी ने मारी बाजी, राज्य स्तर पर करेगी प्रतिनिधित्व



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कतरीसराय**। सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, गोवर्धन बिगहा की कक्षा 10वीं की छात्रा नैंसी कुमारी ने विज्ञान संगोष्ठी-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रमंडल स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ नैंसी का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए किया गया है। अब वह राज्य स्तर पर प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करेगी। इस वर्ष विज्ञान संगोष्ठी का विषय भारतीय ऊर्जा परिदृश्य-2047: संभावनाएं एवं चुनौतियां" रखा गया था। प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नैंसी ने विषय की गहरी समझ, प्रभावशाली प्रस्तुति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैंसी ने यह सफलता विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा शिक्षिका अंजू प्रसाद और मोनी कुमारी के मार्गदर्शन में हासिल की। उसकी सफलता से विद्यालय परिवार और पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है।जिला शिक्षा पदाधिकारी हेमचंद ने नैंसी को बधाई देते हुए कहा कि उसकी उपलब्धि से नालंदा का शिक्षा विभाग गौरवान्वित है। ग्रामीण क्षेत्र की बेटी का राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

## नवादा

# उप विकास आयुक्त ने गांधी इंटर विद्यालय का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। उप विकास आयुक्त, नवादा शम्भू शरण पांडेय ने गांधी इंटर विद्यालय, नवादा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, पठन-पाठन की व्यवस्था, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक वातावरण का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त ने विद्यालय के विभिन्न वर्ग-कक्षों का भ्रमण किया और कक्षाओं में चल रहे पठन-पाठन का अवलोकन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद करते हुए उनके विषयवार अध्ययन, कक्षा में होने वाले शिक्षण कार्य तथा पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान उन्होंने उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा शिक्षकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उप विकास आयुक्त ने शिक्षकों के साथ भी विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पठन-पाठन को प्रभावी एवं रुचिकर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कक्षा में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए उनकी शैक्षणिक प्रगति पर नियमित रूप से ध्यान दिया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उप विकास आयुक्त ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि विद्यालय के सभी वर्ग-कक्षों, कार्यालय कक्ष, परिसर तथा अन्य आवश्यक स्थानों पर नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालय परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाए रखने तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार एवं बेहतर अनुश्रवण सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

# आंगन मिलन के दूसरे दिन बच्चों का अन्नप्राशन, सेविकाएं सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकबरपुर (नवादा)**। बाल विकास परियोजना कार्यालय, अकबरपुर के तत्वावधान में चल रहे 'आंगन मिलन' कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को लेदहा पूर्वी एवं निमियाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ सुशील धान ने छह माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन दिवस मनाया। इस दौरान बच्चों के द्वारा गीत संगीत का भी आयोजन किया गया।इस दौरान बच्चों के अभिभावकों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, टीकाकरण, पोषाहार तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसव बाद देखभाल के बारे में बताया गया। वहीं बच्चों के लिए पूरक पोषाहार, टीकाकरण, वृद्धि की निगरानी, स्वास्थ्य जांच तथा प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई। सीडीपीओ सुशील धान ने कहा कि 'आंगन मिलन' का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों, अभिभावकों और समुदाय से जोड़ना है, ताकि केंद्र पर उपलब्ध सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंच सके। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और नियमित टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि छह माह के बाद बच्चों को मां के दूध के साथ पौष्टिक ऊपरी आहार देना जरूरी है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्रों पर बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेविका, सहायिका, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं तथा बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, दो की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव स्थित ओवरब्रिज पर बुधवार की सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि कार अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरातफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, बोकारो से कुछ लोग कार से पटना में आयोजित श्राद्धकर्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान केंदुआ गांव के पास ओवरब्रिज पर अचानक कार अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में रूपा देवी (30), पति पप्पू साहब, निवासी ग्यासपुर महाजी, थाना शालिमपुर, पटना तथा लाल बाबू साह (31), पिता गन्नी साह, निवासी आदर कॉलोनी, चास, बोकारो, झारखंड की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मृतक रूपा देवी के पति पप्पू साहब और उनके सात वर्षीय पुत्र रितिक कुमार समेत दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। अकबरपुर थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि केंदुआ ओवरब्रिज पर कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली थी। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की गई है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# विधान परिषद् निर्वाचनः नवादा में प्रशासनिक तैयारियां तेज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार विधान परिषद् के पटना शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र द्विवार्षिक चुनाव 2026 को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम रवि प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चुनाव आयोग द्वारा 22 सितंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन प्रक्रिया 29 सितंबर से शुरू होकर 6 अक्टूबर तक चलेगी। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी तथा 9 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक और मतगणना 27 अक्टूबर को होगी। जिले में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए 17 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ 15,829 मतदाता वोट डालेंगे। वहीं, पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तहत 14 मतदान केंद्रों पर 1,749 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीएम ने बताया कि निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी और निगरानी हेतु फ्लाइंग स्क्वायड तैनात रहेंगे। मतपेटिकाओं की छंटाई पूरी कर उनकी मरम्मत और पेंटिंग कराई जा रही है। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी (सदर) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत विभिन्न कोषांगों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सफाईकर्मियों के लिए लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा-2026' विशेष अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सफाईकर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार की देखरेख में डॉ. जहांगीर आलम और डॉ. मो. शमीम ने 80 से अधिक सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान एएनएम अनु कुमारी, बिपिन कुमार, अरुण कुमार पाल और महेश कुमार ने सहयोग किया। चिकित्सकों ने सभी सफाईकर्मियों का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयां, वैक्सीन तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी सलाह दी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितंबर को जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम और 18 सितंबर को छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वर्तमान में 2 अक्टूबर तक नगर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में डोर-टू-डोर स्वच्छता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लोगों को कचरे को चार श्रेणियों - सूखा, गीला, सेनेटरी और विशेष देखभाल कचरे में पृथक कर देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान की आगामी रूपरेखा साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 1 अक्टूबर को 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण किया जाएगा, जबकि 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आम लोगों के सहयोग से डाक बंगला चौराहा पर श्रमदान किया जाएगा। इसके बाद स्वच्छता सम्मान समारोह आयोजित कर चित्रकला-रंगोली प्रतियोगिता में अव्वल छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाएगा।

# मायके जाने के बहाने निकली बहू सात दिनों से लापता, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के एक गांव से मायके जाने के बहाने निकली एक 19 वर्षीया बहू पिछले सात दिनों से लापता है। बहू के लापता होने से ससुराल पक्ष में चिंता का माहौल है। मामले में पीड़ित सास ने रजौली थाना में लिखित आवेदन देकर बहू की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 23 सितंबर को दोपहर करीब 2 बजे जबरन मायके जाने की जिद करने लगी। सास के अनुसार बहू ने अपने छोटे बच्चे को यह कहकर परिजनों के पास छोड़ दिया कि वह रजौली थाना क्षेत्र में स्थित अपने मायके से चार-पांच घंटे में वापस लौट आएगी। सास ने बहू को मायके भेजने के लिए एक ई-रिक्शा रिजर्व किया। बताया जाता है कि बहू मायके पहुंचने से पहले ही एक मंदिर के समीप ई-रिक्शा से उतर गई और चालक को वापस लौट जाने को कह दिया। इसके बाद वह न तो अपने मायके पहुंची और न ही ससुराल लौटी।देर शाम तक जब बहू घर नहीं लौटी तो बेटे ने उसे फोन किया। फोन पर बहू ने कहा कि वह स्थानीय बाजार में है और आ रही है। इसी तरह अलग-अलग जगहों का नाम बताते हुए दो दिन तक बातचीत होती रही। लेकिन दो दिन बाद अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया, जो तब से लगातार बंद आ रहा है। परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदारी और जान-पहचान वाले सभी जगहों पर खोजबीन की, मायके पक्ष से भी संपर्क किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर सास ने थाने में आवेदन दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस तकनीकी सेल और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से लापता विवाहिता की तलाश में जुट गई है। जल्द बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**कौआकोल**। प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के बैनर तले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सफाई कर्मियों, मजदूरों, ग्रामीणों तथा कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य के बीच के संबंध के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को संदेश दिया गया कि स्वच्छता और स्वास्थ्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। स्वस्थ नागरिकों की भागीदारी से ही स्वच्छ भारत और विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य मजबूत हो सकता है।

### नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पूर्णाडीह में विदाई समारोह आयोजित

**हिसुआ/मेसकौर**। नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पूर्णाडीह में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान शिक्षिका हेना फारुखी ने की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक योगेन्द्र कुमार और संजय चौधरी को विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। दोनों शिक्षकों के सम्मान में माला, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट किया गया। ब्लैक बोर्ड पर "विदाई समारोह सह हार्दिक अभिनंदन" लिखा गया था। समारोह में शिक्षिका बेबी कुमारी ने दोनों शिक्षकों को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि दोनों शिक्षकों ने अपने सेवाकाल में विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### युवाओं की भागीदारी से मजबूत होगी पंचायती राज व्यवस्था : प्रभाकर झा



**नवादा**। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत नवादा जिला कांग्रेस कार्यालय में पंचायत टास्क फोर्स को लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । प्रेस वार्ता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नवादा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा की ग्रामीण विकास और लोकतंत्र की बुनियादी मजबूती के लिए युवाओं को आगे आना अनिवार्य है क्यों कि देश के सुखमय भविष्य के निर्माता युवा है । युवा कांग्रेस कि यह पहल पंचायत स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगा। श्री झा ने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी का सपना था कि सत्ता का विकेंद्रीकरण हो और गांव को खुद में विकास के अधिकार मिले इसी सोच को धरातल पर उतरने के लिए भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा पंचायत टास्क फोर्स का गठन किया गया है । भारतीय युवा कांग्रेस की ओर से नवादा जिला पंचायत टास्क फोर्स के प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि पंचायत टास्क फोर्स अभियान के तहत 39 वर्ष से कम आयु के युवाओं को नगर निकाय , पंचायत , ब्लॉक और जिला परिषद स्तर पर सक्रिय करने की योजना है युवाओं को वार्ड सदस्य /पंच /मुखिया/ सरपंच/ जिला परिषद सदस्य/ नगर निकाय के चुनाव में भागीदारी के लिए संगठनात्मक मंच और प्रशिक्षण भी युवा कांग्रेस द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा । विवेक कुमार ने बताया कि पंचायत टास्क फोर्स के तहत प्रत्येक पंचायत और वार्ड स्तर पर युवा समिति गठित की जा रही है तथा प्रत्येक समिति के लिए महीने में कम से कम दो गतिविधियां "एक भलाई और एक लड़ाई " का लक्ष्य रखा गया है इसमें स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शिक्षण शिविर सरकारी योजनाओं की जानकारी और जन सेवा के साथ-साथ मनरेगा, राशन, सड़क, स्वास्थ्य केंद्र और स्थानीय समस्याओं से जुड़े मुद्दे को प्रशासन के समक्ष उठाना भी शामिल है ।

# गया के 162वें स्थापना दिवस की तैयारियां जारी, मुख्य समारोह तीन अक्टूबर को

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिला के 162वें स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए तैयारियों की समीक्षा की गई। निर्णय लिया गया कि स्थापना दिवस का मुख्य आयोजन 3 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी में होगा। औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर जिले का मानचित्र बनाकर 162 मोमबत्तियां जलाने, रंगोली निर्माण और केक काटने का कार्यक्रम होगा। जिला नजारत उप समाहर्ता को दीप प्रज्ज्वलन एवं केक कटिंग की तैयारी कराने तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समेकित बाल विकास सेवाएं और जीविका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक को जिले का मानचित्र, रंगोली एवं मोमबत्तियों की व्यवस्था के लिए समन्वय करने का निर्देश दिया गया। स्थापना दिवस पर सरकारी कार्यालयों और विद्यालय भवनों में विशेष प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों और निजी मकानों पर झालर लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कार्यालयों एवं विद्यालयों के प्रधानों को भवनों में प्रकाश व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया। गांधी मैदान टेंट सिटी में अतिथियों के लिए कुर्सी-टेबल समेत अन्य व्यवस्था जिला नजारत उप समाहर्ता करेंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को मंच के पीछे पोडियम और उद्घोषक की व्यवस्था के लिए समन्वय करने को कहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेदारी जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को दी गई है। नगर आयुक्त ने शहर में साफ-सफाई की जानकारी दी, वहीं नगर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर भी विशेष सफाई का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार और गणमान्य व्यक्तियों एवं पदाधिकारियों को समय पर आमंत्रण भेजने की जिम्मेदारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी को दी गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

# एसएसबी ने जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल और मच्छरदानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** नागरिक कल्याण कार्यक्रम वर्ष 2026 के तहत 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया की ओर से बुधवार को ग्राम पंचायत नावां में जरूरतमंद, गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कुणाल की उपस्थिति में ग्रामीणों को 21 कंबल और 14 मच्छरदानियां वितरित की गईं। इस दौरान कमांडेंट कुणाल ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल अपने कार्यक्षेत्र में स्थानीय नागरिकों के कल्याण और सहायता के लिए समय-समय पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं एवं बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देने, जरूरतमंदों के बीच आवश्यक सामग्री वितरित करने के साथ मानव चिकित्सा शिविर, पशु चिकित्सा शिविर और अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इनका उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में सहयोग करना है। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी असीम उपाध्याय, उप कमांडेंट अजय कुमार वाजपेयी, ग्राम पंचायत नावां के मुखिया पति राजेश मांझी, बलकार्मिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय शिक्षा पीठ की ओर से गया कॉलेज में इंटर्नशिप कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ की ओर से शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया में विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र के दिशा-निर्देशन में तथा शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. तरुण कुमार त्यागी उपस्थित रहे। उन्होंने इंटर्नशिप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, शिक्षण-कौशल, अनुशासन तथा विद्यालयी वातावरण को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूल्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. मोहम्मद सदरे आलम ने किया। उन्होंने अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए इंटर्नशिप के उद्देश्यों और इसके शैक्षणिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. धनंजय धीरज ने अपने महत्वपूर्ण विचारों से विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा इंटर्नशिप के दौरान सक्रिय सहभागिता, जिम्मेदारी और व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ धीरज ने कहा कि इंटर्नशिप का यह कार्यक्रम शिक्षा पीठ दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया के बीच हस्ताक्षरित साझा करार के क्रियान्वयन स्वरूप संभव हो पाया है। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा एम.एड. के सभी छात्र एवं बी.एड. की छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रानी नीना प्रियदर्शनी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जीविका के 20 साल पूरे होने पर दो अक्टूबर को होगा नीतीश संवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** जीविका के 20 साल पूरे होने के अवसर पर जदयू गया की ओर से दो अक्टूबर को हरिदास सेमिनरी उच्च विद्यालय में सुबह 11 बजे से जीविका दीदियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को जदयू कार्यालय गया में महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष ई अजय कुशवाहा के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम कुशवाहा ने की। बैठक में कहा गया कि बिहार में महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नीतीश कुमार के कार्यों का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं जदयू का मजबूत आधार हैं और नीतीश कुमार ने आधी आबादी के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, पंचायती राज में भागीदारी, शिक्षक नियुक्ति, सरकारी नौकरी और महिला रोजगार सहित कई योजनाओं एवं पहलों को बढ़ावा दिया है। ई अजय कुशवाहा ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में महिलाओं को सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता के अवसर देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 'जीविका के 20 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में प्रदेश की कई महिला नेत्रियां शामिल होंगी। कार्यक्रम में हजारों जीविका दीदियों के शामिल होने की संभावना है, जो जीविका के 20 वर्ष पूरे होने पर नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करेंगी। बैठक में राजू बर्नवाल, देव रानी देवी, शोभा चौधरी, सोनम दास, रिंकू देवी, मितंबरन लोहड़े, पिंकी देवी, गीता देवी, संजू देवी, प्रभात कुमार राउत, दिनेश कुमार सिन्हा, कैलाश पासवान, सुनीता देवी, रेशमा खातून, पप्पू दांगी, विनोद यादव, अरुण राव, सियाराम मिश्रा, मो अलेक्जेंडर खान, मधुसूदन राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# कुएं से महिला का शव बरामद, 10-15 दिनों से थी लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गया जिले के डुमरिया प्रखंड के भदवर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोकहा पंचायत के कटकीया गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक कुएं से करीब 50 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान कटकीया गांव निवासी मालती देवी, पति विजय मिस्त्री के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मालती देवी पिछले करीब 10-15 दिनों से लापता थीं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका था। इसी बीच गांव के पास स्थित एक कुएं में उनका शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, मालती देवी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह अक्सर इधर-उधर भटकती रहती थीं। आशंका जताई जा रही है कि इसी दौरान वह कुएं में गिर गई होंगी। घटना की सूचना मिलते ही भदवर थाना प्रभारी सौरभ कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुनील रजक ने भी मौके पर पहुंचकर मृतका के परिजनों को सांत्वना दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट पता जांच के बाद ही चल सकेगा

# केवलडीह से वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** सलैया थाना पुलिस ने केवलडीह गांव में छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान केवलडीह गांव निवासी सोहित कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में सलैया थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## वाहन जांच में देसी शराब बरामद, बाइक सवार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** कोठी थाना पुलिस ने रंजिता पहाड़ी के पास वाहन जांच के दौरान एक बाइक से 30 लीटर देसी शराब बरामद की है। मौके से बाइक सवार को गिरफ्तार करते हुए वाहन भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झारखंड के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत काशीबार गांव निवासी कैलाश यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में कोठी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# इंदिरा आवास में धांधली का आरोप, लोदीपुर के ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में किया हंगामा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के केर पंचायत के लोदीपुर महादलित टोला के लोग बुधवार को छोटे-छोटे बच्चों के साथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने इंदिरा आवास योजना में धांधली का आरोप लगाते हुए बीडीओ को आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में जिनके पास खेती-बारी व नौकरी है उन्हें आवास का लाभ दिया जा रहा है जबकि भूमिहीन व असली गरीब वंचित हैं। वार्ड सदस्य, मुखिया और आवास सहायक पैसा लेकर आवास का लाभ बांट रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग गरीब आदमी हैं, पैसा कहां से लाएंगे। उन्होंने लोदीपुर वार्ड-10 में आवास योजना की जांच कर सही लाभुकों को लाभ देने की मांग की है। इस दौरान चमेली चौधरी, राजू देवी, बिंदु चौधरी, इंद्र चौधरी सहित करीब तीन दर्जन महिला-पुरुष मौजूद थे।

# मिर्जा गालिब कॉलेज की छात्रा रागिनी कुमारी ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

## हिंदी विषय में मिली सफलता, कॉलेज परिवार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान मिर्जा गालिब कॉलेज की हिंदी विभाग की छात्रा रागिनी कुमारी ने यूजीसी नेट जून 2026 की परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। वह कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) सत्र 2021-2023 की छात्रा रही हैं। परीक्षा का परिणाम सितंबर 2026 में जारी किया गया। रागिनी की इस उपलब्धि से कॉलेज में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता को अकादमिक उत्कृष्टता और मेहनत का परिणाम बताते हुए कॉलेज परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, शासी निकाय के सचिव शकील अहमद खान, शासी निकाय के शिक्षाविद सदस्य डॉ. मो. वाइजुल हक, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. इबरार खान, डॉ. सारिम अब्बास, डॉ. अकरम वारिस, डॉ. परवेज वहाब एवं डॉ. मो. शहनवाज ने रागिनी कुमारी को बधाई दी। वहीं, शिक्षकेतर कर्मचारियों में मोहम्मद राशिद अली, हंजला अफरोज और मेंहदी हसन सहित अन्य कर्मियों ने भी छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रागिनी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

# युवक-युवती से दुर्व्यवहार और मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार, नाबालिग भी हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के छपी पंचायत अंतर्गत महुआडीह पहाड़ी के पास घूमने गए युवक और उसकी महिला मित्र के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट एवं छेड़छाड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू की और घटना में शामिल लोगों की पहचान की। शेरघाटी डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर युवक-युवती के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट का वीडियो तेजी से वायरल होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के बाद पुलिस की टीम बनाई गई जिसमें शेरघाटी थाना, आमस और गुरुआ पुलिस के सहयोग से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। उक्त मामले की जांच करते हुए महुआडीह गांव में छापेमारी की कार्रवाई के दौरान घटना में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया जबकि एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान श्री मांझी, उपेंद्र सिंह और प्रदीप राम के रूप में हुई है। वहीं, मामले में एक नाबालिग की संलिप्तता भी सामने आई है। डीएसपी ने बताया कि युवक-युवती के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार के मामले में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार तीन आरोपितों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है जबकि नाबालिग के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी व्यक्ति का निजी वीडियो बिना अनुमति वायरल न करें। घटना से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# करें योग, भगाएं रोग: आदर्श योग ग्राम पोखरपुर में गूंजा स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिले के डुमरिया प्रखंड स्थित आदर्श योग ग्राम पोखरपुर में बुधवार को योग साधना एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय मध्य विद्यालय पोखरपुर के प्रांगण में सुबह 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने 'करें योग, भगाएं रोग' के नारे के साथ नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न अभ्यास कराए गए और ग्रामीणों को नियमित योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षिका सह शिक्षिका सुनीता देवी ने ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से योग करने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि पोखरपुर को वास्तविक अर्थों में 'आदर्श योग ग्राम' बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। इसके लिए गांव के प्रत्येक घर से कम से कम एक व्यक्ति को नियमित योग से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली, वहीं बुजुर्गों और महिलाओं ने भी उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। ग्रामीणों का कहना है कि योग को केवल किसी विशेष दिन तक सीमित न रखकर इसे रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता है। सामूहिक रूप से योग करने से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ गांव में सकारात्मक वातावरण भी बन रहा है।

# अंचल कार्यालय में उमड़ी भूमिहीनों की भीड़, तीन हजार से अधिक आवेदन

## पावती नहीं मिलने से आवेदकों में बढ़ी चिंता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** बिहार सरकार के अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन उपलब्ध कराने की घोषणा के बाद टिकारी अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शनिवार से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया में अब तक तीन हजार से अधिक आवेदन प्राप्त होने की बात अंचल कर्मियों द्वारा बताई जा रही है। जमीन मिलने की उम्मीद में बड़ी संख्या में लोग आवश्यक दस्तावेज लेकर घंटों कतार में खड़े होकर आवेदन जमा कर रहे हैं। आवेदकों की बढ़ती संख्या का असर अंचल कार्यालय के आसपास की दुकानों पर भी दिखाई दे रहा है जहां लोग आवेदन तैयार कराने के लिए पहुंच रहे हैं। हालांकि आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के बीच आवेदकों की परेशानी भी सामने आ रही है। सबसे बड़ी शिकायत आवेदन प्राप्त करने के बाद किसी तरह की पावती अथवा रसीद नहीं दिए जाने को लेकर है। आवेदकों का कहना है कि भविष्य में आवेदन की स्थिति जानने के लिए उनके पास जमा किए गए आवेदन का कोई प्रमाण नहीं रहेगा। बताया जा रहा है कि प्राप्त आवेदनों को अभी पंचायतवार अलग करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। वहीं आवेदन के बाद जांच, पात्रता निर्धारण और लाभुकों के चयन की प्रक्रिया क्या होगी, इसकी स्पष्ट जानकारी भी आवेदकों को नहीं मिल पा रही है। अंचल कार्यालय से जुड़े एक कर्मी ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। कई मामलों में एक ही परिवार के चार-चार सदस्य अलग-अलग आवेदन जमा कर रहे हैं। इससे आवेदनों की वास्तविक संख्या और पात्र परिवारों की संख्या को लेकर आगे जांच की जरूरत बढ़ गई है।


**पूर्व मध्य रेल**

(संकेत एवं दूरसंचार निर्माण)

ई–निविदा संख्या

**ECR-S&T-CON-EPC-01-26-27**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/ महेंद्रूघाट/ पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई–निविदा संख्या:** ECR-S&T-CON-EPC-01-26-27

**कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर सेक्शन (कुल लगभग 247 किमी) के दोहरीकरण (Doubling) के काम के सिलसिले में 23 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) और टेलीकॉम के काम के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC)– जिसमें सिग्नलिंग और टेलीकॉम का डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग शामिल है।, **अनुमानित लागत:** रूपया 441,56,62,065.63, **अमानत राशि:** रूपया 8,83,13,300.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **कार्य निस्पादित करने का समय:** 36 महीना, **ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 22.01.2027 को 11.00 बजे तक, **विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।**

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/उत्तर महेन्द्रूघाट**

पीआर/1031/सीएन/एन/एमएचएक्स/एसएण्डटी/टी/26–27/40



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in, eercdmedini@gmail.com)**

प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करना है कि Construction of RCC Girder Bridge Over North Koel River in Daltonganj to Chainpur Road (Chainpur Block) में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रगति में है। निर्माण से संबंधित सामग्री एवं भारी वाहनों का प्रवेश होता है। यातायात चालू रहने से गाड़ीयों का आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है।

अतः लोकहित एवं जनहित तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण सें S.N.Sharma के घर से VUP का Wing Wall तक पथ को पुल निर्माण कार्य तक छोटी एवं भारी वाहनों का प्रवेश अगले आदेश तक पूर्णत निषेध किया जाता है।

निदेशानुसार
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 390884 District(26-27).D



**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

**Notice Inviting Tender**
**Very Short e- tender notice no. : 26/2026-27 Dated : 30.09.2026**

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/26/01/26-27 | Construction of RCC drain from Ramakant Dubey house via Bachan Dubey house to Shrawan Dubey house at ward no 03 | 2205000 | 44100 | 5000 | 60 Days | नागरिक सुविधा |
| 02 | UDHD/NPM/26/02/26-27 | Construction of PCC road from Ramakant Dubey house via Bachan Dubey house to Shrawan Dubey house at ward no 03 | 2080500 | 41610 | 5000 | 60 Days | शहरी परिवहन |

**Note :** Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

➢ Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive Officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive Officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-05.10.2026 Time 05:00 P.M | Date- 15.10.2026 Time 5:00 P.M. | **Date 17.10.2026** Time 04:00 P.M |

**Note : 1.** Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
(i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
(ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

**Executive Officer,**
**Nagar Panchayat Manjhiaon**

PR 390887 (Urban Development)26-27*D

संपादकीय

# फिर जल रहा मणिपुर

बीते 3 साल से जातीय हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में अब जनजातीय टकराव की आग में जल रहा है। पहले यह लड़ाई मैतेई विरूद्ध कुकी थी। उसमें कुछ कमी आई तो अब नगा बनाम कुकी मार-काट का दौर शुरू हो गया है। सरकार द्वारा इसे रोकने के सारे प्रयास नाकाफी सिद्ध हो रहे हैं। आलम यह है कि गत 21 सितंबर को 17 साल का छात्र एनके विफ़ेनबो खाने-पीने का सामान खरीदने तामेई शहर जा रहा था, लेकिन रास्ते में कुछ हथियारबंद हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। लियांगमाई नगा जनजाति से था और मारने वाले कुकी जनजाति के लोग थे। स्थिति यह है कि पिछले सात दिनों में मणिपुर में 7 लोगों की हत्या हो चुकी है। ये सभी नगा हैं। नगा और कुकी जनजाति दोनों ही ईसाई धर्म को मानते हैं, लेकिन दोनों के बीच लड़ाई जमीन और वर्चस्व को लेकर है। फिलहाल यह हिंसा प्रतिहिंदसा कुकी जो जनजाति और तांगखुल नगा जनजाति के बीच हो रही है। ये दोनों जनजातियां प्रदेश के 11 पहाड़ी जिलों में बसी हैं। बताया जाता है कि मणिपुर राज्य के सेनापति, उखरूल, तामेंगलांग, कामजोंग और नोनी जिले में नगा लोगों का वर्चस्व है जबकि चूरा चांदपुर,कांगपोकपी,टेंगनौपाल और चंदेल में कुकी का दबदबा है। बाकी के जिलों में दोनों जनजातियों की मिश्रित आबादी रहती है। लेकिन दोनों समुदायों के बीच हिंसा की वजह दोनों जनजातीय के अतिवादी समूह हैं। इसकी शुरूआत इस साल सात फरवरी को उखरुल ज़िले के लिटन गांव में कुकी और नगा जनजाति के कुछ युवकों के बीच शराब के नशे में हाथापाई से हुई थी। उसके दूसरे ही दिन कुछ हथियारबंद बदमाशों ने गांव के दर्जनों घरों को आग लगा दी और इस तरह दोनों जनजातियों के बीच खूनी संघर्ष शुरू हुआ।

दरअसल नगा बहुल इलाकों में कुकी अपना नियंत्रण चाहते हैं। क्योंकि कुकी पूरे इलाके में फैले हुए हैं जबकि नगा लोग एक ख़ास इलाके में बसे हैं। यानी कि नगा बहुल इलाकों में तो कुकी रहते हैं लेकिन कुकी बहुल क्षेत्रों में नगा नहीं रहते। जानकारों के अनुसार पहाड़ों पर रहने वाली दोनों जनजातियों के बीच 1950 के दशक से क्षेत्रीय विवाद चला आ रहा है। 1992 से 1998 के बीच दोनों जनजातियों में व्यापक स्तर पर हिंसक झड़पें हुईं जिसमें सैकड़ों लोगों की जान गई थी। हाल के दिनों में नगा लोगों की हत्या के बाद नगा जनजाति के प्रमुख संगठनों ने जितनी दफ़ा बयान जारी किए हैं, उनमें 'सस्पेंशन ऑफ़ ऑपरेशन्स' के तहत काम कर रहे कुकी हथियारबंद चरमपंथियों पर आरोप मढ़े हैं। जबकि कुकी-ज़ो जनजाति के प्रमुख नागरिक संगठन इन हत्याओं के पीछे एनएससीएन-आईएम और ज़ेलियांगरोंग यूनाइटेड फ्रंट-कामसन नामक चरमपंथी गुट का नाम लेते हैं। मणिपुर के पहाड़ी जिलों में चल रही जातीय हिंसा को नियंत्रण करने के लिए सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फ़ोर्स समेत असम राइफ़ल्स और भारतीय सेना के हज़ारों जवानों को तैनात किया गया है। बावजूद इसके हिंसा में कोई कमी नहीं आ रही है। इस बीच शनिवार को गुवाहाटी में भारत सरकार और मणिपुर सरकार के साथ हुई त्रिपक्षीय बातचीत में बनी सहमति के बाद यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) ने आर्थिक नाकाबंदी को रोकने की घोषणा की है। यह नाकाबंदी पिछले छह महीने से जारी थी। क्षेत्र में जातीय तनाव को दूर करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए शीर्ष अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की मौजूदगी में यूनाइटेड नगा काउंसिल के साथ बैठकें की हैं। नगा चाहते हैं कि कुकी अतिवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। उधर कुकी ग्रेटर कुकीलैंड की मांग कर रहे हैं। जिसे मंजूर नहीं किया जा सकता। इस गंभीर समस्या के समाधान का एक ही रास्ता है। वह है सभी पक्षों से संवाद कर शांति बहाली।

# आयोग में विवाद से उपजा भरोसे का संकट

**महत्वपूर्ण यह है कि अंतिम निर्णय किस कानूनी आधार पर लिया गया और संबंधित सदस्यों को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध थी या नहीं? वर्तमान विवाद के बाद चुनाव आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सभी आधिकारिक आदेश, निर्णय और प्रशासनिक निर्देश पूर्ण कानूनी स्वीकृति के साथ तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत निर्धारित वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जारी किया गया है।लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि किसी संस्था की विश्वसनीयता केवल राजनीतिक बयानबाजी के आधार पर तय न हो।बल्कि निर्वाचन आयोग की वास्तविक मजबूती इस बात में होगी कि वह अपने निर्णयों का स्पष्ट कानूनी आधार बताए, राजनीतिक दलों और नागरिकों की आपत्तियों को सुने तथा जहां संभव हो, निर्णय प्रक्रिया से संबंधित पर्याप्त जानकारी सार्वजनिक करे। लोकतंत्र में चुनाव कराने वाली संस्था की निष्पक्षता का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की राजनीतिक वैधता दांव पर होती है।**

भारतीय चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो चुनाव आयुक्तों के बीच मतभेद को लेकर आई एक रिपोर्ट के बाद देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों चुनाव आयुक्तों ने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने और बहाल करने, फार्म-6 में बदलाव और मतदाता डेटा के प्रबंधन जैसे मामलों पर सवाल उठाए हैं। दोनों आयुक्तों ने मतदाता डेटा और चुनावी सॉफ्टवेयर के केंद्रीकरण को लेकर भी चिंता जताई थी। सीमा खन्ना चुनाव आयोग में आईटी और डिजिटल सिस्टम की प्रमुख अधिकारी हैं। 22 जनवरी 2026 को चुनाव आयोग ने ईसीआईनेट लॉन्च किया गया था। चुनाव आयोग में विवाद ईसीआईनेट और ईआरओनेट के जरिए मतदाता सूची के प्रबंधन को लेकर है।

चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने सवाल उठाया है कि सीमा खन्ना के नेतृत्व वाले आईटी विभाग ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले इलेक्ट्रॉल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओएस) की पहुंच और उनके वैधानिक अधिकारों को सीमित कर दिया है। जिस तरह गोवा में ईआरओ वोटर लिस्ट सिस्टम में बदलाव नहीं कर सके। जबकि उनके पास इसकी वैधानिक ताकत थी। लेकिन केंद्र में बैठी सीमा खन्ना का विभाग इस काम को आसानी से कर रहा था। जबकि उनके पास वोटर लिस्ट सिस्टम में बदलाव या छेड़छाड़ का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था। इस विवाद का सबसे अहम उदाहरण गोवा का सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गोवा में 97 मतदाताओं के मामलों की स्थानीय ईआरओ स्तर पर जांच हुई और उन्हें मतदाता सूची में शामिल किए जाने के योग्य पाया गया। लेकिन संबंधित नामों को अंतिम मतदाता सूची में शामिल करने में सॉफ्टवेयर और डेटाबेस एक्सेस से जुड़ी समस्या सामने आई। ईआरओ इसे मतदाता सूची सिस्टम में डाल ही नहीं पा रहे थे। गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ्तर ने इस समस्या के समाधान और रोलबैक फैसलिटी उपलब्ध कराने के लिए 11 से 17 फरवरी 2026 के बीच चुनाव आयोग को आठ बार ईमेल भेजा था। इस कम्युनिकेशन में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश भारती को संबोधित किया गया था और सीमा खन्ना को भी उसकी कॉपी भेजी गई थी। परन्तु केन्द्रीय चुनाव आयोग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं किया गया। इस मामले में दोनों चुनाव आयुक्तों ने कैबिनेट सेक्रेटरी को भी पत्र लिखा था।

दूसरी ओर 18 वर्ष के नए युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की हर साल होने वाली स्पेशल समरी रिवीजन(एसएसआर) प्रक्रिया 2024 के बाद से लंबित है। हाल के दिनों में निर्वाचन आयोग को लेकर दो स्तरों पर बहस तेज हुई है। पहला सवाल आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर और दूसरा मतदाता सूचियों का एसआईआर को लेकर है। इसके साथ ही आयोग के भीतर निर्णयों पर मतभेद की खबरों ने भी संस्था की आंतरिक कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर चर्चा को बढ़ाया है। भारत का निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो संविधान के अनुच्छेद 324, वैधानिक नियमों और स्थापित संस्थागत परंपराओं के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करता है। जो एक बहुसदस्यीय संवैधानिक निकाय के रूप में कार्य करता है।चुनाव कराने वाली संस्था पर उठते सवाल के कारण उसकी विश्वसनीयता कमजोर हुई है। लोकतंत्र में चुनाव केवल मतपत्र या इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से सरकार चुनने की प्रक्रिया नहीं है। चुनाव की पूरी व्यवस्था पर नागरिकों का भरोसा लोकतंत्र की वास्तविक ताकत है।

दो चुनाव आयुक्तों द्वारा उनकी जानकारी के बिना लिए गए विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर सबंधी निर्णयों पर कई आपत्तियां दर्ज कराई थी।विगत कई वर्षों तक मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद द्वारा कोई अलग कानून नहीं बनाया था। मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ मामले में कहा था कि जब तक संसद इस विषय में कानून नहीं बनाती, तब तक नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सलाह पर होनी चाहिए। न्यायालय ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए महत्वपूर्ण माना था। इसके बाद संसद ने 2023 में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और कार्यकाल से संबंधित कानून बनाया। इस कानून में चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री को शामिल किया गया। इस व्यवस्था में मुख्य न्यायाधीश को समिति से बाहर कर दिया गया। यही प्रावधान अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का विषय है।

23 सितंबर 2026 को सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ में इस मामले पर अलग-अलग मत सामने आए हैं। इसके बाद मामला संविधान पीठ के समक्ष रखे जाने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा गया है। इसका अर्थ यह नहीं है कि नियुक्ति कानून असंवैधानिक घोषित हो गया है, बल्कि अब इसकी संवैधानिक वैधता पर बड़े पीठ के स्तर पर विचार का रास्ता खुला है। यहीं लोकतंत्र का मूल प्रश्न सामने आता है कि चुनाव कराने वाली संस्था जितनी स्वतंत्र दिखाई देगी, चुनाव परिणामों और चुनाव प्रक्रिया पर नागरिकों का विश्वास उतना ही मजबूत होगा। मतदाता सूची लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो मतदान केंद्र पर उसकी राजनीतिक भागीदारी संभव नहीं होगी। इसी कारण मतदाता सूची का शुद्धीकरण एक आवश्यक प्रक्रिया है। निर्वाचन आयोग का तर्क रहा है कि मृत, स्थानांतरित, दोहरे या अपात्र नामों को हटाना जरूरी है।

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान देश भर में ड्राफ्ट रोल से 13 करोड़ से ज्यादा नाम हटाए जाने से पारदर्शिता पर सवाल खड़ा हो गया है। पात्र नागरिकों के नाम सूची से कट जाने का डर और पूरी सत्यापन प्रक्रिया की जटिलता से आम मतदाता चिंतित है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर नागरिक संगठनों और राजनीतिक दलों की ओर से यह चिंता सामने आई कि सत्यापन की कठिन प्रक्रिया के कारण वास्तविक मतदाता कहीं सूची से बाहर न हो जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2026 में बिहार एसआईआर की वैधानिकता को बरकरार रखा, लेकिन मतदाता सूची से जुड़े विवाद ने यह स्पष्ट कर दिया कि सूची सुधार और मताधिकार संरक्षण के बीच संतुलन कितना महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी मतदाता सूची पुनरीक्षण की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि कितने अपात्र नाम हटाए गए। यह भी देखना होगा कि कितने पात्र नागरिकों के नाम सुरक्षित रहे, कितने नाम हटाए गए लोगों को समय पर सूचना मिली और उन्हें अपना पक्ष रखने तथा अपील करने का वास्तविक अवसर मिला। दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले दस महीनों में आयोग के कुछ निर्णयों, विशेष रूप से एसआईआर से जुड़े मामलों पर कई बार आपत्तियां दर्ज की थी। लोकतांत्रिक संस्थाओं में असहमति विचार-विमर्श और निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा हो सकती है।

महत्वपूर्ण यह है कि अंतिम निर्णय किस कानूनी आधार पर लिया गया और संबंधित सदस्यों को पर्याप्त जानकारी उपलब्ध थी या नहीं? वर्तमान विवाद के बाद चुनाव आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सभी आधिकारिक आदेश, निर्णय और प्रशासनिक निर्देश पूर्ण कानूनी स्वीकृति के साथ तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 के तहत निर्धारित वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए जारी किया गया है।लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि किसी संस्था की विश्वसनीयता केवल राजनीतिक बयानबाजी के आधार पर तय न हो।बल्कि निर्वाचन आयोग की वास्तविक मजबूती इस बात में होगी कि वह अपने निर्णयों का स्पष्ट कानूनी आधार बताए, राजनीतिक दलों और नागरिकों की आपत्तियों को सुने तथा जहां संभव हो, निर्णय प्रक्रिया से संबंधित पर्याप्त जानकारी सार्वजनिक करे। लोकतंत्र में चुनाव कराने वाली संस्था की निष्पक्षता का महत्व इसलिए अधिक है क्योंकि चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की राजनीतिक वैधता दांव पर होती है।

यदि किसी चुनाव प्रक्रिया पर समाज के एक बड़े हिस्से का भरोसा कमजोर पड़ता है, तो चुनाव परिणाम संवैधानिक रूप से वैध होने के बावजूद उनकी सार्वजनिक स्वीकार्यता पर बहस शुरू हो सकती है। इसलिए निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता किसी एक दल की सुविधा या किसी दूसरे दल की शिकायत का विषय नहीं होना चाहिए।

अध्यात्म

## सही निर्णय लेने में देर न करें

महाभारत युद्ध अपने अंतिम चरण में था। एक ओर अर्जुन और दूसरी ओर कर्ण थे। दोनों एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे थे। युद्ध के बीच अचानक कर्ण के रथ का पहिया जमीन में धंस गया। कर्ण रथ से नीचे उतरे और पहिया निकालने की कोशिश करने लगे। दूसरी ओर अर्जुन ने अपने धनुष पर बाण चढ़ा रखा था। कर्ण ने अर्जुन से कहा, 'तुम एक निहत्थे योद्धा पर वार मत करो। मुझे अपना रथ का पहिया निकाल लेने दो। इसके बाद मैं फिर से तुम्हारे साथ युद्ध करूंगा। एक योद्धा को युद्ध के नियमों का पालन करना चाहिए। तभी श्रीकृष्ण ने कर्ण को उसकी पुरानी बातें याद दिलाईं। उन्होंने कहा कि जब द्रौपदी का अपमान हुआ, तब धर्म की बात क्यों नहीं की गई? जब जुए में छल हुआ, तब धर्म कहां था? वनवास पूरा करने के बाद पांडवों को उनका अधिकार नहीं दिया गया, तब धर्म की याद क्यों नहीं आई? अभिमन्यु को भी अनेक योद्धाओं ने मिलकर घेरा और मार दिया। तब युद्ध के नियमों का पालन क्यों नहीं किया गया? श्रीकृष्ण ने कर्ण से कहा कि जब मनुष्य स्वयं गलत कामों का साथ देता है, तब केवल अपनी मुसीबत के समय धर्म की दुहाई देना उचित नहीं है। श्रीकृष्ण की बातें सुनकर कर्ण निराश हो गए। इसके बाद श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि तुम अपने कर्तव्य से पीछे मत हटो, बाण चलाओ। अर्जुन ने बाण चलाया और कर्ण की मृत्यु हो गई। कर्ण महान दानवीर थे, साहसी थे और एक कुशल योद्धा थे। फिर भी उन्होंने कई बार दुर्योधन के गलत कार्यों का साथ दिया। उनकी अच्छाइयां थीं, लेकिन गलत पक्ष का साथ देने का परिणाम भी भुगतना पड़ा। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि केवल अच्छा इंसान होना पर्याप्त नहीं है। हमें सही समय पर सही पक्ष का साथ भी देना चाहिए। अगर हम गलत काम होते देखकर चुप रहते हैं या अपने स्वार्थ के लिए गलत लोगों का साथ देते हैं, तो एक दिन उन्हीं फैसलों का असर हमारे जीवन पर पड़ सकता है। इसलिए जीवन में हमेशा न्याय, सच्चाई और सही काम का साथ देना चाहिए।

**प्रसंग की सीख :** सही समय पर सही बात का साथ दें - गलत काम देखकर चुप रहना भी कई बार गलत काम का समर्थन बन जाता है। परिवार, नौकरी या समाज में जब कुछ गलत हो रहा हो, तो अपनी क्षमता के अनुसार सही बात का साथ देना चाहिए। दोस्ती में भी गलत का समर्थन न करें - किसी का दोस्त या अपना होने का मतलब यह नहीं है कि उसकी हर बात सही मान ली जाए। सच्चा दोस्त वही है जो गलत रास्ते पर जाने से रोके। अगर कोई अपना व्यक्ति गलत काम कर रहा है, तो उसे प्रेम से समझाना चाहिए।

स्वार्थ के कारण सही रास्ता न छोड़ें - कई बार हमें अपना फायदा दिखाई देता है और हम सब कुछ जानते हुए भी गलत फैसले ले लेते हैं, लेकिन थोड़े समय का फायदा आगे चलकर बड़ी परेशानी बन सकता है। इसलिए फैसला लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि उसके परिणाम भी देखें, सही-गलत का विचार जरूर करें।

# मतदाता सूची का शुद्धिकरण या नया विवाद?

**बिहार में 2003 की पिछली intensive revision को महत्वपूर्ण आधार बनाया गया। जिन लोगों के नाम उस सूची में थे, उनके लिए प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल थी, जबकि बाद में जुड़े मतदाताओं से निर्धारित दस्तावेज माँगे गए। सुप्रीम कोर्ट के 27 मई 2026 के निर्णय ने बिहार SIR को वैध माना और कहा कि आयोग को मतदाता सूची में पात्रता निर्धारित करने के लिए सीमित रूप से नागरिकता की जाँच करने की शक्ति है। शुद्धिकरण हो, लेकिन बहिष्करण नहीं: मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। मृत व्यक्ति, स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति और डुप्लीकेट नाम हटना ही चाहिए। लेकिन प्रश्न यह है कि शुद्धिकरण की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक ही सूची से बाहर न हो जाए।**

सिर (सर)-दर्द'' की दवाई ''सेरिडान'', ''एनासिन'' हम रेडियो टीवी के विज्ञापन में सुनते रहे हैं। इसे लेने से तत्काल आराम, पर 'लत' बनी तो? लीवर खराब। लोकतंत्र जिसकी आधार-भूत संरचना विभिन्न संवैधानिक संस्थाओंद्व लोकसभा, विधानसभाओं के शुद्ध, पारदर्शी व समावेशी मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराए जाने का दायित्व संवैधानिक व्यवस्था (तंत्र) चुनाव आयोग का अंपायर के रूप में, खिलाड़ी के रूप में नहीं है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में वर्ष 2025 में बिहार चुनाव के पहले, पहली बार ''सर'' (एसआईआर) 'विशेष गहन पुनरावलोकन' की कवायद की। लेकिन जब दर्द के इलाज की 'प्रक्रिया' से ही 'नया दर्द' पैदा होने लगे, सवालों के घेरे में आ जाए, तब 'प्रक्रिया पर प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है '। दुर्भाग्य वश चुनाव आयोग की कार्रवाई 'सर' से उत्पन्न दर्द का इलाज दूसरी संवैधानिक संस्था (तंत्र) '' न्यायालय '' भी नहीं कर सकी। यद्यपि बिहार में की गई ''सर'' की कार्रवाई को संवैधानिक मान्यता प्रदान की।

आयोग के अनुसार इसका मूल उद्देश्य साफ है—कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रह जाए और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में न रहे। इसमें BLO अर्थात् Booth Level Officer घर-घर जाकर Enumeration Form उपलब्ध कराते हैं। पुराने रिकॉर्ड से नामों का मिलान होता है। प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित



होती है। इसके बाद दावे और आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती हैं। आवश्यक होने पर नोटिस दिया जाता है, सुनवाई होती है और फिर अंतिम सूची प्रकाशित की जाती है।

बिहार में 2003 की पिछली intensive revision को महत्वपूर्ण आधार बनाया गया। जिन लोगों के नाम उस सूची में थे, उनके लिए प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल थी, जबकि बाद में जुड़े मतदाताओं से निर्धारित दस्तावेज माँगे गए। सुप्रीम कोर्ट के 27 मई 2026 के निर्णय ने बिहार SIR को वैध माना और कहा कि आयोग को मतदाता सूची में पात्रता निर्धारित करने के लिए सीमित रूप से नागरिकता की जाँच करने की शक्ति है।

शुद्धिकरण हो, लेकिन बहिष्करण नहीं: मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। मृत व्यक्ति, स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्ति और डुप्लीकेट नाम हटना ही चाहिए। लेकिन प्रश्न यह है कि शुद्धिकरण की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक ही सूची से बाहर न हो जाए।

बिहार में 24 जून 2025 को लगभग 7.89 करोड़ मतदाता थे। प्रारूप सूची में लगभग 65 लाख नाम शामिल नहीं किए गए। बाद में दावे-आपत्तियों के बाद अंतिम सूची में 3.66 लाख और नाम हटे, जबकि लगभग 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए। अंतिम सूची में लगभग 7.42 करोड़ मतदाता रहे।

65 लाख नामों में आयोग ने मृत्यु, स्थायी पलायन, अनुपस्थिति और दूसरे स्थान पर पंजीकरण जैसी श्रेणियाँ बताईं। इसका अर्थ यह नहीं कि ये सभी 65 लाख लोग 'फर्जी' थे। यही अंतर सार्वजनिक बहस में स्पष्ट रहना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट की भूमिका: बिहार SIR को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुँचा। न्यायालय ने प्रक्रिया पर तत्काल रोक नहीं लगाई, लेकिन उसने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अगस्त 2025 में उसने लगभग 65 लाख प्रारूप-स्तर पर बाहर हुए नामों की searchable सूची और हटाने के कारण सार्वजनिक करने को कहा। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसी कार्रवाई के नागरिक पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं, इसलिए निष्पक्ष प्रक्रिया आवश्यक है। बाद में न्यायालय ने पात्र मतदाताओं की सुविधा के लिए राजनीतिक दलों के BLAs को भी दावे-आपत्तियों में सहायता करने का निर्देश दिया।

अंततः 27 मई 2026 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने बिहार SIR को संवैधानिक और वैधानिक ढाँचे के भीतर माना। इसलिए यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने बिहार स्ढ्ढक्र को असंवैधानिक ठहरा दिया या उसकी पूरी प्रक्रिया को अवैध कहा। लेकिन न्यायिक वैधता और प्रशासनिक पारदर्शिता दो अलग प्रश्न हैं।

घुसपैठिए' कहाँ हैं?: SIR को लेकर सार्वजनिक विमर्श में एक बड़ा तर्क यह रहा कि इसका उद्देश्य अवैध विदेशी या घुसपैठिए मतदाताओं की पहचान करना भी है। यदि ऐसा है तो स्वाभाविक प्रश्न है—इस प्रक्रिया में कितने ऐसे लोग प्रमाणित रूप से विदेशी पाए गए? उनके विरुद्ध क्या कानूनी कार्रवाई हुई?

मतदाता सूची से नाम हटाना और किसी व्यक्ति को विदेशी या 'घुसपैठिया' घोषित करना एक ही बात नहीं है। यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए आँकड़ों को राजनीतिक नारे की तरह नहीं, बल्कि प्रमाणित प्रशासनिक परिणाम के रूप में सामने रखना चाहिए।

लोकतंत्र का मूल सिद्धांतः मतदाता सूची में सुधार का उद्देश्य होना चाहिए—एक भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और एक भी अपात्र व्यक्ति शामिल न रहे। यही दोहरी कसौटी स्ढ्ढक्र की सफलता का वास्तविक पैमाना है। यदि मृतक का नाम हटता है तो यह शुद्धिकरण है। यदि डुप्लीकेट नाम हटता है तो यह सुधार है। लेकिन यदि दस्तावेजी या तकनीकी समस्या के कारण पात्र नागरिक का नाम मतदान के समय सूची में नहीं रहता, तो सवाल केवल एक व्यक्ति का नहीं रह जाता—वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता का सवाल बन जाता है।

यही कारण है कि बिहार से निकला SIR केवल मतदाता सूची का प्रशासनिक अभियान नहीं रहा। वह धीरे-धीरे संविधान, मताधिकार, नागरिकता, प्रशासनिक प्रक्रिया और न्यायिक निगरानी की बहस बन गया। और यही 'सर' आगे चलकर पश्चिम बंगाल, गोवा और अन्य राज्यों में एक बड़े 'सर-दर्द' का रूप लेने लगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज जीवनसाथी से संवाद बढ़ेगा। जीवनसाथी व व्यापारिक साझेदार से जुड़ी बातचीत में आज स्पष्टता और मिठास बढ़ेगी। चंद्रदेव और शनिदेव की युति व्यय भाव में और निकट आ रही है।

**वृषभ**
आज दिनचर्या और कार्यक्षेत्र के लिए विशेष शुभ दिन है। स्वास्थ्य के लिए दिन शुभ रहेगा। हालांकि, त्वचा संबंधी परेशानी और किडनी से जुड़ी किसी बीमारी को नजरअंदाज न करें।

**मिथुन**
आज वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। आपके संतान व रचनात्मकता भाव में प्रवेश कर चुके हैं, इसलिए रचनात्मक कार्यों, शिक्षा व प्रेम से जुड़े

**कर्क**
आज पारिवारिक रिश्तों में बढ़ेगी मिठास। पारिवारिक रिश्तों में आज मिठास और संवाद बढ़ेंगे। भाग्य का साथ पूरी तरह से नहीं मिलने से दबाव महसूस करेंगे।

**सिंह**
आज आय के मजबूत स्रोत बनेंगे। वित्तीय मामलों में सीधी और स्पष्ट सोच रहेगी। आज गुप्त मामलों व दस्तावेज़ों में सतर्कता रखें। गहरी भावनाओं को लेकर मानसिक भारीपन महसूस हो सकता है।

**कन्या**
आज पारिवारिक मामलों में रहेगी मिठास। आपके व्यक्तित्व में मजबूती दिखेगी। वाणी और धन के मामलों में आज लाभ के संकेत हैं।

**तुला**
आज व्यक्तित्व, बुद्धि और आकर्षण का दुर्लभ संयोग बन रहा है। प्रेम जीवन के लिए दिन विशेष रूप से शुभ रहेगा। दिनचर्या व पाचन संबंधी मामलों में आज सतर्कता रखें।

**वृश्चिक**
आज प्रेम जीवन में भावनात्मक गंभीरता रहेगी। उच्च शिक्षा से जुड़े मामलों में आगे बढ़ने के मौके बन सकते हैं। भाग्य का साथ मिलने से रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे।

**धनु**
आज आय के नए अवसर बनेंगे, घर के मामलों में धैर्य रखें। गुप्त ज्ञान, शोध, बीमा, फाइनेंस के मामलों में अच्छी सोच के साथ काम करेंगे। बुधदेव शुक्रदेव के साथ आपके लाभ भाव में प्रवेश कर चुके हैं।

**मकर**
आज कार्यक्षेत्र में सफलता का विशेष शुभ दिन है। आज गंभीरता से काम लेने की जरूरत रहेगी, धैर्य रखें। कार्यक्षेत्र में आज संवाद व आकर्षण का विशेष लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
आज धन से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी न करें। आज आपका आकर्षण चरम पर रहेगा। अपनी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिए आप शिद्दत से काम करेंगे।

**मीन**
आज व्यापारिक साझेदारी से लाभ मिलेगा। व्यक्तित्व में गहरी भावनात्मक गंभीरता और आत्म-अनुशासन का दिन रहेगा। निर्णयों में देरी या भावनात्मक भारीपन से बचें।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ सुधीर कुमार को मिला 'युवा उपलब्धि नेता पुरस्कार'



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनुक्षी एडवांस फिजियोथैरेपिस्ट एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर के डायरेक्टर डॉ सुधीर कुमार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं एवं नेतृत्व क्षमता के लिए प्रतिष्ठित 'युवा उपलब्धि नेता पुरस्कार' (IAP Excellence Awards 2026) प्रदान किया। समस्त चिकित्सा जगत एवं उनके शुभचिंतकों ने डॉ. सुधीर कुमार को शुभकामनाएँ दी ही।

### गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण' पर संगोष्ठी आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य एवम कल्याण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रेनू कुमारी के सौजन्य से किया गया। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की कुलानुशासक डॉ. कीर्ति ने मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों



को मानसिक तनाव एवं अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित सहायता लेने की सलाह दी। मुख्य वक्ता डॉ. मनोरंजन प्रसाद, वरिष्ठ मनोचिकित्सक, ने मानसिक तनाव, अवसाद तथा अन्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं के प्रारंभिक संकेतों को पहचानने और समय रहते विशेषज्ञ की सहायता लेने पर जोर दिया।प्राचार्या श्यामा राय ने छात्राओं से मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने पर जोर दिया।अंत में डॉ. बिधु बाला ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### नूरा हाई स्कूल मॉडल स्कूल के रूप में चयनित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार राज्य के सभी प्रखंडों में सरस्वती विद्या मंदिर का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मसौढ़ी प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय नूरा को मॉडल स्कूल के रूप में चिन्हित किया गया है। शिक्षा विभाग के आदेश के आलोक में सभी सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालयों को नोडल पदाधिकारी द्वारा गोद लेना है। इसके तहत मसौढ़ी के प्रखंड विकास पदाधिकारी को



नूरा विद्यालय का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी धनराज कुमार की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. मनौवर आलम, सभी शिक्षक, बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।संगोष्ठी में अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन समय पर विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। साथ ही मॉडल स्कूल के रूप में विद्यालय में बेहतर शिक्षा, आधारभूत संरचना और अनुशासन को लेकर चर्चा की गई।अधिकारियों ने कहा कि सरकार का उद्देश्य मॉडल स्कूल के माध्यम से सरकारी विद्यालयों में निजी विद्यालयों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

### बाल सुरक्षा को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर बुधवार को घोसवरी थाना पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण एसपी के निर्देश पर आयोजित अभियान के दौरान पुलिस ने ह्लसुरक्षित महिला, सुरक्षित बच्चा और सुरक्षित समाजह्व का संदेश दिया। घोसवरी अवर थानाध्यक्ष अमन राज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों को महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके बाद पुलिस टीम सरकारी



विद्यालय पहुंची, जहां छात्राओं और शिक्षकों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं और महिलाओं से अपील की कि छेड़खानी, उत्पीड़न, हिंसा अथवा किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में चुप न रहें और तत्काल पुलिस को सूचना दें।अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। किसी भी शिकायत की सूचना मिलने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई का प्रयास करेगी।अभियान में बाढ़ थानाध्यक्ष पूर्णेन्दु कुमार के साथ बड़ी संख्या में महिला पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

### शिविर में आवेदन जमा करने को लेकर मची आपा धापी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बसेरा अभियान 2.0 के तहत भूमिहीनों को तीन डिसमिल जमीन देने के लिए अंचल कार्यालयों में आवेदनों का महा मेला लगा है। इसी कड़ी में मसौढ़ी अंचल के शहीद संजय सिन्हा सभागार में को अव्यवस्था के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें तीन महिलाएं गिरकर जख्मी हो गईं। बताया जा रहा है कि इन दिनों लगातार उमड़ रही भीड़ के मुकाबले कर्मचारियों की संख्या



काफी कम है। लोग लंबी कतार में खड़े होकर घंटों आवेदन जमा करने का इंतजार कर रहे हैं। गुरुवार दोपहर भीड़ लाइन में न लगकर मुख्य गेट पर जमा हो गई और अंदर प्रवेश करने के लिए आपाधापी मच गई। जैसे ही गेट खोला गया, धक्का-मुक्की में कई महिलाएं गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद अंचल गार्ड ने तुरंत स्थिति को संभाला। आवेदन जमा करने आई खरांट, निशियावां, दहिभता, उसमानचक, भगवानगंज समेत कई गांवों की महिलाओं ने व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि काउंटर और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि घंटों लाइन में खड़ा न रहना पड़े।जख्मी महिलाओं और आवेदन करने आई अन्य लाभार्थियों ने व्यवस्था पर सवाल उठाए। भगवानगंज की सविता देवी ने कहा, सुबह 10 बजे से लाइन में खड़ी हूं, दोपहर हो गई। काउंटर बढ़ाया जाए। वहीं उसमानचक की रिंकू देवी ने कहा, भीड़ बहुत है, बुजुर्ग महिलाएं घंटो खड़ी हैं। अंचलाधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है और शुक्रवार से दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाएंगे, ताकि लोगों को परेशानी न हो। लाभार्थियों ने मांग की है कि बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाए।

### गोल्ड निवेश होगा ज्यादा आसान और पारदर्शी

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोल्ड में निवेश को आसान और ज्यादा व्यवस्थित बनाने के लिए डिजिटल विकल्पों की जरूरत बढ़ रही है। इसी दिशा में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने ऑगमोंट एंटरप्राइजेस लिमिटेड की सब्सिडियरी ऑगमोंट गोल्ड टेक प्राइवेट लिमिटेड को इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को बढ़ावा देने के लिए अपने पैनल में प्रमुख साझेदार के रूप में शामिल किया है। इस साझेदारी के तहत ईजीआर बनाने और उन्हें दोबारा फिजिकल गोल्ड में बदलने की प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ ईजीआर में ट्रेडिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। ऑगमोंट गोल्ड वैल्यू चेन में अपने अनुभव के आधार पर डिजिटल फ्रेमवर्क को बेहतर बनाने के साथ ईजीआर के विकास के लिए तकनीकी और जमीनी स्तर पर सहयोग देगा। एनएसई के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर श्री श्रीराम कृष्णन ने कहा कि यह साझेदारी ईजीआर के लिए मजबूत इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# एएनएस कॉलेज को मिली बड़ी सौगात खुलेगा इग्नू का लर्निंग सपोर्ट सेंटर

**ग्रामीण छात्रों को मिलेगा लाभ**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित महाविद्यालय एएनएस कॉलेज, बाढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। महाविद्यालय को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के लर्निंग सपोर्ट सेंटर की स्वीकृति प्राप्त हो गई है, जिसका लाभ 40 किमी के दायरे के ग्रामीण छात्रों को मिलेगा।यह महत्वपूर्ण सफलता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ.शशि प्रताप शाही के अथक प्रयास और मार्गदर्शन से संभव हो पाई है।इस संबंध में प्राचार्य प्रो. डॉ. शशि प्रताप शाही के नेतृत्व में प्रो. अंजुम अशरफी और डॉ. श्वेता रॉयने इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ई. कृष्णा राव और उनकी टीम से मुलाकात की। टीम में डॉ. आसिफ इकबाल (उप निदेशक), डॉ. नीलू शर्मा (सहायक क्षेत्रीय निदेशक) और श्री जय प्रकाश ओझा (उप कुलसचिव)शामिल रहे। मुलाकात के दौरान सेंटर को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और अंतिम सहमति बनी।यह केंद्र "छात्रों की मदद छात्र करेंगे"की सोच पर आधारित है। इसके तहत कॉलेज के विद्यार्थी आसपास के गांवों के छात्रों को पढ़ाई, अध्ययन सामग्री और परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन देंगे।प्राचार्य ने बताया कि इस सेंटर के शुरू होने से बाढ़, मोकामा, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बेलछी सहित पूरे अनुमंडल के हजारों छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। अब छात्रों को बीए, एमए, बीकॉम, एमकॉम, बीएससी, एमएससी सहित कई डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए पटना या अन्य बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

## एएनएस कॉलेज में सुमित्रा ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर पौधारोपण



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुमित्रा एजुकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट के स्थापना दिवस के अवसर पर आज एएनएस कॉलेज, बाढ़ के परिसर में सघन पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया।कॉलेज परिसर को हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से यह अभियान सुमित्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष व Essarve Solutions Pvt. Ltd. के निदेशक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।इस दौरान परिसर में औषधीय वाटिका विकसित करने हेतु विभिन्न औषधीय पौधों के रोपण के लिए लेआउट भी तैयार किया गया। डॉ. राजीव रंजन, डॉ. मो. जमीर रजा, डॉ. वरुण, रणधीर सर, डॉ. विजय, डॉ. नीतिका सिंह और प्रवीण सर सहित महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रिफॉर्म उत्सव के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर में हिंदी पखवाड़ा-2026 का समापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रिफॉर्म उत्सव के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में हिंदी पखवाड़ा-2026 का समापन-सह-पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ.अनुप दास ने की। कार्यक्रम में वीरेंद्र कुमार यादव, सदस्य, हिंदी सलाहकार समिति, भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वीरेंद्र कुमार यादव ने 'विकसित भारत में राजभाषा हिंदी का योगदान' विषय पर अपने सारगर्भित व्याख्यान में कहा कि कृषि एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग से वैज्ञानिक तकनीकों, नवाचारों और अनुसंधान परिणामों को किसानों एवं आमजन तक सरलता से पहुंचाया जा सकता है। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ संस्थान के कार्यालयी एवं वैज्ञानिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान का पटना मुख्यालय तथा रांची केंद्र दोनों भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित हैं। अतः, हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने प्रशासनिक कार्यों का शत-प्रतिशत निष्पादन हिंदी में करें। हिंदी पखवाड़ा-के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, हिंदी कार्यशालाओं में व्याख्यान देने वाले अधिकारियों को भी प्रशस्ति-पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## मोकामा के औंटा निवासी मेजर आशीष रंजन ने रचा नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता स्वर्ण पदक



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औंटा गांव निवासी और आर्मी में तैनात मेजर आशीष रंजन ने पुणे में आयोजित नेशनल फिनस्विमिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। उन्होंने मास्टर ३० पुरुष वर्ग की 50 मीटर सरफेस फिनस्विमिंग स्पर्धा में 21.01 सेकेंड का समय दर्ज कर नया नेशनल टाइमिंग रिकॉर्ड बनाया।खास बात यह है कि आशीष रंजन ने अपना ही पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने पिछले वर्ष 23.85 सेकेंड का समय दर्ज कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया था। इस उपलब्धि के बाद उन्होंने इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मिस्त्र (ऍ८स्त्र३) में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।इस वर्ष पुणे में उन्होंने अपने पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 21.01 सेकेंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से औंटा सहित पूरे मोकामा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों ने इसे कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताते हुए उन्हें बधाई दी है।

## तिनेरी में आपसी विवाद में महिला पर लाठी-रॉड से हमला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नदौल थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव में बुधवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना हुई है। पीड़िता सुनैना देवी पति सतेन्द्र पासवान ने नदौल थाने में लिखित शिकायत दी है। पीड़िता के अनुसार 30 सितंबर को सुबह 9 बजे वह अपनी पोती के साथ बागिचे में बैठी थी। तभी पड़ोसी गांव जमालपुर निवासी रंजन ठाकुर, विमल ठाकुर, सबिता देवी पति रंजन ठाकुर, सुमन कुमार, अमन कुमार, ब्यूटी कुमारी, राजेश ठाकुर की पत्नी समेत 10 लोग लाठी-डंडा और लोहे का रॉड लेकर जाति सुचक गाली-गलौज करते हुए आए और उन्हें पकड़कर पटक दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उनकी पोती को उठाकर फेंक दिया गया जिससे उसे भी चोट आई।घटना के बाद पीड़िता अपने बेटे के साथ प्राथमिकी दर्ज कराने थाना आई, जहां से पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा।

## मसौढ़ी में 'आंगन का मिलन' और पोषण माह पर विशेष कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समेकित बाल विकास परियोजना, मसौढ़ी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर 'आंगन का मिलन' एवं राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और सही पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस दौरान आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने बेटी बचाओ, पेड़ बचाओ, संतुलित आहार जैसे विषयों पर सुंदर चित्र बनाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समर्पित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ अनिता कुमारी ने बताया कि सही पोषण, स्वास्थ्य और संतुलित आहार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए केंद्र पर आकर्षक रंगोली और पोषक खाद्य सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। रंगोली के माध्यम से पोषण पखवाड़ा और आंगन के मिलन का सुंदर संदेश दिया गया। बच्चों को हरी सब्जी, फल, दाल और मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि कुपोषण को हराने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। सभी माताओं और अभिभावकों को अपने बच्चों को संतुलित आहार देने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका, बड़ी संख्या में बच्चे और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

## मसौढ़ी में एससी/एसटी अनुश्रवण समिति की बैठक

**नाला सफाईकर्मियों को जूते-ड्रेस और सुरक्षा उपकरण देने पर दिया गया जोर**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल कार्यालय में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता एसडीएम धनराज कुमार ने की। बैठक में फुलवारी विधायक श्याम रजक विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 राघव दयाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2, डीसीएलआर सोनाली, सभी प्रखंडों के बीडीओ, सभी थानों के थानाध्यक्ष, पुनपुन नगर पंचायत और मसौढ़ी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।एसडीएम धनराज कुमार ने कहा कि एससी/एसटी से जुड़े मामलों में लापरवाही और उदासीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए समिति सदस्यों को टास्क दिया गया है। बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नाला सफाई में लगे सफाईकर्मियों की सुरक्षा पर जोर दिया गया। एसडीएम ने नगर परिषद और नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाला सफाई करने वाले कर्मियों को अनिवार्य रूप से जूते, ड्रेस, दस्ताने, मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बिना सुरक्षा किट के किसी भी कर्मी को नाले में नहीं उतारा जाए। वहीं डीएसपी राघव दयाल ने कहा कि थानों में रउ/रळ से जुड़े जो भी मामले लंबित हैं, उनका गंभीरता से अनुसंधान कर जल्द निष्पादन किया जाए। उन्होंने सभी थानेदारों को चेतावनी दी कि एससी/एसटी मामलों में लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मौके पर समिति के सदस्य संतोष पासवान, कमलेश कुमार, अनामिका पासवान, विनोद भारती, देवशरण सहित अन्य मौजूद थे।

## धनरुआ में रिटायर्ड जवान लापता, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के भखरी गांव से एक 75 वर्षीय सेवानिवृत्त सीआईएसएफ जवान के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने सोने के लॉकेट और रुपये के लालच में अज्ञात अपराधियों द्वारा हत्या कर शव गायब करने की आशंका जताई है। इस संबंध में धनरुआ थाने में कांड संख्या 678/26 दर्ज किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति की पहचान जयराम रजक, पिता स्व. वसंत रजक, उम्र 75 वर्ष के रूप में हुई है। मूल रूप से ग्राम+पोस्ट पेनारम, थाना मेहना, जिला के निवासी थे, लेकिन वर्तमान में कई वर्षों से भखरी गांव में अपना मकान बनाकर रह रहे थे। वे सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त थे।इस संबंध में उनके दामाद पप्पू रजक, पिता चलेकार रजक, ग्राम+पोस्ट भखरी, ने थाने में आवेदन दिया है।

## पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले के पांचवें दिन उमड़ा जनसैलाब, पिंडदानियों की भारी भीड़







**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में चल रहे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले के पांचवें दिन सोमवार को पिंडदानियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही पुनपुन घाट और मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब देखा गया। मेले में

**जयपुर, राजस्थान, गुजरात, यूपी, महाराष्ट्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालु,**

बिहार के अलावा जयपुर, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र समेत देश के कई राज्यों से हजारों की संख्या में पिंडदानी अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पुनपुन पहुंचे हैं। और अब तक 20 हजार से अधिक पिंडदानियों ने पिंडदान किया है। पूरे मेला क्षेत्र में "पितृ देवो भवः" के जयकारे गूंजते रहे। पुनपुन पांडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने बताया कि पितृपक्ष के पांचवें दिन पिंडदान का काफी धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पिंडदान करने से पितरों को विशेष शांति मिलती है और पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रशासन और पांडा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन भीड़ बढ़ती जा रही है और अगले कुछ दिनों में भीड़ और बढ़ने की उम्मीद है। घाटों पर सुरक्षा के लिए एसडीआरएफ, पुलिस बल और वॉलंटियर्स तैनात किए गए हैं।

## टी.पी.एस. कॉलेज में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह**



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व हृदय सप्ताह के अवसर पर 'सीपीआर सीखें, जीवन बचाएं' विषय के अंतर्गत टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के कौटिल्य सभागार में आईक्यूएसी एवं एनएसएस के तत्वावधान में जे.पी. मेदांता अस्पताल एवं रोटरी क्लब, कंकड़बाग के सहयोग से सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा स्वास्थ्य-जागरूकता और जीवनरक्षक कौशल के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम में पी.डी.जी. रोटेरियन डॉ. राकेश प्रसाद, रोटेरियन प्रो. (डॉ.) दीप्ति सहाय, अध्यक्ष रोटेरियन नितेश मिश्रा एवं सचिव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता मेदांता अस्पताल की हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए हृदयाघात एवं हृदय गति रुकने के बीच अंतर को सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से समझाया। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर सही कदम उठाने तथा सीपीआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) रूपम एवं डॉ. नूतन ने भी अपने अनुभव एवं उपयोगी विचार साझा किए। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार ने सभी अतिथियों, मेदांता अस्पताल की चिकित्सा टीम, रोटरी क्लब, आईक्यूएसी, एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मृत रैयतों की जमाबंदी सुधारने के लिए पंचायत में रोस्टर जारी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंचल अधिकारी मसौढ़ी द्वारा जमाबंदी शुद्धिकरण अभियान को लेकर कार्यालय आदेश जारी किया गया है। ज्ञापांक 3915 दिनांक 30/09/2026 के तहत सभी राजस्व कर्मचारियों को पंचायत स्तर पर कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। आदेश के अनुसार राजस्व कर्मचारी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आवंटित पंचायत भवन एवं ग्राम में उपस्थित रहकर मृत रैयतों के नाम से चल रही जमाबंदी से संबंधित आवेदन व प्रतिवेदन प्राप्त कर सुधार की कार्रवाई करेंगे। जारी रोस्टर के अनुसार चितरंजन कुमार को बेर्रा खेल भवन, उत्तम कुमार को तिनेरी, कौशल कुमार को बारा व नदौल, प्रमोद कुमार को देवरिया-कराय के जगदीशपुर, मोनिका राणा को अनौली और कौशल कुमार तिवारी को घोरहुआं सामुदायिक भवन में प्रतिनियुक्त किया गया है।

## महंगाई की मार से जूझते मूर्तिकार: मसौढ़ी में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

**मसौढ़ी में 50 साल से आस्था गढ़ रहे मूर्तिकार नागेश्वर, इस बार दिखेगा सागर मंथन का दृश्य**

शशि तुलस्यान



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को लेकर मसौढ़ी में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हैं। मसौढ़ी के प्रसिद्ध मूर्तिकार नागेश्वर शर्मा पिछले 50 वर्षों से अपनी कला से मसौढ़ी की आस्था को आकार दे रहे हैं। पूरे मसौढ़ी क्षेत्र में अधिकांश दुर्गा प्रतिमाएं इन्हीं के हाथों बनती हैं। इस बार नागेश्वर शर्मा की प्रतिमाओं में कुछ खास थीम देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस बार कई प्रतिमाओं में अलग-अलग दृश्यों का चित्रण किया जा रहा है। एक प्रमुख प्रतिमा में समुद्र मंथन के दौरान के अलौकिक दृश्य को दिखाया जाएगा। वहीं दूसरी प्रतिमा में भारत माता की गोद में बच्चों को दिखाया जाएगा, जिसका भाव है - 'भारत माता अब हम आपकी शरण में हैं'। साथ ही मां दुर्गा को नाव पर सवार दिखाया जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार इस बार मां का आगमन हाथी पर और गमन नौका पर होगा, जिसे उनकी कलाकृतियों में दर्शाया जा रहा है। मसौढ़ी में जगह-जगह आकर्षक पंडाल और भव्य मूर्तियों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।हालांकि बढ़ती महंगाई ने मूर्तिकारों की चिंता बढ़ा दी है। नागेश्वर शर्मा ने बताया कि मिट्टी, बांस, रंग और अन्य सामग्रियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन उस अनुपात में मेहनताना नहीं मिल पा रहा है। महंगाई के कारण कई लोग अब मूर्ति स्थापित करना कम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मूर्ति बनाकर जीवन यापन करने वाले कलाकारों के लिए कोई योजना बनाई जाए, क्योंकि उनके पास आय का कोई अन्य साधन नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंपारण तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित

जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के पदाधिकारी लगातार कर रहे हैं कैंप

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाल्मीकि नगर बराज से छोड़े गए पानी की वजह से गंडक नदी में पानी का दबाव बना हुआ है। पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत चंपारण तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित है। जिला प्रशासन के पदाधिकारी एवं बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल के अभियंतागण के द्वारा लगातार तटबंधों की निगरानी की जा रही है।इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी स्थानीय प्रशासन को मिल रहा है ' जिला प्रशासन के द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत के कार्य मजबूती के साथ तेजी से किया जा रहे हैं। सभी जगह नाव और मोटर बोट की व्यवस्था कराई गई है। प्रभावित परिवारों को पॉलीथिन शीट दिया गया है/ दिया जा रहा है। आवश्यकतानुसार बाढ़ प्रभावित सभी पंचायतों में सामुदायिक किचन का संचालन किया जा रहा है। वहां पर लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम भी लगाई गई है।

### प्रसिद्ध कुरनिया माता मंदिर में प्रबंधन कमेटी को लेकर थाना परिसर में प्रशासनिक बैठक

**घोड़ासहन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकरहना एसडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसडीपीओ अभिषेक कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर धनंजय कुमार निर्दोष, सीओ अतुल कुमार बादल, थानाध्यक्ष अमरजीत कुमार समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए।बैठक में



मंदिर की विधि-व्यवस्था, संचालन और प्रबंधन को लेकर चर्चा हुई। एसडीओ ने पिछले करीब पांच वर्षों के आय-व्यय का लेखा-जोखा देखा तथा वर्तमान में कमिटी के पास उपलब्ध राशि की जानकारी ली। बैठक में पूर्व और वर्तमान कमिटी के पक्षों के बीच गहमागहमी भी हुई। एक पक्ष ने मंदिर को न्यास समिति से पंजीकृत कराने की बात रखी, जबकि मामला न्यायालय में होने की बात भी सामने आई।विवाद को देखते हुए एसडीओ ने पर्व समाप्त होने के बाद एक माह के भीतर नई कमिटी के गठन की बात कही। तब तक पूर्व व वर्तमान कमिटी के सदस्यों तथा तीन अन्य सदस्यों को मिलाकर निगरानी समिति बनाई गई है। इसकी अध्यक्षता सीओ करेंगे। बिना अध्यक्ष की सहमति के कोई नया कार्य या वित्तीय लेनदेन नहीं होगा।बैठक में रंजीत गाड़िया, भाजपा नेता प्रभुनारायण, भोला यादव, नगेन्द्र सिंह यादव, पुरुषोत्तम चौधरी, वीरेंद्र कुशवाहा, दारा सिंह, रामविनय यादव, उदय जायसवाल, प्रकाश सिंह काका, धीरेंद्र सिंह, अजय सिंह, दिनेश कुशवाहा, सतीश यादव व उमेश जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी द्वारा जिला निरीक्षण समिति के साथ विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीएसपी (मुख्यालय), सहायक निदेशक (बाल संरक्षण), बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिशु देखभाल एवं पोषणः जिलाधिकारी ने संस्थान में आवासित बच्चों के खान-पान, पोषण, दूध, वस्त्र एवं स्वच्छता की व्यवस्था का जायजा लिया। चिकित्सा सेवा एवं टीकाकरणः बच्चों के टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जांच की समीक्षा की



गई। सहायक निदेशक (बाल संरक्षण) को 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। दत्तक ग्रहण प्रक्रियाः उहउ एवं केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के नियमानुसार कानूनी प्रक्रियाओं और दत्तक-ग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्थाः परिसर की सुरक्षा, अग्निशमन तंत्र एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जांच की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसहारा व नवजात बच्चों को सुरक्षित एवं स्नेहमयी माहौल देना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सरस्वती विद्या निकेतन में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकमा में संचालित सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) में विभागीय अधिकारियों के निदेशानुसार बुधवार को छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि, उपस्थिति, अनुशासन, नियमित अध्ययन तथा आगामी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अभिभावकों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के माता-पिता एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सरिका



द्विवेदी ने कहा कि बच्चों की सफलता में विद्यालय के साथ अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय से विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास को और प्रभावी बनाया जा सकता है। बैठक में अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में नियमित सहयोग करने तथा घर पर अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय के समक्ष अपने सुझाव एवं विचार रखे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के हित में उनके सुझावों पर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। बैठक में मनोरमा कुमारी, सतीश कुमार, रंजन कुमार, अविनाश कुमार सिंह, विनोद सिंह, राजेश कुमार सिंह, विनिता प्रियम, प्रिया कुमारी, सरिता शर्मा, पुष्पा कुमारी, मुकेश कुमार, रविशंकर, दिलीप कुमार, संदीप दुबे, मुकेश कुमार, आफताब आलम, सिम्पल कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

### प्लास्टिक-मुक्त अभियान के तहत बाजार में कपड़े के थैलों का वितरण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा विधानसभा अंतर्गत चकिया प्रखंड के मंगलवारी बाजार में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्लास्टिक-मुक्त अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह ने बाजार में घूमकर दुकानदारों एवं आमजनों से संवाद किया तथा उन्हें प्लास्टिक की जगह पर्यावरण-अनुकूल कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए थैले वितरित किए। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण



संरक्षण केवल सरकार या किसी संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कपड़े या जूट के थैले का उपयोग हमारी छोटी-सी आदत में बदलाव है, लेकिन इसका प्रभाव व्यापक हो सकता है। बाजार में खरीदारी के लिए अपना थैला साथ ले जाने की आदत को जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने दुकानदारों एवं आमजनों से अपील की कि वे स्वयं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान सांसद श्री सिंह ने मंगलवारी बाजार में दुकानदारों और आम नागरिकों के बीच स्वयं पहुंचकर कपड़े के थैलों का वितरण किया। बाजार में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना करते हुए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव, विधानसभा संयोजक रोहित सिंह, कन्हैया सिंह, रमेश भारती सहित बड़ी संख्या में दुकानदार एवं आमजन मौजूद रहे।

# मकेर में गंडक का तटबंध टूटा, 50 फीट में हुआ कटाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सैकड़ों गांवों में तेजी से फैल रहा बाढ़ का पानी, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने संभाला मोर्चा**

**छपरा/मकेर (सारण)।** बिहार के सारण जिले के मकेर प्रखंड के हैजलपुर गांव के समीप गंडक नदी का मुख्य सारण तटबंध टूटने से क्षेत्र में बाढ़ का संकट गहरा गया है। तटबंध में करीब 50 फीट का कटाव होने के बाद पानी तेजी से आसपास के ग्रामीण इलाकों में फैल रहा है। कई पंचायतों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी की स्थिति बनी हुई है। तटबंध टूटने की सूचना मिलते ही प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया। प्रशासन के अनुसार, मकेर में दो स्थानों पर तटबंध में ब्रीच की सूचना मिली है। इससे पहले तटबंध के करीब 40 से 50 स्थानों पर रिसाव की शिकायत मिली थी, जिसे प्रशासनिक एवं तकनीकी टीमों ने मौके पर पहुंचकर दुरुस्त किया था।

**नावों से लोगों को सुरक्षित निकाल रही टीमें:**

बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ने के कारण कई गांवों, खेतों और संपर्क मार्गों पर पानी पहुंच गया है। प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन की ओर से लगातार माइकिंग कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें तैनात की गई हैं। दोनों टीमें नावों के माध्यम से प्रभावित इलाकों में पहुंचकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जिन इलाकों में पानी तेजी से बढ़ रहा है, वहां रहने वाले लोग तत्काल सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

**तीन जगह शुरू हुआ सामुदायिक रसोई घरः**

बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए मकेर में तीन स्थानों पर सामुदायिक रसोईघर शुरू किए गए हैं। वहीं राहत सामग्री के तहत पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। प्रभावित लोगों के लिए स्वास्थ्य शिविर भी शुरू किए गए हैं। प्रशासन के अनुसार, शाम से पशु चारा वितरण भी शुरू किया जाएगा।

**तरैया-पानापुर में भी तटबंध पर निगरानीः**

मकेर के अलावा तरैया और पानापुर क्षेत्र में भी तटबंध में रिसाव की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक टीमें भेजी गई हैं। प्रभावित स्थानों पर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। तरैया में भी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम तैनात कर प्रभावित पंचायतों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए वैशाली से पांच बड़ी नावें मंगाई गई हैं। सोनपुर से भी बड़ी नावें पहुंच रही हैं। इन नावों का उपयोग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्य के साथ तटबंध की मरम्मत के लिए किया जाएगा।

**सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपीलः**

प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और प्रशासन द्वारा चिन्हित सुरक्षित स्थलों पर जाने की अपील की है। सुरक्षित स्थानों की पहचान कर ली गई है और माइकिंग के माध्यम से लगातार लोगों को इसकी जानकारी दी जा रही है। फिलहाल मकेर और आसपास के बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासनिक टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। पानी कम होने के बाद बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया जाएगा। प्रशासन के अनुसार, राज्य सरकार के प्रावधानों के तहत पात्र प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया भी की जाएगी।

## एमजीसीयू में 'टेक विज 1.0' क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**200 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता पर रहा जोर**





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचनाप्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कैम्पस निन्जास के सहयोग से 'टेक विज 1.0' ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में डिजिटल तकनीक, साइबर सुरक्षा, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, डेटा गोपनीयता तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। 26 से 27 सितंबर 2026 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को 30 मिनट की निर्धारित अवधि में क्विज पूरा करना था, जिसके माध्यम से उनके तकनीकी ज्ञान के साथ - साथ डिजिटल सुरक्षा संबंधी समझ का भी आकलन किया गया। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा, वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ डिजिटल सुरक्षा और ज़िम्मेदार डिजिटल व्यवहार की समझ भी अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है। ऐसे नवाचारी शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में ज्ञान, जागरूकता और ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ते हुए नवाचार और ज्ञान-सृजन के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है। विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला ने कहा कि टेक विज 1.0 केवल एक क्विज प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान के साथ साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता विकसित करने की सार्थक पहल है। आज जब डिजिटल तकनीक दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, तब हर विद्यार्थी के लिए साइबर खतरों और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार की समझ आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभाग भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण, व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुख कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम को प्रो. विकास पारीक एवं डॉ. शुभम कुमार का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। बीटेक कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों आदिल लतीफ एवं निखिल आनंद ने आयोजन के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्विज के तकनीकी संचालन, ऑनलाइन मंच एवं पंजीकरण की व्यवस्था कैम्पस निन्जास ने संभाली, जो आदिल लतीफ द्वारा स्थापित स्टार्टअप है। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक, सजग एवं ज़िम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रतियोगिता का परिणाम 28 सितंबर 2026 को घोषित किया गया। प्रतिभागी अपने ऑनलाइन डैशबोर्ड पर परिणाम देख सकते हैं। सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

## चरखा पार्क के निकट नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया

**उद्घाटन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चम्पारण सांसद उद्घाटन के पश्चात श्री सिंह ने कहा कि ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण और जनकल्याण की यात्रा को



समर्पित देशव्यापी अभियान है। प्रधानमंत्री जी ने अपने सार्वजनिक जीवन में निरंतर यह संदेश दिया है कि राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। इसी सेवा-भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। आज का यह नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर भी उसी सेवा और संवेदना की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।उन्होंने कहा कि हमारी आंखें हमारे जीवन का सबसे अनमोल माध्यम हैं। हम अपने परिवार को, अपने खेत - खलिहान को, अपने कार्यस्थल को और अपने सपनों को अपनी आंखों के माध्यम से देखते हैं। लेकिन आर्थिक कठिनाइयों अथवा जागरूकता के अभाव में अनेक लोग आंखों की समस्या को नजरअंदाज करते रहते हैं। इससे उनकी दैनिक गतिविधियों और जीवन की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। श्री सिंह ने कहा कि आज इस शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की जा रही है और जिन लोगों को पावर वाले चश्मे की आवश्यकता है, उन्हें चश्मे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह केवल चश्मा वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि किसी व्यक्ति के जीवन में बेहतर दृष्टि और बेहतर भविष्य की दिशा में एक छोटा-सा प्रयास है। हमारा प्रयास है कि सेवा का यह अभियान केवल एक दिन या एक कार्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि निरंतर समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे। यही सेवा संकल्प अभियान की भावना है और यही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा एवं समर्पण से प्रेरणा लेने का सार्थक माध्यम है।श्री सिंह ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि अपने आसपास जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और ह्यसेवा ही संस्कार, सेवा ही संकल्पह्ल की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर, 167 मरीजों की जांच



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के तहत दुल्हिनबाजार प्रखंड के राजीपुर गांव में भाजपा के बैनर तले निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। चिकित्सकों की टीम ने कुल 167 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। जरूरतमंद मरीजों के बीच निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में हिमालया मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम ने अपनी सेवाएं दीं। अस्पताल प्रबंधक मैथली सिंह के नेतृत्व में पहुंचे चिकित्सकों में डॉ. उमा शंकर, डॉ. रामचन्द्र साव, डॉ. गोपाल कृष्णा, डॉ. सम्राट अशोक, डॉ. रागिनी कुमारी, डॉ. समीर, डॉ. सुष्मिता, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. शोमदेव सिंह और डॉ. आशु मेघा शामिल थे। नर्सिंग स्टाफ नेहा कुमारी और शशि कुमार ने भी मरीजों की जांच एवं देखभाल में सहयोग किया। शिविर का उद्घाटन भाजपा पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि कुमार, मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार उर्फ सिंधु शर्मा, लवकुश शर्मा, शाहीजी, जय कुमार सिंह, सूर्य मोहन शर्मा, कुंदन कुमार, शशि रंजन, श्रीनिवास शर्मा और रामायण शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। स्थानीय लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण के लिए आयोजकों एवं चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार जताया।

## जिलाधिकारी द्वारा जिला निरीक्षण समिति के साथ पर्यवेक्षण गृह का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला निरीक्षण समिति द्वारा स्थानीय पर्यवेक्षण गृह का औचक एवं गहन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में पुलिस उपाधीक्षक, सहायक निदेशक, बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आवासन एवं सुरक्षा व्यवस्थाः जिलाधिकारी ने पर्यवेक्षण गृह में आवासित किशोरों के रहने, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु डीएसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य एवं काउंसलिंगः सहायक निदेशकएवं बाल कल्याण समिति के सदस्यों को बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा उनके मानसिक स्वास्थ्य हेतु नियमित काउंसलिंग कराने का निर्देश दिया गया।

## सपनों को सफलता में बदलने का मंत्रः सही रणनीति, अनुशासन और निरंतर अभ्यास

**गोल के NEET–JEE मार्गदर्शन सेमिनार में उमड़ा उत्साह, 1000 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने लिया भाग**




**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉक्टर और इंजीनियर बनने का सपना देखने वाले विद्यार्थियों को तैयारी की दिशा और सफलता की रणनीति समझाने के उद्देश्य से गोल इंस्टीट्यूट ने ए.एन. कॉलेज, पटना के सभागार में 'How to Crack NEET & JEE' विषय पर प्रेरक मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया। इसमें 1000 से अधिक विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सहभागिता रही। गोल के सीएमडी बिपिन सिंह ने विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें दैनिक प्रयासों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए प्रतिभा के साथ अनुशासन, धैर्य और निरंतरता आवश्यक हैं। स्पष्ट लक्ष्य, व्यवस्थित दिनचर्या और कठिनाइयों के बीच प्रयास जारी रखने की क्षमता विद्यार्थियों को आगे बढ़ाती है। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने तैयारी को परिणाम में बदलने के लिए व्यावहारिक अध्ययन योजना, नियमित पुनरावृत्ति और प्रभावी समय प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन की पढ़ाई का आकलन करने, लंबित विषयों को समय पर पूरा करने और शंकाओं का तत्काल समाधान कराने की सलाह दी। आरएंडडी प्रमुख आनंद वत्स ने टेस्ट को केवल अंक जानने का माध्यम नहीं, बल्कि तैयारी सुधारने का अवसर बताया। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा के बाद गलत उत्तरों, छूटे प्रश्नों और समय के उपयोग का विश्लेषण करने की सलाह दी। अकादमिक प्रमुख गौरव सिंह ने अवधारणाओं की स्पष्टता और गुणवत्तापूर्ण अभ्यास को तैयारी का केंद्र बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर गोल से नीट में सफल होकर पीएमसीएच में चयनित नेहा गुप्ता, गुलाम मुसब्बिर एवं मुस्कान कुमारी ने अपनी तैयारी के अनुभव साझा किए।

## साहित्य सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की पुनर्गठित कार्यसमिति तथा अन्य समितियों के अधिकारियों की प्रथम बैठक बुधवार को सम्मेलन-सभागार में संपन्न हुई, जिसमें सभी अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों से परिचय कराया गया। बैठक के पूर्व सम्मेलन के सभी अधिकारियों ने, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ द्वारा निष्ठा की शपथ दिलाए जाने के पश्चात अपना-अपना पद-भार ग्रहण किया। आज पदभार ग्रहण करने वालों में, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा कल्याणी कुसुम सिंह, ब्रजेंद्र कुमार सिन्हा, डा कुमार अरुणोदय, लोकभाषा मंत्री डा पुष्पा जमुआर, पुस्तकालयमंत्री डा नागेश्वर प्रसाद यादव, प्रचारमंत्री विभारानी श्रीवास्तव, कलामंत्री डा पल्लवी विश्वास, महिला साहित्यकार परिषद की अध्यक्ष किरण सिंह, संयोजक डा शालिनी पाण्डेय, प्रकाशन समिति की अध्यक्ष डा पूनम आनन्द और संयोजक सागरिका राय, अनुशासन समिति के अध्यक्ष डा मेहता नगेंद्र सिंह और संयोजक संजीव कुमार मिश्र, काव्य-कार्यशाला समिति के अध्यक्ष आचार्य विजय गुंजन कथा-कार्यशाला समिति की संयोजक पूनम कतरियार, प्रतियोगिता आयोजन समिति के संयोजक अरुण कुमार श्रीवास्तव, युवा साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष डा अंकेश कुमार साहित्य समिति के संयोजक चित्तरंजन भारती, अर्थ समिति के संयोजक ज्ञानेश्वर शर्मा, प्रबंध समिति के संयोजक सूर्य प्रकाश उपाध्याय, कला समिति की संयोजक ज्योति मिश्रा, प्रचार समिति के संयोजक ब्रह्मानन्द पाण्डेय, पुस्तकालय समिति के संयोजक पं गणेश झा संगठन समिति के संयोजक सदानन्द प्रसाद तथा लोकभाषा समिति के संयोजक प्रो सुनील कुमार उपाध्याय के नाम सम्मिलित हैं। सम्मेलन के प्रधानमंत्री डा उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, संगठनमंत्री ई अशोक कुमार, प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह तथा भवन-अभिरक्षक-सह परिसर विकास मंत्री प्रवीर कुमार पंकज ने गत २६ सितम्बर को ही पद-भार ग्रहण कर लिया था। स्वास्थ्य कारणों से सम्मेलन के उपाध्यक्ष जियालाल आर्य, डा शिववंश पाण्डेय तथा डा मधु वर्मा की उपस्थित नहीं हो सके।

## पियरपुरा थाने के गौसगंज में पुलिस की छापेमारी, हथियारों का जखीरा बरामद

**दो कट्टा, रिवॉल्वर, नौ कारतूस समेत हथियार बरामद; एक गिरफ्तार, एक विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध**

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिमी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियार, मादक पदार्थ व शराब की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पियरपुरा थानाध्यक्ष पूजा राठी ने गौसगंज गांव में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके घर से दो देशी कट्टा, एक देशी रिवॉल्वर, नौ जिंदा कारतूस, दो खोखा, दो मोबाइल और एक एयरगन बरामद किया है। वहीं, इसी गांव से एक विधि-विरुद्ध बालक को भी एक अवैध देशी कट्टा के साथ निरुद्ध किया गया। पुलिस के अनुसार, मंगलवार की रात गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली कि गौसगंज निवासी सद्दाम अंसारी उर्फ सद्दाम हुसैन, पिता वाहिर अंसारी, के घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे गए हैं। सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एसडीपीओ-2, पालीगंज पंकज शर्मा के नेतृत्व में पियरपुरा थानाध्यक्ष पूजा राठी के साथ पुलिस पदाधिकारियों और सशस्त्र बलों की टीम गठित की गई। छापेमारी दल ने गौसगंज स्थित सद्दाम अंसारी के घर पर तत्काल छापेमारी की। पुलिस ने मौके से सद्दाम अंसारी उर्फ सद्दाम हुसैन को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके घर से हथियार और कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने जब्ती सूची तैयार कर बरामद सामान को जब्त कर लिया तथा सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया।

CMYK

# प्रतिभा को प्रोत्साहित करना खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिला प्रशासन के तत्वावधान में 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। प्रतियोगिताएं गेट स्कूल खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, खेल भवन एवं गांधी मैदान में आयोजित की गईं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, बॉक्सिंग एवं खो-खो सहित विभिन्न खेलों में जिले के विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंडर-17 बालक वर्ग वॉलीबॉल में डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार विजेता तथा टाउन इंटर स्कूल, औरंगाबाद उपविजेता रहा। अंडर-14 बालक वर्ग फुटबॉल में मध्य विद्यालय, सिपहा, दाउदनगर विजेता तथा महेश एकेडमी, औरंगाबाद उपविजेता रहा। अंडर-14 बालिका वर्ग कबड्डी में ग्रैंड वैली पब्लिक स्कूल, हसपुरा विजेता तथा उत्क्रमित



उच्च विद्यालय, नारायणपुर, देव उपविजेता रहा। अंडर-17 बालिका वर्ग बॉक्सिंग में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 43 किलोग्राम भार वर्ग में गुनगुन रंजन, 44 किलोग्राम भार वर्ग में अदिति राज तथा 53 किलोग्राम भार वर्ग में नंदिनी पांडे ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर-14 बालक वर्ग खो-खो में डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार विजेता तथा सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद उपविजेता रहा। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग खो-खो में पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, बसडीहा कला विजेता तथा सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद उपविजेता रहा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच उपलब्ध कराना, उनकी खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा खेलों के प्रति युवाओं की रुचि को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। अब सवाल यह है कि आवास योजना के नाम पर कथित अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी और वास्तविक जरूरतमंदों को उनका हक कब मिलेगा?

## जैविक खेती से किसानों को होगा आर्थिक लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर**। मदनपुर प्रखंड के घोड़ाडिहरी पंचायत के कठवर गांव में बुधवार को प्रधान मंत्री कृषि विकास योजना के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने सरकार द्वारा किसान कल्याण सीता में क्रियान्वित और संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के आर्थिक विकास के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है जिसका लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। किसान योजनाओं का लाभ उठाएं और कृषि उन्नयन सहयोग दें। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (मदनपुर) आकृति तिवारी ने जैविक खेती से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर वेंकटेश कुमार ने जैविक खेती की पूरी विधि किसानों को बताई। इस मौके पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी (जैविक) रौशन कुमार साथ ही नोडल कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला, कृषि समन्वयक अफजल आज़मी एवं किसान सलाहकार सुशील कुमार चतुर्वेदी शामिल थे।

# कैनवास पर बिखरे समृद्ध भारत के रंग, भाषण में गूंजा विकसित राष्ट्र का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन (औरंगाबाद)**। बच्चों की कल्पनाओं में समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत की तस्वीर उभरी तो भाषण प्रतियोगिता में देश के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प गूंज उठा। प्रखंड संसाधन केंद्र, बारुन में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर प्रखंड स्तरीय पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लेखापाल कुश कुमार, बीआरपी-आईई लाल बहादुर, ब्लॉक आईटी समन्वयक पीयूष कुमार, सुधीर यादव सहित विभागीय कर्मी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए अलग-अलग निर्णायक मंडल गठित किए गए थे। चित्रकला प्रतियोगिता में अनिल कुमार (केशव उच्च विद्यालय, बारुन), शशि अग्रवाल (राजकीय सिरिस हाई स्कूल) एवं रूही परवीन (उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदीशपुर) ने निर्णायक की भूमिका निभाई।



वहीं भाषण प्रतियोगिता का मूल्यांकन पिंकी ठाकुर (उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेह), विद्या सिंह (उच्च माध्यमिक विद्यालय, टेंगरा) एवं शशि अग्रवाल ने किया।

**भाषण प्रतियोगिता (वर्ग 9 से 12)**

प्रथमः अंजली कुमारी, वर्ग 10, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पौथू।
द्वितीयः सपना कुमारी, वर्ग 9, उच्च माध्यमिक विद्यालय, जनकोप।
तृतीयः पूजा कुमारी, वर्ग 9, उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पिठनुआ।

**चित्रकला प्रतियोगिता (वर्ग 9 से 12)**

प्रथमः आयुष कुमार, उच्च माध्यमिक विद्यालय, काजीचक।
द्वितीयः जागृति कुमारी, केशव उच्च विद्यालय, बारुन।
तृतीयः पुष्पा कुमारी, उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, पौथू।

**चित्रकला प्रतियोगिता (वर्ग 1 से 8)**

प्रथमः मीरा कुमारी, मध्य विद्यालय, सिमरा। द्वितीयः मोहनी कुमारी, मध्य विद्यालय, जनकोप। तृतीयः श्रुति कुमारी, मध्य विद्यालय, सोननगर। कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन शिक्षिका रूही परवीन ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन केशव उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रमिला कुमारी ने प्रस्तुत किया। आयोजन को सफल बनाने में बीर विजय, सत्यनारायण यादव, पवन कुमार पाल, मनीष कुमार, सीमा कुमारी, पिंकी कुमारी, हितेंद्र कुमार, शशिभूषण कुमार, भरत सिंह, सत्येंद्र कुमार, प्रियंका शर्मा, अनीश कुमार चौधरी, अमर कुमार, हारून रशीद, पुरुषोत्तम स्वर्णकार, बबिता कुमारी एवं अनिल कुमार दुबे सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भूमिका रही।

# सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बुधवार को रफीगंज प्रखंड की कोटवारा पंचायत में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वच्छता कर्मियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और सशक्त बनाना रहा। शिविर का संचालन कोटवारा पंचायत के




स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार ने किया। इसमें विभिन्न पंचायतों के स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. बरजेश कुमार और एमओ आकाश रंजन ने स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की। इस दौरान नारायण कुमार, संटू कुमार, बिना कुमारी, मोहम्मद मूसा, रामकुमार यादव, रणधीर कुमार, रामेश्वर चौधरी, मदन कुमार, मोहम्मद मेराज, संजू कुमार एवं अरविंद कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# एसडीओ और डीपीआरओ ने कक्षा में पहुंचकर परखी छात्रों की पढ़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग निदेशानुसार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत "उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य" कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 14 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) में 30 सितंबर 2026 को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित वरीय पदाधिकारियों ने संबंधित विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण का जायजा लिया। राज्य सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में चयनित विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में विकसित




किया गया है। इन विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ये विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणास्रोत बन सकें। औरंगाबाद जिले में अनुग्रह इंटर कॉलेज (गेट स्कूल), औरंगाबाद, देवांशी उच्च विद्यालय, सुंदरगंज (बारुण), उच्च विद्यालय, चरण महादेवा (नवीनगर), उच्च विद्यालय, डुमरी (कुटुंबा), राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय (देव), उच्च विद्यालय, बेरी (मदनपुर), रानी ब्रजराज उच्च विद्यालय, रफीगंज, उच्च विद्यालय, रुकुंडी (गोह), उच्च विद्यालय, पथरौर (हसपुरा), राष्ट्रीय उच्च विद्यालय, दाउदनगर, उच्च विद्यालय, ओबरा, अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय, औरंगाबाद, टाउन इंटर विद्यालय, औरंगाबाद तथा राजकीयकृत उच्च विद्यालय, जम्होर को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है।

## नकल अभिनय प्रतियोगिता आयोजित करेगी कांस्यकार पंचायत समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। कांस्यकार पंचायत समिति की बैठक जितेन्द्र कुमार कांस्यकार की अध्यक्षता में मंगलवार को शिव मन्दिर कसेरा टोली में हुई। निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच का आयोजन किया जाएगा। जो दो, तीन व चार अक्टूबर को शाम पांच से रात्रि 10 बजे तक होगा। पांच अक्टूबर को सभी चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में धीरज गुप्ता, महेश कांस्यकार, संजय उर्फ दुखन कांस्यकार, अमनाथ कांस्यकार, गुड्डू कांस्यकार, गणेश कांस्यकार, आदित्य कांस्यकार, कुंदन कांस्यकार, रितिक कांस्यकार, जैकी कांस्यकार, संजय कुमार, गोविंद,



छोटू, सूरज उपस्थित रहे। धीरज कसेरा ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा दिया गया अमुल्य धरोहर जितिया संस्कृति है। श्री कसेरा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बाहर से आये हुए अतिथि भक्तों द्वारा संतान प्राप्ति हेतु मन्नत पूरा होने पर जीमूतवाहन गोसाईं के चौरा (ओखली) के पास सोने ,चांदी व पीतल के दिपक जलाते है। माताएं रात्रि में नृत्य करने वाले नृतक को अपने आंचल पर नृत्य कराती हैं।

# सड़क के अभाव में 2 किमी के बदले 10 किमी का चक्कर, ग्रामीणों ने की निर्माण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय से महज दो किलोमीटर दूर बसे कदियाही समेत दर्जनों गांवों के ग्रामीण आज भी पक्की सड़क सुविधा से वंचित हैं। सीधा संपर्क मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को ओबरा प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए करीब 9 से 10 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को लेकर कदियाही गांव के समाजसेवी जितेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और सड़क निर्माण की मांग की। मुख्यमंत्री को दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि पक्की सड़क के अभाव में आम ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। खासकर बरसात के मौसम में आवागमन की स्थिति अत्यंत



दयनीय हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई सीधे तौर पर प्रभावित होती है। उन्होंने ओबरा थाना मोड़ से झांझु बिगहा, कदियाही, भुइयां बिगहा होते हुए देवरिया और कुरमा नरेश हॉल्ट तक पक्की सड़क निर्माण कराने की मांग रखी है। इस सड़क के बनने से कदियाही के अलावा सोनहुली, हेमजा, रतवार, अदमा और कदियाही खुर्द सहित दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सीधा लाभ मिलेगा। आवेदन पर मुख्यमंत्री स्तर से संज्ञान लेते हुए मामले को सीएम डैशबोर्ड पर अपलोड भी किया गया था। इसके बावजूद करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी निराशा है। उन्होंने विभाग से शीघ्र कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# जीमूतवाहन भगवान समेत कई देवताओं को किया आमंत्रित

**डॉ. उपेंद्र कश्यप/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर जिउतिया लोक उत्सव से जुड़ी एक से एक अनूठी परंपरा है। कसेरा टोली चौक पर पूरी व्यवस्था का इंतजाम कांस्यकार पंचायत समिति करती है। यहां एक अनूठी परंपरा है। बजाप्ता वैवाहिक कार्यक्रम की तिथि तय होती है, आमंत्रण पत्र प्रकाशित किया जाता है। चिरंजीवी जितवाहन गोसाई परिणय आयुष्मति मल्यवती कुमारी की शादी के कार्यक्रम का इसमें विवरण है। इससे सबसे पहले भगवान जीमूतवाहन को आमंत्रित किया जाता है और उसके बाद तमाम देवताओं का आवाहन कर आमंत्रित किया जाता है। धीरज कसेरा ने बताया कि कार्ड सबसे पहले जितिया मंदिर पर उसके बाद ठाकुरबाड़ी, शिवाला पर



विभिन्न देवताओं को निमंत्रण चढ़ाया जाता है। इसके बाद कांस्यकार पंचायत समिति परिवार के सभी घरों एवं मुहल्ले के सभी जाति के घरों में जाकर निमंत्रण पत्र (शादी कार्ड) दिया जाता है। जिसमें हल्दी से रंगा हुआ सोपाड़ी व चावल (अच्छत) इत्यादि के साथ दिया जाता है।

**आमंत्रण पत्र जोड़ता है दूसरे शहरों को**

इस बार प्रकाशित निमंत्रण पत्र में वधू पक्ष का पता जगदीशपुर भोजपुर दिया गया है। इसकी वजह पूछने पर धीरज कसेरा ने बताया कि पूर्वजों के समय से ही ऐसा चल रहा है कि वधू पक्ष में उनका पता किसी दूसरे शहर का दिया जाता है। इससे संपर्क के जो लोग उस शहर में रहते हैं उनको आमंत्रित भी किया जाता है। उन लोगों को भी दाउदनगर से आत्मीय लगाव महसूस होता है। यह दो शहरों के बीच संबंध जोड़ने का सार्थक प्रयास है। उन्हें आमंत्रित भी किया जाता है।

## परीक्षा पास करने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापक ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव**। राजकीय मध्य विद्यालय नरची (देव) में अर्धवार्षिक परीक्षा 2026-27 प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाध्यापक महेस पासवान के हाथों सम्मानित होकर बच्चे बेहद खुश दिखे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करने और हौसला बढ़ाने के लिए बच्चों के बीच कॉपी और कलम बांटा।

# मंडल कुमार यादव बने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक डा. विनोद कुमार यादवेंदू ने मंडल कुमार यादव को औरंगाबाद के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देते देकर सम्मानित किया है। जिलाध्यक्ष बनने पर मंडल कुमार यादव ने यादव महासभा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। साथ



ही समाज के लोगो को एकजुट करने, युवाओं को आगे बढ़ाने, राष्ट्र को आगे बढ़ाने, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर जय यादव, जय माधव की नारा लगाते हुए सैकड़ों लोगों ने बधाई दिया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष डा. विनोद कुमार यादवेंदू, गयाजी के जिलाध्यक्ष रामाश्रय यादव, गयाजी के युवा जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महासभा के सदस्य कन्हाई यादव, उपेंद्र यादव, पप्पू यादव, सूरज यादव सहित संगठन के कई मौजूद रहे।

# लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी यादव कॉलेज की छात्राएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंटर कॉलेज कबड्डी (महिला) टूर्नामेंट 2026-27 का खिताब अपने नाम कर लिया। खास बात यह रही कि यादव कॉलेज की महिला टीम ने लगातार दूसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इससे पहले इसी सत्र में महाविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम भी इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में विजेता रही थी। इस प्रकार एक ही सत्र में पुरुष एवं महिला दोनों कबड्डी टीमों के चैंपियन बनने से महाविद्यालय की खेल उपलब्धियों



में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंतर्गत आयोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया जी द्वारा खेल भवन, गया जी में किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों की महिला टीमों ने भाग लिया। इस दौरान विजेता राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद, उपविजेता गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया जी, तृतीय स्थान गया कॉलेज, गया जी एवं चतुर्थ स्थान एसएन सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद रहा। यादव कॉलेज की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल, बेहतरीन तालमेल और मजबूत टीम भावना का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने निर्णायक मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार खिताब पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. सुदर्शन राय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा पटेल तथा प्रोफेसर डॉ. जावेद अख्तर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राम लखन सिंह यादव कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विजय रजक ने लगातार दूसरी बार मिली इस सफलता पर पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल प्रतिभा से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि एक ही सत्र में पुरुष एवं महिला दोनों कबड्डी टीमों का विजेता बनना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है और यह उपलब्धि विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

**AFFIDAVIT**

I PRITI KUMARI, Wife of Chandan Kumar Jha, Resident of Barhampura, P.o-Benipatti, Dist-Madhubani Bihar-847223 hereby affirm and declare as follows vide Affidavit nodated.That my son ARYAN KUMAR JHA school record my name is mentioned as PRITI JHA. But my Aadhar card my name is mentioned as PRITI KUMARI. That instead of PRITI JHA I shall be known as PRITI KUMARI for all purposes.

**Format- C-7**

**Name of Political Party:** JAN SURAAJ PARTY
**Name of the Election:** Election to the Legislative Council from Patna Graduate's Constituency
**Name of State /UT:** BIHAR
(1) Name of the Constituency: Patna Graduate's Constituency
(2) Name of the Candidate: ANUJ SINGH

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal antecedents | | |
| | a. | Nature of offences | 341, 354 of IPC |
| | b. | Case no. | GR No 2533/2012 |
| | c. | Name of the court | JM (1st Class) Nawada |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | Yes |
| | e. | Date of conviction ,if any | NIL |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | NIL |
| | g. | Any other information required to be given | NIL |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidates (not more than 100 words) | | He is also a good social worker. He has been raising the voice of the weaker section since a very long time. He is a reputed educationist of his area. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | | There is a demand from the people of his constituency that he be selected as a candidate. |

# शिक्षा और वैचारिक चेतना से ही पूरा होगा जगदेव बाबू का सपना

## जिले के 30 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन, छह लाख रुपये आवंटित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर।** जगदेव विचार मंच के तत्वावधान में पटना रोड स्थित एक होटल के सभागार में बुधवार को जगदेव प्रसाद का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अनुमंडल अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अवकाश प्राप्त न्यायाधीश दामोदर प्रसाद, काराकाट सांसद राजाराम सिंह एवं गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया।

सांसद राजाराम सिंह ने महापुरुषों की वैचारिक विरासत को सहेजने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े सामाजिक बदलाव के लिए भगवान बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि नौकरियों में शोषित समाज को 90 प्रतिशत हक मिलना चाहिए था, लेकिन आज तक वह अधिकार पूरी तरह प्राप्त नहीं हो सका है। सामाजिक बराबरी और अधिकार के लिए वैचारिक जागरूकता जरूरी है। ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने कहा कि जगदेव प्रसाद केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक विचार थे। अब उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है और विकास की नई तस्वीर गढ़ी जा रही है। हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए कि बिहार आगे कैसे बढ़े, युवा कैसे आगे बढ़ें और बच्चे शिक्षित कैसे बनें। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम अपनी सोच में बदलाव लाएं। बिहार को जाति-पाति और धर्म से ऊपर उठाकर समरस समाज बनाने की जरूरत है। गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जगदेव बाबू एक विचारधारा थे। उन्होंने ऐसा समाज बनाने का सपना देखा था, जिसमें आदमी को आदमी से वैर न हो। उनका जो सपना अधूरा रह गया है, उसे मिलकर पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। अवकाश प्राप्त न्यायाधीश दामोदर प्रसाद ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ ही आसपास के बच्चों और जरूरतमंद लोगों को भी शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से समझ सकता है। जगदेव बाबू ने जिस सामाजिक बदलाव और समानता का सपना देखा था, उसे साकार करने के लिए नई पीढ़ी को शिक्षित और जागरूक बनाना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और उन्हें शिक्षा के साथ सामाजिक मूल्यों से जोड़ने की अपील की। डॉ. विकास कुमार ने कहा कि आगे से जगदेव प्रसाद के शहादत दिवस एवं उनसे जुड़े कार्यक्रमों की जो भी रूपरेखा तैयार की जाएगी, उसमें उनकी सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि जगदेव बाबू के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए सभी को मिलकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मौके पर पूर्व विधायक रवींद्र सिंह, अजय कुशवाहा, डॉ. विकास कुमार, विनोद कुमार सिंह, मोहन प्रसाद, शंभू भारती, अमन कुमार, चंद्रमा पासवान, संतोष कुमार, जितेंद्र कुशवाहा, विजय पासवान, ललन मेहता, पूर्व मुखिया हरिप्रसाद, अशोक मेहता, अजीत कुमार, राजेश्वर प्रसाद, राम प्रसाद मेहता, दिनेश कुशवाहा, रंजीत वर्मा, कपिल कुशवाहा, रामचंद्र पासवान, अजय कुमार, आरपी यादव, मेहता जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीमार पशुओं के इलाज के लिए गांव तक पहुंचे चिकित्सक

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला में पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य, समय पर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा पशुपालकों को उनके घर के समीप चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से 11 चलंत पशु चिकित्सा इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। इन चलंत पशु चिकित्सा इकाइयों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं आवश्यक पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिले में कुल 11 चलंत पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित होंगी। प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहेगी। दोपहर 01:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक सोमवार से शनिवार तक, निर्धारित स्थानों पर पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। आपातकालीन पशु चिकित्सा सेवा के लिए टोल-फ्री नंबर 1962 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में चलंत पशु चिकित्सा इकाइयों की सेवाओं का लाभ उठाएं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रोहतास-कैमूर के...

गया है। मुंगेर के तारापुर विधानसभा क्षेत्र में वंशीपुर से बिहमा तक करीब 7 किलोमीटर सड़क बनेगी। सड़क का निर्माण या पुनर्निर्माण किया जाएगा। यह सड़क धोबई, गोगाचक, रोलसीहा मंदिर और गोगनगंज होते हुए जाएगी। इसके लिए 115.90 करोड़ रुपये की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। सात निश्चय-2 के तहत मुंगेर में एक और सड़क का निर्माण होगा। रनगांव-भागलपुरा पथ से धौनी होते हुए बिराय तक सड़क बनाई जाएगी। इसके लिए 87.63 करोड़ रुपये की संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने पोषण कार्यक्रम के तहत खाद्य उत्पादों की आपूर्ति से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। बैठक में इसके अलावा अन्य विभागों के कई प्रस्तावों पर भी सहमति बनी है।

### बाढ़ प्रभावित परिवारों ...

मुख्यमंत्री ने पीएम श्री राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, बथना स्थित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल की तराई से पानी आने के कारण बाढ़ की विकट स्थिति उत्पन्न हुई है। कोसी एवं महानंदा नदी का सर्वे कराया जा रहा है ताकि बाढ़ की समस्या का समग्र अध्ययन कर स्थायी समाधान की दिशा में कार्य किया जा सके। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य करने के लिए हर स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं तथा अगले दो-तीन दिनों में पानी निकलने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रभावित आबादी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में सामुदायिक रसोई का नियमित संचालन किया जाए। बाढ़ प्रभावित परिवारों को चिन्हित कर दशहरा से पहले 7,000 रूपये प्रति परिवार की अनुग्रह सहायता राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को एसओपी के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद डा. संजय कुमार जायसवाल, सांसद सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### एनडीए की बैठक में ...

साथ लेकर चलना एनडीए की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी मजबूती के साथ एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। चुनाव को लेकर गठबंधन के भीतर कहीं कोई भ्रम या असमंजस नहीं है। सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता साझा रणनीति के तहत चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं। श्री सरावगी ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ने विकास, आधारभूत संरचना, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इन कार्यों और सरकार की उपलब्धियों को लेकर एनडीए के नेता और कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे तथा लोगों को सरकार के कार्यों की जानकारी देंगे। बैठक में मौजूद एनडीए के सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों एवं नेताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए विधान परिषद की सभी आठ सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत का दावा किया। नेताओं ने कहा कि सभी सहयोगी दल आपसी समन्वय के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे और संगठन के स्तर पर साझा प्रयासों के माध्यम से एनडीए के उम्मीदवारों के पक्ष में पूरी मजबूती से काम करेंगे।

## मुजफ्फरपुर में गंडक नदी का बांध टूटा, दर्जनों गांवों में घुसा बाढ़ का पानी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के गंडक नदी के बढ़े जलस्तर के बीच मुजफ्फरपुर में बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पारु प्रखंड के जयमल डुमरी इलाके में गंडक नदी का बांध टूट गया है। बांध टूटने के बाद तेजी से बाढ़ का पानी आसपास के गांवों में फैलने लगा है। कई गांवों में घरों और सड़कों पर पानी पहुंचने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय जानकारी के मुताबिक, बांध टूटने के बाद पारु प्रखंड के आसपास के दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए हैं। अचानक पानी फैलने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी का माहौल है। लोग जरूरी सामान लेकर अपने घरों से निकलकर ऊंचे और सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं।

## 200 विद्यार्थियों ने पेश किए स्टार्टअप आइडिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टार्टअप सेल द्वारा नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आइडिया बूट कैंप का आयोजन किया गया। बूट कैंप में महाविद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने नवीन एवं रचनात्मक विचारों को विशेषज्ञों एवं अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि, स्टार्टअप सेल के प्रभारी प्रो. आनंद राज, भरत भूषण शर्मा तथा स्टार्टअप समन्वयक आनंद कुमार सहित अन्य अतिथि एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा केवल रोजगार प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले उद्यमी भी बन सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने विचारों को समस्या की पहचान, समाधान, उत्पाद विकास, बाजार की आवश्यकता और व्यावसायिक मॉडल से जोड़कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रो. आनंद राज, संकाय प्रभारी, स्टार्टअप सेल ने विद्यार्थियों को नवाचार एवं उद्यमिता के अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी बड़े स्टार्टअप की शुरुआत एक छोटे से विचार से होती है। विद्यार्थियों को अपने विचारों को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें प्रोटोटाइप, उत्पाद और व्यवहारिक समाधान के रूप में विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। बूट कैंप के दौरान लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों का प्रस्तुतीकरण (पिचिंग) किया। विशेषज्ञों एवं मार्गदर्शकों ने विद्यार्थियों के विचारों पर संवाद करते हुए उन्हें समस्या की स्पष्ट पहचान, समाधान की उपयोगिता, तकनीकी व्यवहार्यता, संभावित बाजार, व्यवसाय मॉडल तथा आगे की कार्ययोजना के संबंध में सुझाव दिए। इस अवसर पर कन्हैया पांडेय, अरविंद कुमार, निकेश कुमार एवं अमित कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों एवं मार्गदर्शकों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उनके विचारों को आगे विकसित करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

## शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस

**दाउदनगर।** बिहार स्टेट टीचर एसोसिएशन गोप गुट के आह्वान पर शिक्षकों ने मंगलवार को सातवें वेतनमान की मांग को लेकर विशाल मशाल जुलूस निकाला। जुलूस डायट कॉलेज, तरार से शुरू होकर पैदल भखरुआं मोड़ पहुंचा। यहां शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने सातवां वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान संगठन की ओर से शिक्षकों से दो अक्टूबर को पटना में आयोजित आमरण अनशन में शामिल होने का आह्वान किया गया।

## सरस्वती विद्या निकेतन में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के सभी 11 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विद्यालयों में उपलब्ध आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, पठन-पाठन की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की भावी आवश्यकताओं को लेकर अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रशासन के बीच सार्थक और पारदर्शी संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए आदर्श विद्यालयों को गोद लेकर उनके शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास की निगरानी कर रहे सभी प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने प्रखंडों के आदर्श विद्यालयों का भ्रमण किया। इस दौरान टीमों ने छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं तथा अन्य उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का निरीक्षण किया और उनके प्रभावी उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही विद्यालयों की आवश्यकताओं, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपचारात्मक कक्षाओं, पाठ्यक्रम की प्रगति तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संबंध में शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन से जानकारी प्राप्त की गई। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी ने सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय, सतायन में आयोजित अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में स्वयं उपस्थित होकर विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उनकी रुचियों, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं अध्ययन संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि शिक्षा किसी भी परिवार, समाज, जिले और राष्ट्र के समग्र विकास की सबसे मजबूत आधारशिला है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ विवेक , अनुशासन , नैतिकता , संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी है।

## बिहार में मखाना उत्पादन व मूल्य संवर्धन की जिम्मेदारी बीएयू सबौर को मिली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार में मखाना उत्पादन, प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) और मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), सबौर को एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत सूक्ष्मस्तरीय मखाना प्रसंस्करण इकाइयां (माइक्रो-लेवल प्रोसेसिंग यूनिट्स) स्थापित करने के लिए बीएयू सबौर के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) का चयन किया गया है। इन प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से मखाना उत्पादक क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर ही मखाना के प्राथमिक प्रसंस्करण, ग्रेडिंग और वैल्यू एडिशन की आधुनिक सुविधाएं विकसित होंगी। इस महत्वाकांक्षी योजना से किसानों को केवल कच्चे मखाने (गुड़ी) के उत्पादन और औने-पौने दाम पर बिक्री तक सीमित रहने से निजात मिलेगी। अब किसानों को मखाना फोड़ने, गुणवत्ता सुधार, वैज्ञानिक ग्रेडिंग, आकर्षक पैकेजिंग और रोस्टेड व फ्लेवर्ड जैसे मूल्य वर्धित उत्पाद तैयार करने के व्यापक अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिए स्थानीय किसानों और ग्रामीण युवाओं को आधुनिक प्रसंस्करण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण व खाद्य स्वच्छता, पैकेजिंग व ब्रांडिंग, कृषि उद्यमिता और बाजार प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। 'मखाना बिहार की अनमोल कृषि धरोहर है। केवीके के माध्यम से सूक्ष्म प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था, मूल्य संवर्धन और ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार सृजन की दिशा में एक युगांतरकारी पहल साबित होगी। इससे किसानों को उनकी मेहनत का वास्तविक मूल्य सीधे बाजार से मिल सकेगा।' - डॉ. डी. आर. सिंह, कुलपति, बिहार कृषि विश्वविद्यालय (सबौर) यह पहल मखाना के 'फार्म टू मार्केट' वैल्यू चेन को मजबूत करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है. स्थानीय स्तर पर ही प्रोसेसिंग यूनिट उपलब्ध होने से न केवल उत्पादन का मूल्य कई गुना बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और मखाना आधारित स्थानीय कृषि स्टार्टअप्स को भी तेजी से बढ़ावा मिलेगा। यह प्रयास बिहार के मखाना को केवल एक पारंपरिक जलीय फसल से आगे बढ़ाकर एक उच्च मूल्य वाले कृषि व्यवसाय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ के रूप में स्थापित करेगा। मखाना बिहार की विशिष्ट जलज कृषि धरोहर है और राज्य पूरे देश में मखाना उत्पादन के मामले में निर्विवाद रूप से शीर्ष पर है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के आंकड़ों के अनुसार, देश के कुल मखाना उत्पादन में अकेले बिहार की हिस्सेदारी लगभग 85 से 90 प्रतिशत है।

## अपनी और समाज की आवाज बनकर आगे बढ़ने का करें प्रयास : अवधेश दीक्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**उदवंतनगर।** प्रखंड के चैराई स्थित नई आशा के श्रीराम शबरी सेंटर में आज माता शबरी खेल महोत्सव सीजन-5 को लेकर युवाओं की एक कार्यशाला हुई, जिसका विषय था खेल से शिक्षा की ओर.. मुख्य वक्ता पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपनी एवं समाज की आवाज बनिए, यही आवाज बाद में राष्ट्र की आवाज बन जाएगी। उन्होंने कहा कि जो अपने लिए आवाज बनता है, उसका स्वयं और समाज दोनों का विकास होता है। श्री दीक्षित ने करीब आधे घंटे के अपने संबोधन में युवा-युवतियों से संवाद करते हुए कहा कि एक दशरथ मांझी अपने दृढ़ निश्चय के बदौलत पहाड़ काटकर रास्ता बना दिए। उनके वर्षों का अथक प्रयास के कारण वह रास्ता आज न सिर्फ आमजन के लिए पहाड़ के रास्ते में एक मार्ग बना, बल्कि राष्ट्र के लिए दशरथ मांझी प्रेरणा का श्रोत बन गए। उन्होंने कहा कि आप लोग भी छोटे ही स्तर पर सही दशरथ मांझी का संकल्प दुहराने का शपथ लें। श्री दीक्षित ने कहा कि आप लोग अपने परिवार और टोला के बच्चों को विद्यालय से जोड़कर शिक्षा के लिए प्रेरित कीजिए। शिक्षा ही एकमात्र वह माध्यम है, जो मुख्यधारा में शामिल कर सके। समस्याएं सबके सामने हैं छोटी-छोटी या बड़ी समस्याएं सबके सामने हैं लेकिन उसका निदान के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संवाद करते हुए पढ़ाई के प्रति अनिक्षा का कारण पूछा। साथ ही कहा कि आपलोग पढ़ाई के साथ पार्ट टाईम जॉब करके भी परिवार को आगे बढ़ाईए। उन्होंने इस अभियान में हर संभव सहयोग करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन भरत कुमार ने किया। कार्यशाला में नई आशा के संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश, दीपक कुमार, मनीष वत्स, कुंदन सिंह, बीटू सिंह, विकास कुमार, गोलु कुमार, भानु कुमार, जयकिशन राम अमन बिहारी, जय प्रकाश दास, अमरजीत, रंजीत, सूर्य मणि विकास, अनंत, विनोद कुमार, छोटक राम, अनंत कुमार, कलक्टर राम, अरविंद कुमार, अविनाश एवं राहुल सहित जहानाबाद, नालंदा, बक्सर एवं रोहतास जिले के प्रतिनिधि शामिल थे।

## अध्यक्ष पद पर दोबारा चुने गए अनिल कुमार चौबे

### जगदीशपुर बार एसोसिएशन में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भोजपुर (जगदीशपुर)।** जगदीशपुर बार एसोसिएशन का चुनाव निर्वाची पदाधिकारी अधिवक्ता मुकुल विकास श्रीवास्तव के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया जिसमें उनके सहयोगी के रूप में अधिवक्ता एन एन मिश्रा, अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह के अलावा वृंदानंद सिंह, अधिवक्ता विनोद वर्मा के अलावा अन्य लोग शामिल रहेद्य वही अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर अधिवक्ता अनिल कुमार चौबे एवं अधिवक्ता जयकांत दुबे के बीच जोरदार मुकाबला रहा जिसमें अधिवक्ता अनिल कुमार चौबे दूसरी बार जयकंात दुबे को हराते हुए जीत दर्ज किए। इसके अलावे उपाध्यक्ष पद पर पहले से महिला प्रत्याशी निर्विरोध प्रियंका कुमारी रही उसके अलावा इस चुनाव के दौरान तीन लोगों के चुनाव के बीच दो प्रत्याशी विजय घोषित हुए जिसमें मारकंडेय सिंह एवं राकेश पाठक उपाध्यक्ष चुने गए वहीं महासचिव पद पर अश्विनी कुमार सिंह ने विंध्याचल पाठक एवं पंकज द्विवेदी को हराया। वहीं संयुक्त सचिव पद पर मनोज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन सिंह दोनों निर्विरोध निर्वाचित रहे। इसके अलावा 16 लोग निर्विरोध निर्वाचित रहे। इन सभी के जीतने पर लोगों ने बधाई दी और माला पहनकर अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। वही जीते हुए सभी उम्मीदवारों ने कहा कि हम जगदीशपुर के बार एसोसिएशन को एक अच्छा बार बनाएंगे। सबके सहयोग से विकास होगा द्य वही अध्यक्ष अनिल कुमार चौबे ने कहा कि इस बार सभी के लिए सभी कमरे में एसी लगवाया जाएगा और तो और सभी अधिवक्ताओं का ग्रुप इंसोरेंस कराया जाएगा।

## नवी मुंबई में 20 दिसंबर को जीकेसी का विराट राष्ट्रीय महाधिवेशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) का विराट राष्ट्रीय महाधिवेशन 20 दिसंबर 2026 को महाराष्ट्र के नवी मुंबई में आयोजित होगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी कायस्थ समाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी और विशिष्ट अतिथि प्रत्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। संगठन के अनुसार 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के इस आयोजन से जुड़ने की योजना है। महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। बैठक में आयोजन समिति के गठन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगठन विस्तार और डिजिटल सदस्यता अभियान सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि नवी मुंबई का महाधिवेशन समाज की एकता, सहभागिता और संगठनात्मक विस्तार को नई दिशा देने का अवसर होगा। महाधिवेशन करीब चार घंटे का होगा, जिसमें लगभग आधा समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कायस्थ समाज की गौरवशाली परंपराओं को समर्पित रहेगा। महाधिवेशन की तैयारियों के लिए महाराष्ट्र में विशेष आयोजन समिति गठित की गई है। राष्ट्रीय महासचिव नवीन कुमार को मुख्य प्रभारी बनाया गया है। वहीं प्रदेश संयोजक अनिल कुमार चंचल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कामता प्रसाद, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सिन्हा और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर ने बताया कि गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर से जीकेसी ऐप के माध्यम से डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान देश के सभी राज्यों और जिलों में चलाया जाएगा। प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने बताया कि नेपाल से आठ से दस सम्मानित अवार्डी एवं विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की योजना है।

## विक्रमशिला गंगा पुल पर आवागमन बंद, जलमार्ग बना वैकल्पिक साधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सीमांचल और अंग प्रदेश की जीवनरेखा कहे जाने वाले विक्रमशिला गंगा पुल पर बुधवार देर रात से सभी प्रकार का आवागमन बंद कर दिया गया। पुल की मरम्मत एवं पुर्नस्थापना कार्य के कारण अगले तीन महीने तक आवागमन बाधित रहेगा। इस दौरान जिला प्रशासन ने आम लोगों की सुविधा के लिए गंगा नदी के माध्यम से वैकल्पिक यातायात और फ़ेरी सेवा की व्यवस्था की है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पर्याप्त क्षमता वाले सुरक्षित जलयानों की व्यवस्था की गई है। बरारी घाट से पूर्व संचालित फ़ेरी सेवा को फिलहाल अनुमति नहीं दी गई है, क्योंकि वहां पुल निर्माण एजेंसी द्वारा स्थायी सुधार कार्य किया जाना है। घाट पर बड़ी मशीनरी, क्रेन और अन्य उपकरणों की मौजूदगी के कारण यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए फ़ेरी सेवा बगल के बियाडा घाट से संचालित होगी। बियाडा घाट से यात्री जलमार्ग के जरिए नवगछिया जा सकेंगे। वहीं, सबौर के बाबूपुर घाट से कार्गो जहाजों का परिचालन किया जाएगा। इसके माध्यम से छोटे-बड़े वाहनों को गंगा पार कराया जाएगा। फ़ेरी और कार्गो सेवा के लिए अलग-अलग घाट निर्धारित किए गए हैं, ताकि जलमार्ग पर भीड़ और अव्यवस्था की स्थिति न बने। यात्रियों की सुविधा के लिए घाटों पर मेडिकल कैंप, जीविका दीदी की रसोई, कंट्रोल रूम, प्रशासनिक पदाधिकारियों, आपदा मित्रों और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। वैकल्पिक मार्गों पर यातायात नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन की भी निगरानी होगी। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि घाटों और वैकल्पिक मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। यात्रियों की सहायता के लिए जिला आपातकालीन कंट्रोल रूम 24 घंटे कार्यरत रहेगा। इधर, भागलपुर और नवगछिया के व्यवसायियों ने त्योहारों के मद्देनजर पुल बंद किए जाने पर आपत्ति जताते हुए मरम्मत कार्य नवंबर के बाद कराने की मांग की थी। खगड़िया सांसद राजेश वर्मा ने भी व्यवसायियों की मांग का समर्थन किया है।

# सी.एम. साइंस कॉलेज में अंतराष्ट्रीय अनुवाद दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** सी.एम. साइंस कॉलेज के मानवीकी विभाग द्वारा 'अन्तरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस' के अवसर पर बुधवार को 'सरहदों के पार : वैश्विक एवं सांस्कृतिक सामय' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र ने की। अपने संबोधन में उन्होंने अनुवाद के प्रक्रिया की विस्तार से चर्चा करते कहा कि अनुवाद के लिए स्रोत एवं लक्ष्य भाषा के मर्म को ध्यान में रखते हुए इसके नेपथ्य में उन भाषाओं की संवेदना और सामाजिक संरचनाओं के प्रति सजग रहना आवश्यक है। जबकि अनुवाद कार्य में सांस्कृतिक सरोकारों को ध्यान में रखना भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह अनुवाद कौशल ही है, जिसके माध्यम से हम वैज्ञानिक एवं साहित्यिक उपलब्धियों को वैश्विक पटल पर स्थापित करने में समर्थ हो पाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव कुमार झा ने कहा कि अनुवाद और ट्रांसलेशन शब्द के अर्थ में पर्याप्त अन्तर है और अनुवादक को इस बात का सूक्ष्म ध्यान रखना आवश्यक है। अपने संबोधन में उन्होंने भारत और विश्व की ज्ञान परम्परा में अनुवाद के यथार्थ एवं सांस्कृतिक सन्दर्भों को रेखांकित करते हुए इस पर व्यापक प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के मैथिली विभाग के अध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र कुमार झा ने विभिन्न पाश्चीय विद्वानों के अनुवाद सम्बन्धी अवधारणाओं की सोदाहरण व्याख्या करते हुए अनुवाद के व्यावहारिक पक्षों पर विस्तृत चर्चा की। अनुवाद के मार्ग में अवरोध के व्यावहारिक पक्षों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने उसके निराकरण पर भी जीवंत विमर्श किया। कार्यक्रम का सम्यक संचालन अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ ऋचा कुमारी ने बखूबी किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ युगेश्वर साह ने किया। मौके पर डॉ यू. के. दास, डॉ सुजीत कुमार चौधरी, डॉ संतोष कुमार, डॉ बी. डी. त्रिपाठी, डॉ शाकिर अहमद, डॉ अनित कुमार, डॉ ए. हरिनाथ, डॉ पूजा अग्रहरि, डॉ वरुण कुमार प्रभात, डॉ खालिद अनवर, डॉ अभय सिंह, डॉ अवध बिहारी यादव, डॉ अभिषेक शेखर, डॉ पंकज कुमार चौधरी, डॉ ओसेद आलम, डॉ अंशु सिन्हा, डॉ निधि झा, डॉ सुषमा रानी, डॉ विनीता सिंह, डॉ पांशु प्रतीक, डॉ गौतम साह, डॉ रश्मि रेखा आदि शिक्षकों ने जहाँ अपनी सहभागिता से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ायी। वहीं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में डॉ प्रवीण कुमार झा, चेतकर झा, जय नारायण यादव, विकास कुमार, सुमित शर्मा, जरीना खातून, बलराम आदि ने अपने सहयोग व समर्पण से कार्यक्रम को सफल व सार्थक बनाया।

## 'नमो सेवा की अनकही कहानियां' नाट्य मंचन के माध्यम से 25 वर्षों की सेवा यात्रा होगी जीवंत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी, दरभंगा पश्चिम की ओर से सेवा, समर्पण और संघर्ष की 25 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा को नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करने के उद्देश्य से 'नमो सेवा की अनकही कहानियाँ' का भव्य नाट्य मंचन का आयोजन होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम 02 अक्टूबर 2026 को दोपहर 2 बजे से प्रेक्षागृह, लहेरियासराय मे आयोजित होगा। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा और समर्पण से जुड़ी उन प्रेरणादायी कहानियों को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा, जिन्होंने जनसेवा के संकल्प को व्यापक सामाजिक अभियान का स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पद निर्माण मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री ई. कुमार शैलेंद्र उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, पार्टी के विधायक एवं विधान पार्षद उपस्थित रहेंगे। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से सेवा, समर्पण और संघर्ष के 25 वर्षों की यात्रा को कलाकारों द्वारा प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों के लिए प्रेरणादायी और भावनात्मक अनुभव का अवसर होगा। कार्यक्रम के संयोजक अमरनाथ सिंह ने जिलेवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में सादर उपस्थित होकर नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से 'सेवा से संकल्प तक और संकल्प से परिवर्तन तक' की यात्रा को देखने, सुनने और महसूस करने का आह्वान किया।

## मटिहानी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार बेगूसराय द्वारा बुधवार को मटिहानी प्रखंड के जीविका कार्यालय महमद्पुर गौतम चौक, सफापुर पंचायत में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में सचिव-सह-अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्या ने राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, किशोर न्याय अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की चपेट में आए बच्चे अपराधी नहीं पीड़ित हैं, उन्हें सुधार और पुनर्वास के लिए सहायता दी जाती है। गरीबी और अपराध खत्म करने का सबसे प्रभावी माध्यम शिक्षा है, बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करें। पैनल अधिवक्ता सुबोध कुमार झा ने विधिक अधिकारों, हेल्थ मैनेजर प्रमोद कुमार ने नशे से स्वास्थ्य नुकसान, थानाध्यक्ष ने कानून-व्यवस्था में सहयोग पर बताया।

## शॉर्ट सर्किट से जेवर दुकान में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप मंगलवार की शाम करीब सात बजे शॉर्ट सर्किट से संजय ज्वेलर्स दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान से धुआं निकलने के बाद देखते ही देखते आग की तेज लपटें उठने लगीं। इससे बाजार में अफरातफरी मच गई।आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। ग्रामीणों और अग्निशमन कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास की अन्य दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया।अगलगी में दुकान का फर्नीचर, टीवी, सीसीटीवी कैमरा, खाता-बही, नकदी सहित करीब 250 ग्राम चांदी और अन्य सामान जलकर राख हो गया। दुकान के प्रोपराइटर संजय स्वर्णकार ने बताया कि आग से करीब ढाई लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना नावकोठी पुलिस को दी गई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## शिक्षक-अभिभावक मिलकर बदलेंगे शिक्षा की तस्वीर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** बनवारीपुर स्थित नव स्थापित सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय (राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालय) में बुधवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर जोर दिया गया। संगोष्ठी में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि शिक्षक और अभिभावक यदि अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं तो शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर बदल सकती है।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम, अंचलाधिकारी रानू कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी भगवानपुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम, बिहार गीत और स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। संचालन शिक्षक धर्मदेव पासवान ने किया। संगोष्ठी में डीएम ने अभिभावकों से विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर सीधे सुझाव लिए। अभिभावकों ने विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालय की स्वच्छता, समय पर कक्षाओं के संचालन और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति का मुद्दा उठाया। अभिभावकों के सुझावों पर डीएम ने कहा कि सरस्वती मॉडल विद्यालय को धरातल पर उतारना सरकार के स्पष्ट उद्देश्यों में शामिल है। विद्यालय के बेहतर संचालन के लिए सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। डीएम ने कहा कि इस विद्यालय से इस वर्ष तीन छात्र बिहार टाप में स्थान बनाने में सफल रहे हैं। इससे विद्यालय के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। आने वाले समय में मॉडल स्कूल होने के कारण यहां बच्चों का नामांकन कराने की होड़ लग सकती है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन कराने के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं और पढ़ाई पर ध्यान दें। कुछ विद्यार्थी ऐसे होते हैं, जो नामांकन कराने के बाद विद्यालय नहीं आते और पढ़ाई के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते। ऐसे विद्यार्थियों से विद्यालय की छवि प्रभावित होती है। इसलिए पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय में नामांकन के लिए प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मौके पर बीस सूत्री के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, नंदलाल चौरसिया, बालेश्वर महतो, विद्यालय के बड़ा बाबू राम सुदीन महतो सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व भाकपा विधायक शिवदानी बाबू का निधन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक,पूर्व प्रमुख पूर्व मुखिया एवं भाकपा के कद्दावर नेता वीरपुर निवासी शिवदानी प्रसाद सिंह का निधन मंगलवार को देर शाम अपने पैतृक निवास स्थान पर हो गया। वह करीब 95 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली जिससे वीरपुर प्रखंड क्षेत्र सहित संपूर्ण जिले में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोगों का यह कहना था कि शिवदानी बाबू ने हमेशा गरीबों का मसीहा बनकर समाज,पंचायत प्रखंड और विधानसभा का नेतृत्व किया। उन्होंने गरीबों,वंचितों,पीड़ितों व शोषितों वर्गों के लिए खूब काम किया।उन्होंने क्षेत्र में बेहतर नेतृत्व के लिए और कम्युनिस्ट पार्टी के आंदोलन में अपनी जमीन बेचकर लड़ाई लड़ी। उन्होंने सर्वप्रथम कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम मिश्र और चंद्रशेखर सिंह की अगुवाई में वर्ष 1967 में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।जो आजीवन पार्टी के वफादार नेता बनकर नेतृत्व किया।वे 20 वर्षो तक लगातार मुखिया रहे। उनके निधन की सूचना पाकर पूर्व विधायक अवधेश राय,राम रतन राय, अंचल मंत्री, मनोज कुमार यादव,प्रह्लाद सिंह, दिनेश सिंह, जुलुम सिंह सहित सैकड़ों पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पैतृक घर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर पार्टी के स्थानीय अंचल कार्यालय में अंचल मंत्री राम की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर उनके आत्मा की शांति हेतु मौन धारण कर, पार्टी का झंडा झुकाया गया।पार्टी के नेताओं ने बताया कि पार्टी के तरफ से अंतिम शवयात्रा निकाली जाएगी।जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से भारी संख्या में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की टीम शामिल होगी।

## भारत के प्राचीन इतिहास का अध्ययन करती है प्राच्यविद्या : प्रो. कृष्णकांत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** प्राच्य विद्या के आलोक में भारतीय राजनीति को समझना केवल समकालीन घटनाक्रमों का विश्लेषण नहीं है, बल्कि यह भारत की उस सहस्राब्दियों पुरानी राजनीतिक चेतना को खंगालना है जो आज भी देश के लोकतांत्रिक ढांचे और जनमानस को संचालित करती है। प्राच्य विद्या जो भारत के प्राचीन ग्रंथों, दर्शन, संस्कृति और इतिहास का वैज्ञानिक अध्ययन करती है, हमें यह समझने का दृष्टिकोण देती है कि आधुनिक भारतीय राजनीति की जड़ें कितनी गहरी हैं। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ कृष्णकांत झा ने 'प्राच्य विद्या के आलोक मे भारतीय राजनीति' विषयक एक दिवसीय सेमिनार को सम्बोधित करते हुए वतौर मुख्य वक्ता कही। ल.ना.मि.वि. के पीजी राजनीतिशास्त्र विभाग एवं डॉ प्रभात दास फाउंडेशन, दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डॉ झा ने कहा कि प्राचीन भारतीय राजनीतिक दर्शन में राजत्व, न्याय प्रशासन और शासन व्यवस्था से संबंधित मूलभूत सिद्धांतों का अध्ययन करता है, जिसमें बृहस्पति के लेखन, कौटिल्य के अर्थशास्त्र, वाल्मीकि रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों जैसे प्राथमिक स्रोतों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह शासकों के अधिकार और राज्य के कार्यों के अंतर्निहित नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक आयामों की पड़ताल करता है, जिससे कानून, नैतिकता और शासक के कर्तव्यों पर सूक्ष्म दृष्टिकोण सामने आते हैं, जिन्होंने प्राचीन भारतीय शासन व्यवस्था के बौद्धिक परिदृश्य को आकार दिया। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि प्राच्य विद्या के आलोक में यह स्पष्ट होता है कि भारतीय राजनीति अपने मूल स्वभाव में 'अध्यात्म और व्यावहारिकता' का अनूठा मिश्रण है। विषय प्रवेश करते हुए पूर्व विभगाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव ने कहा कि प्राचीन भारतीय चिंतन में पश्चिम की तरह 'राजनीति' को केवल सत्ता संघर्ष के रूप में नहीं, बल्कि 'राजधर्म' के रूप में देखा गया। आगत अतिथियों का स्वागत फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार ने किया। मौके पर डॉ रघुवीर कुमार रंजन, डॉ नीतू कुमारी आदि मौजूद थे। मंच संचालन शोधार्थी नितीश कुमार ने किया।

## जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ

### कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को गांधी स्टेडियम, खेल भवन-सह-व्यायामशाला, इंडोर स्टेडियम, कल्याण केंद्र बरौनी और बीपी +2 स्कूल में हुआ।प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, भारोत्तोलन, शतरंज, कुश्ती, कराटे, वुशू, बॉक्सिंग और हॉकी का आयोजन हुआ। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया।जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि अब कहावत बदल गई है, खेल से भी सम्मान और लक्ष्य प्राप्त हो रहा है। बिहार के बच्चों में अपार संभावनाएं हैं। इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन में बालिका अंडर-14 में काव्या राय, अमाइरा सिंह, लक्ष्मी, निशु, अंडर-17 में उदिता, पूजा, गौरी, शिवानी और अंडर-19 में रानी, नन्ही प्रिया, लक्ष्मी कुमारी का चयन हुआ। बालक वर्ग में आदित्य जैन, सक्षम सिंह, नवनीत सहित कई खिलाड़ी चयनित हुए। बीपी स्कूल में हॉकी में बालिका अंडर-19 में रिमझिम, काजल, पूनम सहित 18 खिलाड़ी चयनित हुईं। कल्याण केंद्र बरौनी में बास्केटबॉल, खेल भवन में शतरंज, वुशू, बॉक्सिंग, कराटे, भारोत्तोलन, कुश्ती हुई। कुश्ती में आयुष, सुमित, सत्यम सहित, बॉक्सिंग में साक्षी, अभिलाषा, शिवानी, प्रियांशु, अब्दुश शमद सहित, भारोत्तोलन में दिपाली, सोनाली, शिवम, प्रियांशु, प्रेम, सोनू सहित कई ने स्वर्ण जीता।

### 18 प्रखंडों और नगर निकायों में शिविर आयोजित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत बुधवार को जिले के सभी 18 प्रखंडों, ग्राम पंचायतों, नगर निगम और सभी नगर निकायों में सफाई मित्र सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच और उन्हें सामाजिक सुरक्षा व जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी ने बरौनी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर ने नगर निगम, डीआरडीए निदेशक ने खोदावंदपुर और जिला समन्वयक ने नीमा पंचायत के शिविर का निरीक्षण किया। सभी प्रखंडों में वरीय प्रभारियों ने अनुश्रवण किया।शिविर में स्वच्छता कर्मियों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श, विभिन्न विभागों के स्टॉल और सहायता काउंटर लगाए गए। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ समाज निर्माण में सफाई मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान लक्ष्य के करीब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग के 'जांच एवं उपचार-चिकित्सा आपके द्वार' अभियान में अब तक 6,35,936 लोगों की स्क्रीनिंग की गई है, जो लक्ष्य का लगभग 83 प्रतिशत है। साथ ही एनीमिया, आयुष्मान कार्ड, ओरल, ब्रेस्ट, सर्वाइकल कैंसर, फैटी लिवर और एग्ध्क की भी स्क्रीनिंग हो रही है। प्रखंडवार समीक्षा में मंसूरचक ने सर्वाधिक उपलब्धि हासिल की है, जबकि सदर, शाम्हो और बछवाड़ा में उपलब्धि 85 प्रतिशत से कम है। इन प्रखंडों को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। अभियान में अब तक 6,000 लोगों की डाइट स्क्रीनिंग हुई, जिनमें 1,500 हाई-रिस्क जोन में मिले। 6,33,773 लोगों की हाइपरटेंशन और डायबिटीज जांच में 27,549 उच्च रक्तचाप और 25,188 डायबिटीज से ग्रसित मिले, 5 लोग ओरल कैंसर के संदिग्ध पाए गए। सभी को उपचार और फॉलोअप से जोड़ा जा रहा है। नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय सिंह, नसीम राजी और आयुष्मान प्रभात कुमार द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी रिची पांडेय अभियान की प्रगति का अनुश्रवण कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 102 सफाई मित्रों की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़पुरा (बेगूसराय)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड सभागार गढ़पुरा में सफाई मित्रों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ अखिलेश्वर कुमार और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामप्रीत राम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में सफाई मित्रों का ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हीमोग्लोबिन, हेपेटाइटिस-बी और एचआईवी समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा नेत्र जांच तथा टीबी की रोकथाम और स्क्रीनिंग के लिए चेस्ट एक्स-रे भी कराया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि कुल



102 लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के बाद जरूरत के अनुसार लाभार्थियों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड भी बनाया गया। इस कार्य में डाटा एंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार ने सहयोग किया। मौके पर सीएचओ मोहम्मद अरबाज, ममता कुमारी, एएनएम सोना राज और करिश्मा कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## बुनियादी साक्षरता को लेकर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड अंतर्गत बीआरसी में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टीएआरएल आधारित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में प्रशिक्षक शुभम कुमार, अभिलाष कुमार, अमन कुमार एवं मुकेश कुमार ने शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों और शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षक शुभम कुमार ने बताया कि विद्यालय में शुरुआती दो घंटे भाषा एवं गणित की कक्षा पर विशेष रूप से केंद्रित रहेंगे। इससे बच्चों में बुनियादी साक्षरता, भाषा ज्ञान एवं संख्यात्मक दक्षता विकसित करने में काफी मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कक्षा शिक्षण को गतिविधि आधारित एवं बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित किया जाना है। कार्यशाला में प्रथम संस्था द्वारा तैयार पोर्टल की भी जानकारी शिक्षकों को दी गई। पोर्टल पर विद्यालय की प्रोफाइल अपलोड करने के साथ-साथ ग्रेडवार एवं वर्गवार बच्चों का आंकड़ा भी अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई।कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने एफएलएन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव भी साझा किए। मौके पर रामसुजान सिंह, शंभू महतो, अमन कुमार, रूपेश कुमार, शिवानी टंडन, खुशबू रानी सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सम्मान शिविर का आयोजन

### सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनीगाछी (दरभंगा)।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत मनीगाछी प्रखंड के प्रखंड सभागार में बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया एवं सभी ने अपने-अपने पंचायत स्थल परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेजा आलम, प्रखंड समन्वयक (स्वच्छता) भूषण कुमार, पीएचसी की मेडिकल टीम, सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक - गौरव कुमार, राशिद अमीम, शशिकला कुमारी, बेचन कुमार सदाय, आशीष कुमार, शैलेन्द्र कुमार, तारा खा, राम लाल महतो एवं प्रखंड के सभी वार्ड स्वच्छता कर्मी व ई-रिक्शा कर्मी उपस्थित थे।

### बेगूसराय स्टेशन पर चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को बेगूसराय रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे और माया कौशल्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नेतृत्व फाउंडेशन के सचिव रौशन कुमार ने किया।कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक न उपयोग करने, कचरा डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक मुक्त परिसर और पौधारोपण का आह्वान किया गया। 'स्वच्छ रेल-सुंदर रेल' नारों से जागरूक किया गया।सीए प्रदीप भारद्वाज और अमन जायसवाल ने कहा कि स्टेशन को स्वच्छ रखना सभी का कर्तव्य है। मौके पर स्टेशन प्रबंधक मलयज कुमार मलयानिल, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** जिला पदाधिकारी कौशल कुमार के निर्देशानुसार जिले में मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, दरभंगा द्वारा जप्त अवैध शराब का विधिवत विनष्टीकरण किया गया। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई 30 सितम्बर 2026 को मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, दरभंगा परिसर में निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि विनष्टीकरण के दौरान कुल 6619.735 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया, जिसमें देशी/चुलाई शराब 501.200 लीटर, विदेशी शराब 6,098.035 लीटर, बीयर 20.500 लीटर शामिल है। श्री कुमार ने बताया कि विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया अपर अनुमंडल पदाधिकारी सदर, दरभंगा सोनल कुमार महतो तथा सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार की उपस्थिति में विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराई गई। उन्होंने कहा कि नष्ट की गई अवैध विदेशी, बीयर एवं देशी/चुलाई शराब का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 75 लाख रुपयेहै। यह कार्रवाई राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### टीएआरएल को लेकर प्रधानाध्यापकों की कार्यशाला

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर के बाइट भवन में प्रखंड के प्रारंभिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों का टी ए आर एल को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला बुधवार को आयोजित हुई। प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालय में क्लास 4 से 8 तक पढ़ने वाले कमजोर बच्चों की जांच कर उन्हें दक्ष बनाना है। मास्टर ट्रेनर संदीप कुमार,सौरभ सुमन,कुमारी अनुपम व प्रवीण कुमार सिंह ने टी ए आर एल का उद्देश्य, असर टेस्टिंग टूल्स के माध्यम से बेस लाइन टेस्ट, शिक्षकों के चयन व डाटा ऑनलाइन करने की विधि के बारे में विस्तार से बताया।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना के कचहरी रोड में मारपीट पीट-पीटकर युवक की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान जितेंद्र प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार की रात करीब 10 बजे विकास मदनपुर बाजार से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले दिलीप कुमार वर्मा ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे पकड़ अपने घर के अंदर ले गए। मृतक के भाई प्रवीण कुमार के अनुसार घर के अंदर विकास के साथ बेरहमी से मारपीट की गई जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलने के बाद वे अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घर के अंदर जाने की कोशिश की लेकिन आरोपियों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और परिजनों की मदद से घायल विकास कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में पांच आरोपितों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि विकास को घर के अंदर क्यों ले जाया गया और उसके साथ मारपीट की पूरी घटना में कौन-कौन लोग शामिल थे।

# बैंक से रुपये निकाल गिनती कर रही महिला से 20 हजार की छिनतई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में दिनदहाड़े लूट का मामला सामने आया है। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के थाना रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक की है। महिला ने 50 हजार रुपये निकालकर गिन रही एक महिला से अज्ञात बदमाश ने 20 हजार छिनकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाया, लेकिन तब तक वह मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में महुआवां पंचायत के जमुआईन गांव निवासी सुबोध पाल की पत्नी चंद्रावती देवी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वरीय महिला पुलिस अधिकारी पुष्पा कुमारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# एनटीपीसी ने 17 पंचायतों में लगायी स्ट्रीट लाइटें

**सीएसआर के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था | सुरक्षित आवागमन और स्वच्छ ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एनटीपीसी नबीनगर ने महत्वपूर्ण पहल की है। सामुदायिक विकास योजना के तहत नबीनगर एवं बारून प्रखंड की कुल 17 पंचायतों में 419 सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई है। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने के साथ लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। एनटीपीसी नबीनगर की इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, सार्वजनिक स्थानों पर रोशनी उपलब्ध कराना तथा नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। परियोजना के तहत स्थापित सभी सौर स्ट्रीट लाइटें 40 वाट क्षमता की है और पूरी तरह स्वच्छ एवं नवीकरणीय सौर ऊर्जा से संचालित होती हैं। इस पहल से पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। सौर ऊर्जा आधारित प्रकाश व्यवस्था पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नबीनगर इससे पहले भी अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के तहत आसपास के गांवों में सौर स्ट्रीट लाइटें स्थापित कर चुकी है। विद्युत उत्पादन के साथ-साथ कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों और सामुदायिक विकास नीति के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, कौशल विकास एवं आजीविका प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में भी एनटीपीसी स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना इसी सामाजिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# होटल में दुष्कर्म करने के साथ अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र की 23 वर्षीय युवती ने अपने ही ममेरे भाई समेत छह लोगों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, मानसिक प्रताड़ना, अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज में बताया कि वह वर्ष 2023 में गया के एपी कॉलोनी स्थित कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रही थी। 21 फरवरी 2023 को उसका ममेरा भाई उसे मानपुर के एक होटल में ले गया। होटल के कमरे में ले जाकर उसके हाथ-मुंह बांधकर जबरन दुष्कर्म किया और घटना का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। युवती ने आरोप लगाया कि मार्च-अप्रैल 2026 के बीच उसे फोटो-वीडियो डिलीट कराने के बहाने दोबारा होटल बुलाया जहां इसतखार ने कथित तौर पर फिर जबरदस्ती की। 15 अगस्त 2026 को उसके भाई और कुछ लोग आरोपित के घर पहुंचे और परिवार ने घटना को लेकर बातचीत की। इस दौरान कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उसकी अश्लील व संपादित तस्वीरें तथा चैट के वीडियो-फोटो फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया गया है। वहीं अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# विकसित भारत की कल्पना को बच्चों ने रंगों और शब्दों में उकेरा

**विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 में देश कैसा होगा, इस कल्पना को दाउदनगर के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता, विचारों और प्रतिभा के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विभिन्न विद्यालय परिसरों में बुधवार को 'विकसित भारत' विषय पर एक दिवसीय डिबेट, पेंटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आत्मनिर्भर, डिजिटल, स्वच्छ, हरित और समृद्ध भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की। विद्या निकेतन, शुक बाजार, किड्ज वर्ल्ड भखरुआ मोड़, संस्कार विद्या नवरतन चक एवं किड्ज वर्ल्ड बाजार ब्रांच में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना और विकसित भारत के संकल्प से उन्हें जोड़ना था। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के 'सेवा ही संकल्प अभियान' के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता, सीईओ आनंद प्रकाश, डिप्टी सीईओ विद्यासागर, टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश एवं प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा तब आज के विद्यार्थी ही देश की जिम्मेदारी संभाल रहे होंगे। विकसित भारत का अर्थ केवल बड़ी इमारतें और आधुनिक तकनीक नहीं बल्कि ऐसा देश है जहां प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मिले, गांव स्वच्छ हों और हर व्यक्ति को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि समृद्ध भारत, सशक्त भारत, स्वच्छ एवं हरित भारत, तकनीक में अग्रणी भारत और विश्व में भारत की पहचान विकसित राष्ट्र के पांच प्रमुख स्तंभ हैं। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को आज से ही अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सजग होना होगा। कक्षा छह से दस तक के विद्यार्थियों के बीच '2047 का भारत : मेरी कल्पना' विषय पर डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भरता, महिला सुरक्षा, आधुनिक कृषि, डिजिटल शिक्षा और तकनीकी विकास जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। डिप्टी सीईओ विद्यासागर सहित शिक्षकों एवं निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, तार्किक क्षमता और विषय की समझ की सराहना की। सभी विजेताओं को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मेडल, प्रमाणपत्र एवं पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशासक संदीप कुमार ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य ने किया। समापन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों ने 'हम होंगे कामयाब, विकसित भारत बनाएंगे' के संकल्प के साथ राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, अभिभावक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पेट्रोल डालकर पिता और ममेरी बहन को जिंदा जलाने वाला आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पारिवारिक विवाद में अपने पिता और ममेरी बहन की हत्या करने के आरोपित को कासमा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अभियुक्त ने सो रहे अपने पिता और दो ममेरी बहनों को पेट्रोल डालकर जला दिया जिसमें पिता और एक ममेरी बहन की मौत हो गई जबकि एक अन्य अस्पताल में इलाजरत है। पकड़े गए आरोपित की पहचान मियां बिगहा निवासी स्व. मो. सलीम के पुत्र मो. इस्तेखार के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 25 सितंबर की रात्रि में कासमा थानाध्यक्ष रुपेश कुमार को सूचना मिली थी कि मियां बिगहा के एक घर में आग लगी है। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने तीन जख्मियों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रफीगंज भेजा। इस संदर्भ में जख्मी व्यक्ति के फ़र्दबयान के आधार पर कासमा थाना में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में यह बात प्रकाश में आई कि पारिवारिक विवाद को लेकर मो. इस्तेखार ने ही अपने स्व. पिता मो. सलीम एवं ममेरी बहन के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया गया था। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# सेवानिवृति पर सहायक प्रशासी पदाधिकारी को मिला सेवांत लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में कोषागार कार्यालय के सहायक प्रशासी पदाधिकारी लालेंद्र प्रसाद बैठा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा लालेंद्र प्रसाद बैठा को उनकी सेवानिवृत्ति उपरांत देय सेवांत लाभ एवं पावनाओं से संबंधित भुगतान पत्र सस्सम्मान प्रदान किया गया। इसमें पेंशन, ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश सहित अन्य देय सेवांत लाभ शामिल है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर ही संबंधित कर्मी को उनके देय सेवांत लाभों का भुगतान सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने लालेंद्र प्रसाद बैठा द्वारा अपने दीर्घ सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यों, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवकों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर उनके सभी देय सेवांत लाभों का समय पर एवं त्वरित भुगतान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जिलाधिकारी ने लालेंद्र प्रसाद बैठा को सेवानिवृत्ति के उपरांत जीवन के नए चरण के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर स्थापना उप समाहर्ता सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी इश्तेख़ार अहमद, वरीय कोषागार पदाधिकारी महेथ स्वरूप एवं कोषागार कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा लालेंद्र प्रसाद बैठा को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की मंगलकामना की गई।

# मारपीट मामले में दोषी तीन अभियुक्तों को सश्रम कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने मुफस्सिल थाना में दर्ज एक मामले में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को सज़ा सुनाई है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि अभियुक्तों को 22 सितंबर को दोषी ठहराने के बाद बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। बुधवार को सज़ा की बिंदु पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि पहला अपराध और पारिवारिक दायित्व के कारण कम से कम सज़ा सुनाई जाए। लोक अभियोजक ने आरोप सिद्धि के आधार पर सज़ा की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने फ़ेसर थाना क्षेत्र के परसी गांव निवासी मुख्य अभियुक्त मारछु यादव को भारदीय धारा 307 में तीन साल की सजा और बीस हजार रुपए, भारदीय धारा-324 में एक साल की सजा और दस हजार रुपए और धारा-341 में एक माह की सजा और 500 रूपये का जुर्माना लगाया है। वहीं अभियुक्त प्रमोद यादव और सुरेश यादव को भारदीय धारा-324 में एक साल की सजा और 10 हजार रुपए और धारा-341 में एक माह की सजा और 500 रुपए का जुर्माना लगाया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अधिवक्ता ने बताया कि अभियोजन की ओर से छह गवाही हुई थी। प्राथमिकी सूचक थाना क्षेत्र के बासेखाप ढिबरा गांव निवासी कामता प्रसाद सिंह ने 28 नवंबर 2011 को अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# उत्तर कोयल नहर से अधेड़ का शव बरामद

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** अंबा थाना क्षेत्र के बरियावां गांव के समीप उत्तर कोयल नहर के गेट नंबर 211 से बुधवार की शाम 43 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान सिमरा थाना क्षेत्र के बैरांव गांव निवासी लालदेव प्रजापति के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। अंबा थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि लालदेव प्रजापति मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। वह मंगलवार को अपने घर से अचानक गायब हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दाउदनगर में जिउतिया महोत्सव कल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दो अक्टूबर को नगर परिषद, दाउदनगर कार्यालय परिसर में जिउतिया महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिउतिया महोत्सव लोक उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा एवं लोक कला को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्य कलाकार के रूप में डिंपल भूमि की प्रस्तुति रहेगी। उनके द्वारा लोक संस्कृति एवं लोक संगीत से जुड़ी मनमोहक प्रस्तुतियां दी जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से जिले में कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों एवं लोक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बारूण थाना क्षेत्र स्थित बरुआ पुल के समीप तेज रफ्तार और अनियंत्रित अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के आजाद बिगहा गांव निवासी शिवपूजन पासवान के पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बरुआ पुल के पास शव रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

# विभिन्न मामले में 60 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 60 लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म में चार, हत्या के शीर्ष में एक, हत्या के प्रयास में चार, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं 567.50 लीटर देसी शराब, छह लीटर विदेशी शराब, एक बाइक, एक कार एवं 28700 नकद रूपये बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1160 वाहनों से 60 हजार रूपये की वसूली की गई। इसके अलावा 3500 लीटर महुआ घोल को विनष्ट करने के साथ पांच भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।







# लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल में साहित्य संगम समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** साहित्य केवल भाषा और शब्दों का ज्ञान नहीं बल्कि संस्कार, विचार और व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। साहित्य के साथ संस्कारों का समन्वय ही नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान कर सकता है। यह बातें लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन स्कूल, भरुब में आयोजित साहित्य संगम समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सर्वेश कुमार ने कहीं। श्री कुमार ने कहा कि वर्तमान युग में साहित्य और संस्कारों के माध्यम से नई पीढ़ी को सही दिशा देने की आवश्यकता है। साहित्य विद्यार्थियों को केवल भाषा का ज्ञान नहीं देता बल्कि उनके विचार, व्यवहार और व्यक्तित्व को भी समृद्ध करता है। उन्होंने कहा कि 'साहित्य संगम' जैसे आयोजन बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के साथ उनमें नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। इसके पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के स्वागत तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को साहित्यिक और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विभिन्न नेतृत्व पदों पर चयनित 16 विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों को स्कूल कैप्टन, अनुशासन, खेल, अंग्रेजी, पर्यावरण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रार्थना सभा जैसी जिम्मेदारियां सौंपी गई। सम्मानित विद्यार्थियों में शामिल अनुष्का कुमारी (कक्षा आठ) गर्ल्स स्कूल कैप्टन, धीरज कुमार (कक्षा आठ) बॉयज स्कूल कैप्टन, रिया गुप्ता (कक्षा आठ) गर्ल्स वाइस स्कूल कैप्टन तथा आर्यन प्रकाश (कक्षा सात) बॉयज वाइस स्कूल कैप्टन बनाए गए। इसी प्रकार हिमांशु कुमार एवं अदिति कुमारी को डिसिप्लिन कैप्टन, अमन कुमार एवं अंजलि पांडेय को स्पोर्ट्स कैप्टन, संस्कृति कुमारी एवं जुजैल इमाम को इंग्लिश कैप्टन की जिम्मेदारी दी गई। आदित्य एवं सना परवीन को इको-क्लब कैप्टन, सुप्रिया कुमारी एवं रिशु कुमार को कल्चरल कैप्टन तथा मरियम एवं सूरज कुमार को क्रमशः गर्ल्स और बॉयज असेंबली कैप्टन के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों को नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपने का उद्देश्य उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाचार्य अमित कुमार सोनी, उपप्रधानाचार्य रौशन कुमार झा, प्रशासक इंद्र कुमार सिंह, बाबलू कुमार, प्रभारी पंकज कुमार, अशोक सिंह एवं शुभम कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।